राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

सफलता का 5वां वर्ष

जागरण मोर्चा

जागरण मोर्चा अब बरेली मुरादाबाद मंडल में मात्र 5/- में

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद में प्रसारित www.jagranmorcha.com जन-जन की आवाज

लखनऊ वर्ष : 05 अंक : 36 गुरूवार 19 मार्च 2026 चैत्र शुक्ल प्रतिपदा विक्रम संवत 2083 पृष्ठ : 12 मूल्य : 05 रूपया

योगी सरकार के नौ साल

सीएम बोले- हमने पीएम मोदी को 28 मार्च को जेवर एयरपोर्ट का उद्घाटन करने का न्योता भेजा है

एजेंसी समाचार

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि यूपी में बीते नौ साल में भाजपा सरकार होने का परिणाम यह है कि देश का सबसे बड़ा रेलवे नेटवर्क यूपी के पास है। प्रदेश के सर्वाधिक सात शहरों में मेट्रो का संचालन हो रहा है। लखनऊ, कानपुर, आगरा, गाजियाबाद, नोएडा, ग्रेटर नोएडा और अभी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मेरठ में मेट्रो सेवा का शुभारंभ किया। देश की पहली रैपिड रेल दिल्ली और मेरठ के बीच प्रारंभ हो चुकी है। देश का पहला रोपवे वाराणसी में बन रहा है और देश का पहला इनलैंड वाटर वे वाराणसी से हल्दिया के बीच उत्तर प्रदेश में बना है। एयर कनेक्टिविटी के लिए उत्तर प्रदेश में 16 डोमेस्टिक एयरपोर्ट और चार इंटरनेशनल एयरपोर्ट का संचालन हो रहा है। वहीं, हमने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को 28 मार्च को देश के सबसे बड़े जेवर एयरपोर्ट का उद्घाटन करने का न्योता भेज दिया है। मतलब 2017 के पहले जिस प्रदेश की पहचान दंगों और खराब कानून व्यवस्था से होती थी उसकी पहचान आज विकास, सुशासन और इंफ्रास्ट्रक्चर से हो रही है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ प्रदेश में भाजपा सरकार के नौ साल पूरे होने पर लोकभवन में आयोजित कार्यक्रम में बोल रहे थे।



मुख्यमंत्री योगी ने उत्तर प्रदेश में अभूतपूर्व विकास और सतत समृद्धि के 9 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर बुधवार को लोक भवन में आयोजित कार्यक्रम में ह्लनव निर्माण के 9 वर्षह्व पुस्तक का विमोचन किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन व उनकी विजनरी नेतृत्व क्षमता के तहत बीते 9 वर्षों में उत्तर प्रदेश में जो परिवर्तन हुआ है, वह डबल इंजन सरकार की नीतियों, पार्टी कार्यकताओं के अथक परिश्रम, जनप्रतिनिधियों की सेवा भावना और जनता जनार्दन के सहयोग का परिणाम है। मुख्यमंत्री ने प्रदेश की जनता को इन 9 वर्षों की उपलब्धियों के लिए हृदय से बधाई देते हुए कहा कि यह परिवर्तन 25 करोड़ प्रदेशवासियों की सामूहिक शक्ति का प्रतीक है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि इन 9 वर्षों की यात्रा को समझने के लिए यह जानना आवश्यक है कि 2017 से पहले प्रदेश की स्थिति क्या थी। उत्तर प्रदेश जैसे असीम संभावनाओं वाले राज्य को पहचान के संकट का सामना करना पड़ रहा था। दुनिया की सबसे उर्वर भूमि और प्रचुर जल संसाधनों के बावजूद किसान आत्महत्या के लिए मजबूर था। प्रदेश का कारीगर, जो अपनी कला के लिए प्रसिद्ध था, वह उद्यमी बनने के बजाय श्रमिक बनकर पलायन करने को विवश था। युवाओं के सामने पहचान और रोजगार का संकट था, भर्ती प्रक्रियाएं भ्रष्टाचार और वसूली से प्रभावित थीं। कानून-व्यवस्था की स्थिति ऐसी थी कि न बेटियां सुरक्षित थीं, न व्यापारी, और न ही आम नागरिक खुद को सुरक्षित महसूस करता था। प्रदेश में विकास के लिए कोई स्पष्ट विजन नहीं था, जिसके कारण युवा वर्ग निराश होकर या तो पलायन करता था या संघर्ष में उलझा रहता था।

माता वैष्णो देवी मंदिर में कड़ी सुरक्षा, नवरात्र के लिए फूलों से सजाया गया दरबार

एजेंसी समाचार

कटरा/जम्मू। चैत्र नवरात्र के मद्देनजर त्रिकुटा पहाड़ियों पर स्थित माता वैष्णो देवी मंदिर जाने वाले मार्ग पर व्यापक सुरक्षा व्यवस्था की गई है। यह जानकारी एक अधिकारी ने बुधवार को दी। श्री माता वैष्णो देवी श्राइन बोर्ड (एसएमवीडीएसबी) के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) सचिन कुमार वैश्य ने कहा कि नौ दिवसीय त्योहार से पहले भवन और आसपास के परिसर सहित पूरे मंदिर क्षेत्र को फूलों से सजाया गया है।

नवरात्र के दौरान तीर्थयात्रियों की भारी भीड़ के मंदिर में आने की उम्मीद है। वैश्य ने तीर्थयात्रियों के लिए आधार शिविर कटरा में पत्रकारों से कहा, "श्राइन बोर्ड ने श्रद्धालुओं की सुविधा, सुरक्षा और सुगम दर्शन के लिए व्यापक व्यवस्था की है। इस वर्ष तीर्थयात्रियों की संख्या 15 लाख तक पहुंच गई है और माना जा रहा है कि आने वाले दिनों में यह संख्या और भी बढ़ेगी।"

सीईओ ने बताया कि केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ), जम्मू कश्मीर पुलिस, श्राइन बोर्ड के सुरक्षा कर्मचारियों और सेना के जवानों के साथ बहुस्तरीय सुरक्षा व्यवस्था की गई है।

राम मंदिर: 'राम यंत्र' की स्थापना कर इतिहास रचेंगी राष्ट्रपति

सात हजार मेहमान बनेंगे साक्षी; चार घंटे रहेंगी

एजेंसी समाचार

अयोध्या। हिंदू नववर्ष, प्रतिपदा के शुभ क्षण में बृहस्पतिवार को श्रीराम जन्मभूमि मंदिर एक नए इतिहास का साक्षी बनेगा, जब राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू मंदिर के द्वितीय तल पर श्रीराम यंत्र की विधिवत स्थापना करेंगी। इस समारोह का साक्षी बनने के लिए करीब सात हजार मेहमान मौजूद रहेंगे।

राष्ट्रपति का आगमन सुबह लगभग 11 बजे महर्षि वाल्मीकि अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर होगा। यहां से वह सड़क मार्ग से आद्य शंकराचार्य द्वार (गेट नंबर 11) के जरिये मंदिर परिसर में प्रवेश करेंगी। अयोध्या में उनका प्रवास लगभग चार घंटे का रहेगा।

मंदिर परिसर में प्रवेश के उपरांत राष्ट्रपति रामलला के दरबार में हाजिरी लगाकर आशीर्वाद लेंगी। फिर लिफ्ट से मंदिर के दूसरे तल पर पहुंचकर श्रीराम यंत्र की स्थापना और पूजन अनुष्ठान में सम्मिलित होंगी। इस विशेष अवसर पर उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, राज्यपाल आनंदीबेन पटेल, राम मंदिर ट्रस्ट के कोषाध्यक्ष गोविंद देव गिरि, सदस्य जगद्गुरु विश्व प्रसन्न तीर्थ और तीन आचार्य उपस्थित रहेंगे।

श्रीराम यंत्र स्थापना के बाद राष्ट्रपति प्रथम तल पर विराजमान राम परिवार का दर्शन-पूजन एवं आरती करेंगी। इसके बाद वह सप्तमंडपम में स्थापित महर्षि वाल्मीकि, माता शबरी और निषादराज के मंदिरों में दर्शन करेंगी। इस क्रम को सामाजिक समरसता और वंचित वर्गों के सम्मान के प्रतीक के रूप में एक बड़े संदेश के तौर पर देखा जा रहा है।

यहां से राष्ट्रपति कार्यक्रम स्थल पर पहुंचेंगी, जहां समारोह का संचालन राम मंदिर ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय करेंगे। कार्यक्रम की शुरूआत गोविंद देव गिरि के स्वागत भाषण से होगी, इसके बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ संबोधित करेंगे। फिर केरल की धर्मगुरु माता अमृतानंदमयी और दत्तात्रेय होसबोले अपने विचार रखेंगे। अंत में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू का संबोधन होगा। वह दोपहर तीन बजे तक मंदिर परिसर में रहेंगी और 3:15 बजे हवाई अड्डे से दिल्ली के लिए प्रस्थान करेंगी।

बताया जा रहा है कि राष्ट्रपति मंदिर निर्माण में जुटे श्रमिकों से भी संवाद कर सकती हैं, जो इस आयोजन का एक भावनात्मक और महत्वपूर्ण पक्ष होगा। इस ऐतिहासिक समारोह में राम मंदिर आंदोलन से जुड़े कारसेवक, लगभग 300 संत-धमार्चार्य, मंदिर निर्माण में योगदान देने वाली 300 एजेंसियों के 400 श्रमिकों सहित 1800 कर्मी और निधि समर्पण करने वाले विशिष्ट जन शामिल होंगे। समारोह का लाइव प्रसारण किया जाएगा, जिससे देश-विदेश में बैठे श्रद्धालु इस दिव्य क्षण से जुड़ सकेंगे।

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु के अयोध्या आगमन को लेकर योगी सरकार ने तैयारियां तेज कर दी हैं। राष्ट्रपति 19 मार्च को हिंदू नववर्ष (वर्ष प्रतिपदा) और चैत्र नवरात्रि के पहले दिन वह रामनगरी पहुंचेंगी। यहां श्रीराम जन्मभूमि मंदिर परिसर में श्रीराम यंत्र की स्थापना करेंगी।

साथ ही वैदिक अनुष्ठानों में मुख्य अतिथि के रूप में भाग लेंगी। यह दौरा राम मंदिर के इतिहास में एक महत्वपूर्ण अध्याय जोड़ेगा, क्योंकि राम यंत्र की स्थापना मंदिर के द्वितीय तल पर होगी, जो आध्यात्मिक और वास्तुशास्त्रीय दृष्टि से अत्यंत पवित्र माना जाता है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के व्यक्तिगत निर्देशन में अयोध्या को स्वच्छ, सुरक्षित, सुव्यवस्थित और भव्य बनाने का व्यापक अभियान चल रहा है। नगर निगम, जिला प्रशासन, पुलिस और अन्य विभाग मिलकर दिन-रात काम कर रहे हैं ताकि राष्ट्रपति के आगमन के साथ ही श्रद्धालुओं को भी कोई असुविधा न हो।

अयोध्या को स्वच्छ और सुंदर बनाने का संकल्प अब और मजबूत हो गया है, क्योंकि यह दौरा केवल एक आधिकारिक यात्रा नहीं, बल्कि हिंदू नववर्ष के उत्सव और राम मंदिर की पूर्णता का प्रतीक बन रहा है। अयोध्या नगर निगम ने राष्ट्रपति के प्रस्तावित मार्गों, राम जन्मभूमि मंदिर परिसर, सरयू घाटों और प्रमुख धार्मिक स्थलों पर विशेष स्वच्छता एवं सौंदर्यीकरण अभियान छेड़ा है।

आंधी और बारिश के साथ प्रदेश में बदला मौसम

गाजियाबाद-नोएडा में जमकर बारिश; कल भीगेगा पूरा राज्य

एजेंसी समाचार

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के पश्चिमी जिलों में मौसम ने बुधवार शाम अचानक करवट लिया। देर शाम दिल्ली से सटे जिलों नोएडा, गाजियाबाद आदि में झोंकेदार हवाओं व गरज-चमक के साथ बारिश शुरू हो गई। मौसम विभाग के अनुसार पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से मौसम का यह बदलाव 21 मार्च तक जारी रहेगा। इस दौरान बारिश वाले क्षेत्रों में 40 से 60 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं चलने की संभावना है। तेज हवाओं और बारिश के असर से प्रदेशभर में अगले दो दिनों में अधिकतम तापमान में 5 से 7 डिग्री सेल्सियस तक गिरावट के संकेत हैं।

बृहस्पतिवार को पश्चिमी यूपी व मध्यांचल के 23 जिलों में गरज-चमक के साथ बारिश का पूवार्नुमान जारी किया गया है, जबकि सहारनपुर, शामली और



मुजफ्फरनगर समेत छह जिलों में ओलावृष्टि का अलर्ट है। बुधवार को बांदा सबसे गर्म रहा, जहां अधिकतम तापमान 39.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। मौसम वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह के मुताबिक 19 मार्च से बदलाव के साथ 20 मार्च को प्रदेशभर में तेज हवाओं और बारिश का व्यापक असर देखने को मिलेगा।

यहां है ओलावृष्टि की संभावना -सहारनपुर, शामली, मुजफ्फरनगर, आगरा, फिरोजाबाद, बिजनौर व आसपास के इलाकों में

यहां चलेंगी 40 से 60 किमी प्रति घंटे वाली झोंकेदार हवाएं

सहारनपुर, शामली, मुजफ्फरनगर, बागपत, मेरठ, गाजियाबाद, हापुड़, गौतम बुद्ध नगर, बुलंदशहर, अलीगढ़, मथुरा, हाथरस, कासगंज, एटा, आगरा, फिरोजाबाद, बिजनौर, अमरोहा, मुरादाबाद, रामपुर बरेली, संभल, बदायूं व आसपास के इलाकों में।

मेला जा रहे श्रद्धालुओं से भरे ई-रिक्शा में कार ने मारी टक्कर

एक नजर

- दियोरिया मार्ग पर हुआ हादसा
- अनियंत्रित कार बनी हादसे की वजह
- दो श्रद्धालु की दर्दनाक मौत, आठ घायल

- जागरण मोर्चा कार्यालय

पीलीभीत/ बिलसंडा। दियोरिया बीसलपुर मार्ग पर गांव विरसिंगपुर चौराहे पर बुधवार दोपहर को हुए भीषण सड़क हादसे में एक तेज रफ्तार अनियंत्रित कार ने श्रद्धालुओं से भरे ई रिक्शा में टक्कर मार दी। जिससे ई रिक्शा के परखच्चे उड़ गए और कार अनियंत्रित होकर दुकान के सामने खड़ी ट्राली से टकरा गई। इस हादसे में एक 60 वर्षीय महिला सहित एक 14 वर्षीय किशोर की मौत हो गई। जबकि आठ लोग गंभीर रूप से घायल हो गए।जिन्हें इलाज के लिए बीसलपुर सीएचसी

भेजा गया है हादसे के बाद चीख-पुकार मच गई घटना की सूचना मिलते ही पुलिस क्षेत्राधिकारी प्रगति चौहान थानाध्यक्ष गौतम सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और उन्होंने घायलों को अस्पताल भिजवाया।

बिलसंडा थाना क्षेत्र के गांव मार पगार और बबूरा के ग्रामीण ई रिक्शा पर सवार होकर इलांवास देवल पर लगे चैती मेला देखने के लिए जा रहे थे। जैसे ही ई रिक्शा दियोरिया कोतवाली क्षेत्र के गांव वीरसिंगपुर चौराहे के पास पहुंचा तभी सामने से तीव्र गति से आ रही कार ने ई रिक्शा में टक्कर मार दी। जिससे ई रिक्शा के परखच्चे उड़ गए और कार अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खड़ी ट्राली से टकरा गई। हादसे के बाद चीख-पुकार मच गई। तमाम ग्रामीण मौके पर पहुंचे और उन्होंने घायलों की मदद की। उधर सूचना मिलते ही दियोरिया थानाध्यक्ष गौतम सिंह, पुलिस क्षेत्राधिकारी प्रगति चौहान पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और उन्होंने घायलों को अस्पताल भिजवाया। इस हादसे में राहुल पुत्र श्रीपाल 14 वर्ष, जसोदा देवी पत्नी राममूर्ति 60 की मौके पर ही मौत हो गई। मृतक बिलसंडा थाना क्षेत्र के गांव बबूरा के निवासी बताए गए हैं।जबकि मुनेंद्र पुत्र मुनीश(26 वर्ष), अमन पुत्र श्रीपाल(12 वर्ष), अन्नपूर्णा पत्नी श्रीपाल (40 वर्ष), राजेश्वरी पत्नी राजू (30 व निवासी मार पगार थाना बिलसंडा, सुधा पुत्री श्रीपाल (10 वर्ष), शोभा पुत्री संजय(4 वर्ष), काजल पुत्री रामदुलारे(15 वर्ष), अनामिका पत्नी जगदीश समेत लोग गंभीर रूप से घायल हुए हैं। हादसे के बाद सड़क पर भारी जाम लग गया जिसमें पुलिस को खाशी मेहनत करनी पड़ी।

प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि कार की रफ्तार बहुत अधिक थी। थानाध्यक्ष गौतम सिंह ने बताया कि मृतकों के शवों को पोस्टमार्टम हेतु जिला मुख्यालय भेजा गया है घायलों का बीसलपुर सीएचसी पर इलाज चल रहा है । उधर ई रिक्शा चालक सवारियों को लेकर इलांवास देवल चैती मेले में जा रहा था। सबके मन में मां भगवती के दर्शन करने की तमन्ना थी लेकिन कुदरत को कुछ और ही मंजूर था जिससे हादसे के बाद चारों तरफ चीख-पुकार मच गई।

अमेरिका के लिए पाकिस्तान सबसे बड़ा परमाणु खतरा

खुफिया एजेंसी की प्रमुख तुलसी गबार्ड का बड़ा बयान

एजेंसी समाचार

वॉशिंगटन। अमेरिका की खुफिया प्रमुख तुलसी गबार्ड ने दुनिया की सुरक्षा को लेकर बड़ा अलर्ट जारी किया है। उन्होंने साफ कहा है कि पाकिस्तान उन देशों में शामिल है, जो अमेरिका के लिए सबसे बड़े परमाणु खतरों में गिने जा रहे हैं। गबार्ड के इस बयान ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर हलचल बढ़ा दी है, क्योंकि यह ऐसे समय में आया है जब अमेरिका पहले से ही इस्राइल के साथ मिलकर ईरान के खिलाफ सैन्य कार्रवाई में जुटा है।

तुलसी गबार्ड ने एक ब्रीफिंग में बताया कि पाकिस्तान के अलावा रूस, चीन, उत्तर कोरिया और ईरान भी तेजी से अपने मिसाइल सिस्टम को मजबूत कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि ये देश नए और उन्नत मिसाइल विकसित कर रहे हैं, जो परमाणु और पारंपरिक दोनों तरह के हथियार ले जाने में सक्षम हैं। गबार्ड के अनुसार, इन मिसाइलों की पहुंच इतनी बढ़ गई है कि अब अमेरिका का मुख्य भूभाग भी इनके दायरे में

आ सकता है।

क्या बढ़ रहा है परमाणु और मिसाइल खतरा?

गबार्ड ने कहा कि इन देशों की गतिविधियों से वैश्विक सुरक्षा पर सीधा असर पड़ रहा है। उन्होंने बताया कि रूस और चीन लगातार अपनी सैन्य ताकत बढ़ा रहे हैं, जबकि उत्तर कोरिया भी अपनी परमाणु क्षमता को मजबूत कर रहा है। खास बात यह है कि उत्तर कोरिया, रूस और चीन के साथ अपने संबंध भी मजबूत कर रहा है, जिससे अमेरिका के लिए खतरा और बढ़ सकता है।

ईरान को लेकर अमेरिका का क्या दावा?

गबार्ड ने कहा कि अमेरिका ने पिछले साल जून में ईरान के परमाणु संवर्धन कार्यक्रम को बड़ा नुकसान पहुंचाया था। उनके अनुसार, तब से अब तक ईरान ने अपने परमाणु कार्यक्रम को दोबारा शुरू करने की कोई बड़ी कोशिश नहीं की है। हालांकि मौजूदा हालात में अमेरिका और इस्राइल की कार्रवाई के चलते यह मुद्दा फिर से केंद्र में आ गया है।

क्या ट्रंप की नीति से जुड़ा है यह बयान?

तुलसी गबार्ड का यह बयान ऐसे समय में आया है जब अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप बार-बार यह कह चुके हैं कि परमाणु हथियार सुरक्षित हाथों में ही होने चाहिए। ट्रंप का रुख ईरान को लेकर काफी सख्त रहा है और इसी वजह से अमेरिका इस्राइल के साथ मिलकर सैन्य कार्रवाई कर रहा है। ऐसे में गबार्ड का बयान अमेरिका की उसी रणनीति को मजबूत करता नजर आता है।

एनआईए की बड़ी कार्रवाई: 6 यूक्रेनी और 1 अमेरिकी नागरिक गिरफ्तार

एजेंसी समाचार

नई दिल्ली। राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने एक बड़ी कार्रवाई करते हुए सात विदेशी नागरिकों को गिरफ्तार किया है। इनमें छह यूक्रेनी नागरिक और एक अमेरिकी नागरिक शामिल हैं। इन पर म्यांमार में आतंकी गतिविधियों से जुड़े प्रशिक्षण देने का आरोप है। एनआईए के अनुसार, सभी आरोपी अवैध रूप से भारत में दाखिल हुए थे और म्यांमार में हथियार चलाने तथा ड्रोन ऑपरेशन का प्रशिक्षण देने में कथित रूप से शामिल थे।

जांच में यह भी सामने आया है कि प्रशिक्षण में इस्तेमाल किए जाने वाले ड्रोन यूरोप से खरीदे गए थे। गिरफ्तार आरोपियों को विशेष एनआईए अदालत में पेश किया गया, जहां से उन्हें 11 दिनों की एनआईए हिरासत में भेज दिया गया है।

राजनीति में कभी 'फुल स्टॉप' नहीं लगता

रिटायर हो रहे राज्यसभा सदस्यों को पीएम मोदी का भावुक संदेश

एजेंसी समाचार

नई दिल्ली। बुधवार को राज्यसभा में एक भावुक पल देखने को मिला, जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सेवानिवृत्त हो रहे



सदस्यों को विदाई देते हुए कहा कि राजनीति में कभी अंत नहीं होता, यहां फुल स्टॉप नहीं लगता। उन्होंने जोर देकर कहा कि कई सदस्य भविष्य में फिर से इस उच्च सदन में वापसी कर सकते हैं।

इस मौके पर पीएम मोदी ने विशेष रूप से कुछ प्रमुख हस्तियों की सराहना की। इसमें पूर्व प्रधानमंत्री एचडी देवेगौड़ा के अनुभव और योगदान को याद किया गया। शरद पवार की राजनीतिक दूरदर्शिता और सक्रियता की तारीफ इसके साथ ही राज्यसभा में उपसभापति हरिवंश जो को भी याद किया। सदन संचालन में उनकी निष्पक्षता और योगदान को विशेष सम्मान दिया।

पीएम मोदी ने कहा, "राजनीति एक सतत यात्रा है। आज विदा हो रहे सदस्यों का अनुभव और ज्ञान देश के लिए अभी भी मूल्यवान है। वे सदन से बाहर जा रहे हैं, लेकिन उनका योगदान कभी खत्म नहीं होता। कई बार तो वे फिर लौटकर आते हैं, क्योंकि यहां फुल स्टॉप नहीं होता।" यह संबोधन राज्यसभा के उन सदस्यों के लिए था जो अपना कार्यकाल पूरा कर रहे हैं। पीएम ने उन्हें शुभकामनाएं देते हुए कहा कि उनका अनुभव आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा बनेगा। उन्होंने सदस्यों से अपील की कि वे अपने संसदीय जीवन के अनुभवों को लिखें, ताकि भविष्य के सांसद उनसे सीख सकें।

21 ट्रेनों में छापा, पकड़े गए 301 यात्री, जुर्माना वसूला

जागरण मोर्चा कार्यालय



बरेली। रेलवे प्रशासन ने बेटिकट और अनियमित यात्रा पर शिकंजा कसते हुए विशेष चेकिंग अभियान चलाया। मुरादाबाद मंडल के अंतर्गत 21 ट्रेनों में औचक छापेमारी कर कुल 301 यात्रियों को पकड़ा गया, जिनसे मौके पर ही जुर्माना वसूला गया। सीनियर डीसीएम आदित्य गुप्ता के निर्देश पर 20 टिकट चेकिंग टीमों ने मुरादाबाद से लखनऊ के बीच मंगलवार और बुधवार को संयुक्त रूप से अभियान चलाया। इस दौरान विभिन्न स्टेशनों और ट्रेनों में सघन जांच की गई। चेकिंग के दौरान बिना टिकट यात्रा कर रहे 112 यात्रियों को पकड़ा गया, जिनसे 63,730 रुपये का जुर्माना वसूला गया। वहीं अनियमित टिकट पर यात्रा कर रहे 189 यात्रियों से 82,960 रुपये की वसूली की गई।

रेलवे ने साफ-सफाई को लेकर भी सख्ती दिखाई। गंदगी फैलाने के मामले में पांच यात्रियों से 650 रुपये का जुर्माना वसूला गया। रेलवे अधिकारियों ने बताया कि मंडल के सभी मुख्य टिकट निरीक्षक, मुख्य वाणिज्य निरीक्षक और रेलवे सुरक्षा बल को सुरक्षित व संरक्षित यात्रा सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। भविष्य में भी ऐसे अभियान लगातार जारी रहेंगे।

नवरात्रि से पहले कई जगह छापे, कुट्टू के आटे की जांच तेज

जागरण मोर्चा कार्यालय

बरेली। नवरात्रि से पहले खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन पूरी तरह एक्शन मोड में आ गया है। एक तरफ जहां कुट्टू के आटे में मिलावट को लेकर सख्त एडवाइजरी जारी की गई है, वहीं दूसरी ओर शहर और कस्बों में ताबड़तोड़ छापेमारी कर मिलावटखोरों पर शिकंजा कसा जा रहा है। विभाग ने साफ कर दिया है कि व्रत के खाद्य पदार्थों में जरा सी भी गड़बड़ी बर्दाश्त नहीं होगी। मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी अक्षय गोयल ने चेतावनी दी है कि कुट्टू के आटे में मिलावट करने वालों पर कड़ी कानूनी कार्रवाई होगी। दुकानदारों को निर्देश दिए गए हैं कि केवल शुद्ध और मानक के अनुरूप उत्पाद ही बेचें और पैकेजिंग पर स्नस्स्ढ्ढ लाइसेंस नंबर अनिवार्य रूप से दर्शाएं।

विभाग ने यह भी कहा कि आटे को सही तापमान और सूखी जगह पर ही रखा जाए।

शहर से कस्बों तक छापों की बौछार

नवरात्रि से पहले विभाग की टीमों ने रिछा, मीरगंज, नवाबगंज और शहर के कई इलाकों में अभियान चलाया। इस दौरान मदनी ट्रेडर्स से खजूर, अली किराना स्टोर से सेंवई-पापड़ और श्याम किराना स्टोर से सिंघाड़ा आटा व मूंगफली के नमूने लिए गए। कार्रवाई के दौरान 20 किलो संदिग्ध मूंगफली को मौके पर ही जब्त कर नष्ट करा दिया गया। वहीं नवाबगंज के दिलीप किराना स्टोर से कुट्टू के आटे का सैंपल लिया गया, जबकि बड़ा बाग स्थित बजरंग भोग से घी का नमूना जांच के लिए भेजा गया। सभी नमूनों को झांसी लैब रवाना कर दिया गया है। अब रिपोर्ट के बाद तय होगा कि किन दुकानों पर मिलावट का खेल चल रहा था।

उपभोक्ताओं को भी चेतावनी, ऐसे करें पहचान

प्रशासन ने आम लोगों को भी सतर्क रहने की सलाह दी है। कुट्टू का शुद्ध आटा हल्के भूरे रंग का होता है और उसमें हल्की खुशबू आती है। पानी में डालने पर यह नीचे बैठ जाता है, जबकि मिलावटी आटा ऊपर तैर सकता है। आयोडीन टेस्ट से भी मिलावट की पहचान की जा सकती है। खाद्य विभाग ने स्पष्ट कर दिया है कि नवरात्रि तक यह अभियान लगातार चलता रहेगा। सहायक आयुक्त अक्षय गोयल के नेतृत्व में टीमों को अलर्ट पर रखा गया है। प्रशासन का कहना है कि जनता की सेहत से खिलवाड़ करने वालों को किसी भी हाल में बख्शा नहीं जाएगा और सख्त से सख्त कार्रवाई की जाएगी।

डीडीपुरम में पुलिस का सर्च अभियान होटल-रेस्टोरेंट और बार खंगाले

जागरण मोर्चा कार्यालय

बरेली। एक दिन पहले हुक्का पार्टी और शराब परोसने के मामले में पुलिस ने दो युवकों को गिरफ्तार कर जेल भेजा है, लेकिन इसके बाद भी डीडीपुरम में नशे का खेल थमता नहीं दिख रहा है। बार के बाहर खुलेआम जाम छलकने की सूचना मिलते ही प्रेमनगर पुलिस एक बाद फिर एक्शन में आ गई। बुधवार शाम पूरे इलाके में होटल, रेस्टोरेंट और हुक्का बारों पर ताबड़तोड़ सर्च अभियान चलाया गया, जिससे पूरे क्षेत्र में हड़कंप मच गया।

प्रेमनगर पुलिस ने डीडीपुरम स्थित 'मीट मी हियर कैफे' में अवैध रूप से हुक्का और शराब परोसने की सूचना पर मंगलवार ने देर रात छापा मारकर इस धंधे का भंडाफोड़ कर दिया। मौके से दो युवकों को गिरफ्तार किया गया था। पुलिस की कार्रवाई के अगले ही दिन बार के बाहर शराब पीने और पिलाने की शिकायतें सामने आईं। इससे साफ हो गया कि नियमों को ताक पर रखकर खुलेआम नशे का कारोबार जारी है। इसी इनपुट के बाद पुलिस ने सख्त रुख अपनाया।

प्रेमनगर पुलिस की टीम ने डीडीपुरम के कई होटल, रेस्टोरेंट और हुक्का बार में अचानक चेकिंग शुरू कर दी। पुलिस को देखते ही कई जगहों पर अफरा-तफरी का माहौल बन गया। कर्मचारियों और ग्राहकों में खलबली मच गई, जबकि कुछ लोग चुपचाप खिसकते नजर आए। वहीं पुलिस ने संचालकों को साफ शब्दों में चेतावनी दी कि किसी भी हाल में अवैध रूप से हुक्का या शराब परोसने की शिकायत मिली तो सीधी कार्रवाई होगी। लाइसेंस, नियम और समय सीमा का सख्ती से पालन करने के निर्देश दिए गए।

पुलिस का सख्त संदेश, यह आखिरी चेतावनी

प्रेमनगर इंस्पेक्टर सुरेंद्र कुमार ने दो टूक कहा कि यह अंतिम चेतावनी है। अगर इसके बाद भी नियमों की अनदेखी की गई तो न सिर्फ मुकदमा दर्ज होगा, बल्कि होटल और बार सील करने की कार्रवाई भी की जाएगी। डीडीपुरम समेत शहर के अन्य इलाकों में भी इस तरह के सर्च अभियान लगातार चलाए जाएंगे। अवैध हुक्का बार और शराब परोसने वालों पर कड़ी नजर रखी जा रही है, ताकि शहर में कानून व्यवस्था कायम रहे।

आज दिखेगा ईद का चांद, नजर आया तो कल मनाई जाएगी ईद

जागरण मोर्चा कार्यालय

बरेली। रमजान के मुकद्दस महीने के आखिरी पड़ाव पर अब रोजेदारों की नजरें आज आसमान पर टिकी रहेंगी। दरगाह आला हजरत/ताजुश्शरिया की ओर से जुमेरात को ईद के चांद देखने का एहतिमाम किया गया है। चांद नजर आते ही रमजान का समापन होगा और ईद-उल-फितर की खुशियां शुरू हो जाएंगी।

जानशीन-ए-ताजुश्शरिया काजी-ए-हिंदुस्तान मुफ्ती असजद रजा कादरी (असजद मियां) की सरपरस्ती में गठित टीम ने स्पष्ट किया है कि यदि आज चांद नजर आ जाता है तो शुक्रवार को ईद मनाई जाएगी। वहीं यदि चांद दिखाई नहीं देता और कहीं से शरई गवाही भी प्राप्त नहीं होती है, तो 30 रोजे पूरे कर शनिवार को ईद मनाई जाएगी।

मुफ्ती अब्दुर्रहीम नश्तर फारूकी, मुफ्ती अफजाल, कारी काजिम रजा समेत उलेमा की निगरानी में विशेष टीम गठित की गई है। बरेली के अलावा रामपुर, बदायूं, पीलीभीत,

शाहजहांपुर, हल्द्वानी और मुरादाबाद में भी नुमाइंदे तैनात किए गए हैं, ताकि कहीं भी चांद नजर आने की सूचना तुरंत मिल सके।

जमात रजा-ए-मुस्तफा के राष्ट्रीय महासचिव फरमान हसन खान (फरमान मियां) ने बताया कि चांद देखना सुन्नत है और इसके लिए दरगाह पर विशेष व्यवस्था की गई है। उन्होंने उलेमा और आम लोगों से अपील की है कि यदि कहीं चांद नजर आए तो उसकी शरई गवाही के लिए तुरंत मरकजी दारुल इफ्ता, दरगाह आला हजरत से संपर्क करें, ताकि समय पर आधिकारिक एलान किया जा सके।

चांद की सूचना देने के लिए हेल्पलाइन नंबर भी जारी किए गए हैं– **फरमान मियां: 7351172555**

मुफ्ती नश्तर फारूकी: 9870669448

सैयद अजीमुद्दीन: 9808800888

कारी काजिम: 7017436062

फरमान मियां ने जिला प्रशासन से मांग की है कि ईद के मौके पर साफ-सफाई, बिजली और पानी की आपूर्ति सुचारू रखी जाए।

पीएम पोषण योजना में रसोइयों की टक्कर, विजेताओं को मिला सम्मान

जागरण मोर्चा कार्यालय

बरेली। पीएम पोषण (मध्याह्न भोजन) योजना के तहत बुधवार को बीएसए कार्यालय परिसर में रसोइयों के बीच पाककला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जिले के विभिन्न ब्लॉकों से आई रसोइयों ने अपने-अपने व्यंजनों का हुनर दिखाया, वहीं उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वालों को पुरस्कृत करने की घोषणा की गई।

कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि सीडीओ देवयानी और बीएसए डॉ. विनीता ने मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर किया। इस दौरान उन्होंने रसोइयों के कार्य की सराहना करते हुए कहा कि मध्याह्न भोजन योजना में गुणवत्ता और स्वाद दोनों का संतुलन जरूरी है।

प्रतियोगिता में जिले के 15 ब्लॉकों से कुल 30 रसोइयों को आमंत्रित किया गया था। सभी प्रतिभागियों ने अपने-

अपने व्यंजन प्रस्तुत कर जजों को प्रभावित करने की कोशिश की। प्रतियोगिता को लेकर रसोइयों में खासा उत्साह देखने को मिला। निर्णायक समिति में डीआईओएस डॉ. अजीत कुमार, बीएसए डॉ. विनीता, जीजीआईसी की प्रधानाचार्य अनु परासरी, गृह विज्ञान प्रवक्ता, खाद्य सुरक्षा अधिकारी ज्योतिषना त्रिपाठी, स्वास्थ्य विभाग से डॉ. श्वेता भारद्वाज और जिला समन्वयक गौरव तिवारी शामिल रहे। सभी ने व्यंजनों की गुणवत्ता, पोषण और स्वाद का बारीकी से मूल्यांकन किया।

प्रतियोगिता में प्राप्त अंकों के आधार पर प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाली रसोइयों को क्रमशः 3500, 2500 और 1500 रुपये की धनराशि उनके खातों में भेजी जाएगी। साथ ही अन्य प्रतिभागियों को सांत्वना पुरस्कार और आवागमन भत्ता के रूप में 650 रुपये दिए जाएंगे। कार्यक्रम के अंत में सभी प्रतिभागियों को प्रमाणपत्र प्रदान कर उनका हौसला बढ़ाया गया। अधिकारियों ने कहा कि इस तरह के आयोजन से रसोइयों को प्रोत्साहन मिलता है और बच्चों को बेहतर गुणवत्ता का भोजन उपलब्ध कराने में मदद मिलती है।

36 हजार में बिका सुपरस्टार, बरेली के खिलाड़ियों ने भी लूटी महफिल

जागरण मोर्चा कार्यालय

बरेली। क्रिकेट का जुनून जब सिर चढ़कर बोलता है, तो नोटों की बारिश भी आम हो जाती है। कुछ ऐसा ही नजारा बीसलपुर चौराहा स्थित होटल में देखने को मिला, जहां बरेली प्रीमियर लीग (बीपीएल) के ऑक्शन में फ्रेंचाइजी मालिकों ने खिलाड़ियों पर दिल खोलकर पैसा लुटाया। हर बोली के साथ हॉल में रोमांच बढ़ता गया और खिलाड़ी एक-एक कर करोड़ों के नहीं, लेकिन हजारों के हीरो बनते चले गए।

ऑक्शन का सबसे बड़ा धमाका तब हुआ जब आगरा के पुष्पेंद्र उपाध्याय पर बोली लगी। जैसे ही उनका नाम पुकारा गया, कई टीमों के मालिक आमने-सामने आ गए। बोली बढ़ती गई और आखिरकार 36 हजार रुपये पर जाकर हथौड़ा गिरा। इस एक खरीद ने पूरे ऑक्शन का रुख तय कर दिया–इस बार बाहरी खिलाड़ियों की भी जोरदार डिमांड है।

बरेली के खिलाड़ियों ने भी इस बार अपनी धाक जमाई। बहेड़ी बाउंडर्स ने शिव कुमार राठी को 25.5 हजार रुपये में खरीदकर उन्हें लोकल स्टार बना दिया। वहीं बरेली ब्लास्टर्स ने निशांत कुशवाहा पर 23 हजार की बोली लगाकर साफ कर दिया कि वह किसी भी कीमत पर मजबूत टीम चाहते हैं। शुभ अग्रवाल (21.5 हजार), अभिषेक प्रताप, हर्ष राणा और शारून खान (19-19 हजार) भी ऑक्शन में चमकते नजर आए। ऑक्शन में कुल 252 खिलाड़ियों की लिस्ट तैयार की गई थी, लेकिन बोली सिर्फ 124 खिलाड़ियों पर ही लगी। इसके बावजूद फ्रेंचाइजी मालिकों ने करीब 9 लाख रुपये खर्च कर डाले। खास बात यह रही कि बिकने वालों में 69 खिलाड़ी बरेली के ही थे, जबकि 46 बाहर के और 19 आइकन प्लेयर शामिल रहे। यानी लोकल टैलेंट और बाहरी अनुभव का जबरदस्त मिश्रण देखने को मिलेगा।

6 टीमें, एक ट्रॉफी... मैदान में छिड़ेगी असली जंग

अब नजरें उस मैदान पर टिक गई हैं, जहां ये खरीदे गए खिलाड़ी अपनी कीमत साबित करेंगे। इस बार बीपीएल में बरेली ब्लास्टर्स, आंवला एवेंजर्स, मीरगंज लायंस, फरीदपुर फाइटर्स, नवाबगंज नवाब और बहेड़ी बाउंडर्स आमने-सामने होंगी। हर टीम संतुलित नजर आ रही है, ऐसे में मुकाबले कांटे के होने तय हैं। ऑक्शन खत्म होते ही खिलाड़ियों और टीम मालिकों के चेहरे पर अलग-अलग भाव नजर आए–किसी को अपनी पसंद मिल गई, तो कोई आखिरी बोली में पीछे रह गया। इस दौरान बीपीएल अध्यक्ष रवि जादौन, कैलाश सिंह, सचिव सीताराम सक्सेना और संयुक्त सचिव ओपी कोहली भी मौजूद रहे।

कानपुर ब्लॉक से बदले ट्रेनों के रास्ते, 30 से ज्यादा गाड़ियां प्रभावित

- बरेली-दिल्ली पैसेंजर भी रद्द

जागरण मोर्चा कार्यालय

बरेली। कानपुर सेंट्रल और कानपुर पुल के बीच प्रस्तावित ब्लॉक ने रेल यात्रियों की मुश्किलें बढ़ा दी हैं। अगले माह से शुरू होने वाले इस ब्लॉक के कारण 30 से अधिक ट्रेनें प्रभावित रहेंगी। इनमें कई ट्रेनों को रद्द किया गया है, जबकि पांच प्रमुख गाड़ियों को कानपुर के बजाय मुरादाबाद-बरेली मार्ग से चलाया जाएगा।

पूर्वोत्तर रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी पंकज

सिंह के अनुसार, 2 अप्रैल से 13 मई तक 12004 नई दिल्ली-लखनऊ जंक्शन एक्सप्रेस को गाजियाबाद-कानपुर सेंट्रल के बजाय गाजियाबाद-मुरादाबाद मार्ग से चलाया जाएगा। इस दौरान ट्रेन अलीगढ़, टुंडला, इटावा, फफूंद और कानपुर सेंट्रल पर नहीं रुकेगी। इसी तरह 02563 बरौनी-नई दिल्ली स्पेशल और 02569 दरभंगा-नई दिल्ली स्पेशल को भी परिवर्तित मार्ग से बुढ़वल, सीतापुर, शाहजहांपुर, बरेली और मुरादाबाद होते हुए चलाया जाएगा।

बरेली-दिल्ली पैसेंजर भी रहेगी बंद

दिल्ली-शाहदरा रेलखंड में ब्लॉक के कारण 28 और 29 मार्च को बरेली-दिल्ली पैसेंजर ट्रेन रद्द रहेगी। सीनियर डीसीएम आदित्य गुप्ता ने बताया कि 54075 बरेली-दिल्ली पैसेंजर 28 मार्च और 54076 दिल्ली-बरेली पैसेंजर 29 मार्च को नहीं चलेगी। इसके अलावा 18 मार्च को 12036 दिल्ली-टनकपुर एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग से दिल्ली, नई दिल्ली, तिलक ब्रिज और साहिबाबाद के रास्ते चलाई जाएगी, जबकि 28 मार्च को 14207 पदमावत एक्सप्रेस करीब 150 मिनट की देरी से संचालित होगी।

वापसी गाड़ियों का भी बदला रास्ता

02564 नई दिल्ली-बरौनी और 02570 नई दिल्ली-दरभंगा विशेष गाड़ियों का संचालन भी 2 अप्रैल से 13 मई तक बदले हुए रूट गाजियाबाद, मुरादाबाद, बरेली, शाहजहांपुर, सीतापुर और बुढ़वल के जरिए किया जाएगा। इससे बरेली जंक्शन पर ट्रेनों की आवाजाही बढ़ने की संभावना है। रेलवे ने रद्द की गई ट्रेनों के यात्रियों के लिए किराया वापसी की प्रक्रिया शुरू कर दी है। अधिकारियों का कहना है कि यात्रियों को किसी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए वैकल्पिक व्यवस्था पर भी काम किया जा रहा है।

किसी के बहकावे में न आएं, ईद पर न करें प्रदर्शन: मौलाना रजवी

जागरण मोर्चा कार्यालय

बरेली। ऑल इंडिया मुस्लिम जमात के राष्ट्रीय अध्यक्ष मौलाना शहाबुद्दीन रजवी बरेलवी ने ईद को लेकर साफ और सख्त संदेश दिया है। उन्होंने कहा कि ईद खुशी, भाईचारे और इबादत का दिन है, इसे किसी भी सूरत में गम या विरोध का रूप नहीं दिया जाना चाहिए। रमजान के पूरे महीने की इबादत के बाद यह दिन खुशियां बांटने और एक-दूसरे को मुबारकबाद देने के लिए आता है।

मौलाना रजवी ने समाजवादी पार्टी के नेता आजम खां के पैगाम पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि किसी भी राजनीतिक व्यक्ति के कहने पर धार्मिक त्योहार का स्वरूप नहीं बदला जाना चाहिए। उन्होंने अपील की कि मुसलमान किसी के बहकावे में न

आएं और ईद जैसे पाक दिन को इबादत और खुशियों के लिए ही सुरक्षित रखें। मौलाना ने साफ कहा कि ईद के दिन काले कपड़े पहनना, काली पट्टी बांधना या किसी तरह का प्रदर्शन करना उचित नहीं है। उन्होंने कहा कि अंतरराष्ट्रीय हालात को लेकर दुआ जरूर करें, लेकिन त्योहार को विरोध का माध्यम न बनाएं। ऐसा करने से ईद की पवित्रता और सामाजिक सौहार्द प्रभावित होता है।

मौलाना शहाबुद्दीन रजवी ने नमाज को लेकर भी महत्वपूर्ण बात कही। उन्होंने अपील की कि ईद की नमाज सड़कों पर अदा करने से बचें। उन्होंने बताया कि मस्जिदों में जगह कम होने पर इमाम बदलकर एक से अधिक जमात कराई जा सकती है, ताकि सभी लोग आसानी से नमाज अदा कर सकें और व्यवस्था बनी रहे। उन्होंने कहा कि ईद के मौके पर सरकार द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का पालन करना बेहद जरूरी है। साथ ही सभी लोगों से अपील की कि वे आपसी भाईचारे, शांति और सौहार्द को बनाए रखें। अंत में मौलाना ने सभी देशवासियों को ईद की मुबारकबाद देते हुए कहा कि यह त्योहार प्रेम, संयम और एकता का संदेश देता है, जिसे हर हाल में कायम रखना चाहिए।

पूरे भारत में सबसे कम फीस में अपने Business का रजिस्ट्रेशन कराएं घर बैठे
REGISTRATION INDIA™©
हजारों संतुष्ट ग्राहक
ITR फाइलिंग मात्र ₹999/-
We Provide all consultancy related Services to NGO, Trust, Society, Private Limited Company, GST Registration, ITR Filing, TDS, FSSAI, Income tax
अपना काम Expert CA और Expert Advocate से ही करायें और भविष्य में होने वाली परेशानियों से बचें।
• MSME ₹ 499 • NGO Registration ₹12999
• 12 A ₹4999 • Niti Ayog (NGO Darpan) ₹999
• 80G ₹4999 • E- Anudan ₹999
• Trade Mark ₹7999 • Private Company Registration ₹11999
ISO Registration ₹4999
अपने संस्थान की किसी भी प्रकार की वेबसाइट बनवायें।
Contact: 7500223290 7500277920
T&C Apply
एल.आई.सी. रोड, सिविल लाइन्स, रामपुर 244901 (यू.पी.) Email: teamindia5050@gmail.com

आवश्यकता

उत्तर प्रदेश का तेजी से बढ़ता अखबार जागरण मोर्चा 9 मार्च से आपके के बीच आ रहा है। जिसमें जागरण मोर्चा को मुरादाबाद मंडल और जिला रामपुर में रिपोर्टरों और एजेंसी के लिए लोगों की आवश्यकता है। इसके अतिरिक्त विज्ञापन के लिए संपर्क करें।

मोबाइल नंबर

7906815587, 9758444242

आज होगा पहला नवरात्र, मंदिर से लेकर घरों तक में हुई साफ-सफाई

महिलाओं ने देर शाम तक बाजारों में जाकर की खरीदारी

जागरण मोर्चा कार्यालय

रामपुर। चैत्र नवरात्र गुरुवार से प्रारंभ हो रहे हैं।जिसको लेकर मंदिरों से घरों तक में साफ-सफाई, सजावट की गई।इस दौरान लोगों ने बुधवार को जाकर बाजारों में जाकर माता के लिए चुनरी, कूपर लौगें और अन्य सामान खरीदा। भक्तों ने पूजन सामग्री,देवी की मूर्तियां, श्रृंगार आदि का सामान खरीदा। बाजारों में देर रात तक रौनक रही।

चैत्र नवरात्र आज से शुरू हो रहे हैं। जिसको लेकर बाजारों में पिछले कई दिनों से तैयारियां शुरू हो गई थी। ज्वालानगर और मिस्टनगंज में स्थित पूजा के सामान की दुकानें सज गई हैं। जिसमें पूजा सामग्री से लेकर सारा सामान बिक रहा है। मंदिरों और घरों में साफ सफाई का काम चल रहा था,जोकि अब पूरी तरह से निपट चुका है। इस दौरान देवी मंदिरों में रौनक देखने को मिली। बुधवार को सुबह से लेकर देर शाम तक बाजारों में भीड़ रही। महिलाओं ने पूजा की सामग्री खरीदी। पंडित संदीप कोशिक ने बताया कि गुरुवार से नवरात्र प्रारंभ हो रहे हैं। जिसके चलते शुभ मुहूर्त में कलश स्थापना करने के बाद माता की आराधना की जाएगी। इसके साथ ही नवरात्रों में मंदिरों में भजन, कीर्तन और प्रसाद वितरण भी होता है। यह सिलसिला नौ दिन तक चलता है। नौ दिन तक भक्त अज्ञारी देकर माता की आराधना करते हैं।

बाजार में माता की चुनरी खरीदती महिलाएं। -जागरण मोर्चा

मंदिरों में बज रहे मां के भजन

शहर भर के मंदिरों में माता के भजन बजना शुरू हो गए हैं। बताया जाता है कि चैत्र नवरात्र में कलश स्थापना और नौ दिनों की पूजा के लिए मुख्य सामग्री में दुर्गा माता की प्रतिमा,लाल कपड़ा, कलश,जटा वाला नारियल,आम के पत्ते, रोली-चावल, अखंड ज्योत के लिए बड़ा दीपक, घी, कलावा, धूप-अगरबत्ती, कपूर, सोलह श्रृंगार, जौ, मिट्टी का पात्र (बोने के लिए) और फल-मिठाई शामिल किए जाते हैं।

भक्त नौ दिन तक रखते उपवास

काफी संख्या में भक्त माता के नौ दिन के व्रत रखते हैं। जिसमें बहुत से भक्त फलाहार करते हैं।बहुत से भक्त पकौड़ियां खाते हैं। उसके बाद अष्टमी और नौवी को बच्चों को प्रसाद खिलाकर व्रत तोड़ते हैं। इस दिनों मंदिरों से लेकर घरों तक में भक्तों द्वारा हवन करवाया जाता है। ताकि परिवार में सुख शांति बनी रहे। जबकि कुछ भक्त नौ दिनों तक माता की ज्योत तक जलाते हैं।

वीडियो बनाने के विरोध पर ब्यूटी पार्लर कर्मी से मारपीट

जागरण मोर्चा कार्यालय, स्वार। कोतवाली क्षेत्र में ब्यूटी पार्लर पर काम कर रही युवती के साथ मारपीट का मामला सामने आया है।वीडियो बनाने का विरोध करने पर कुछ युवतियों ने उसकी पिटाई कर दी। पीड़िता ने एक नामजद समेत दो तीन अज्ञात युवतियों के खिलाफ तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।कोतवाली क्षेत्र के गांव मीरापुर निवासी मीना नगर पालिका कॉम्प्लेक्स स्थित दुल्हन ब्यूटी पार्लर में काम करती है।

मंगलवार की दोपहर में एक युवती अपनी दो तीन सहेलियों के साथ पार्लर पर पहुंची और मोबाइल से वीडियो बनाने लगी। मीना ने इसका विरोध किया तो युवतियां भड़क उठीं और उसके साथ मारपीट शुरू कर दी। शोर शराबा सुनकर मौके पर लोगों की भीड़ जुट गई।मौजूद लोगों ने बीच बचाव कर किसी तरह युवती को हमलावरों से बचाया।घटना के बाद पीड़िता कोतवाली पहुंची और पुलिस को तहरीर सौंपी। कोतवाल संजीव कुमार ने बताया कि तहरीर के आधार पर मामले की जांच की जा रही है। जांच के बाद आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

युवक की मौत पर सांसद ने जताया दुख

जागरण मोर्चा कार्यालय

रामपुर: भीमताल-रानीबाग मार्ग पर सड़क हादसे में रामपुर के युवक की मृत्यु पर सांसद मोहिब्बुल्लाह नदवी ने दुख जताया। प्रशासन से की न्याय की मांग की है।

शहर निवासी यासीन की उत्तराखंड के रानीबाग के समीप एक सड़क दुर्घटना में हुई असामयिक मृत्यु पर सांसद मोहिबुब्ल्लाह नदवी ने शोक व्यक्त किया है। इस हृदयविदारक घटना की सूचना मिलते ही सांसद ने मृतक के परिजनों के प्रति अपनी संवेदनाएं प्रकट कीं और घायल साथी के शीघ्र स्वस्थ होने की दुआ की। 16 मार्च को रामपुर निवासी यासीन अपने मित्र के साथ बाइक पर भीमताल से लौट रहे थे। रानीबाग के पास उत्तराखंड सरकार के एक अनियंत्रित वाहन ने बस को ओवरटेक करने के प्रयास में उनकी बाइक को टक्कर मार दी। इस भीषण टक्कर में यासीन की मौके पर ही मृत्यु हो गई, जबकि उनका मित्र गंभीर रूप से घायल हो गया और अस्पताल में उपचारधीन है।

घटना की गंभीरता को देखते हुए सांसद मोहिब्बुल्लाह नदवी ने तत्काल एसएसपी नैनीताल, मंजू नाथ टीसी से फोन पर वार्ता की। सांसद ने एसएसपी से इस मामले में एफआईआर दर्ज कर निष्पक्ष जांचकर और दोषी वाहन चालक के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई करने को कहा है। सांसद के कहने पर और एसएसपी मंजू नाथ के निर्देश पर एफ आई आर दर्ज कर ली गयी है।

सांसद मोहिब्बुल्लाह नदवी ने कहा की सरकारी वाहन द्वारा नियमों का उल्लंघन कर ओवरटेक करना एक गंभीर लापरवाही है, जिसने एक हंसते-खेलते परिवार को उजाड़ दिया है। सांसद ने उत्तराखंड सरकार और स्थानीय प्रशासन से मांग की है कि मृतक की विधवा पत्नी, जो वर्तमान में गहरे सदमे में हैं, उनकी पुकार सुनी जाए। यह जानकारी सासद प्रतिनिधि एडवोकेट महबूब अली पाशा ने दी।

एक नजर

जिला अस्पताल से हुई चोरी किया माल बरामद

रामपुर। जिला अस्पताल के प्राइवेट वार्ड में हुई 1 लाख रुपये की हुई चोरी का माल बरामद हो गया है। जहां अस्पताल प्रशासन ने पीड़ित को सुपुर्द कर दिया है। जिला अस्पताल में सप्ताह भर पहले प्राइवेट रुम से एक टेबलेट, दो मोबाइल फोन और एयर बर्ड चोरी कर लिए थे। रुम में रखा सामान ले जाने की वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो थी।

कार्निवाल में आई जलपरी देखने पहुंचे लोग

शाम से लेकर रात दस बजे तक रही भीड़

जागरण मोर्चा कार्यालय

रामपुर। तोपखाना गेट स्थित यंगमैन हॉकी मैदान में बुधवार से जलपरी शॉपिंग कार्निवाल आरंभ हो गया। जिसमें लोगों ने पहली बार जलपरी को देखा। इसके अलावा ,फुट कोर्ट, शापिंग बाजार, भूत बंगला, रंगारंग कार्यक्रम, ऊंट की सवारी, 50 से अधिक सैल्फी जॉन, गगन चुम्बी झूले और नवीनतम एडवेंचर, के अलावा वहां पर लगे झूलों का बच्चों ने आनंद लिया। यह सब कुछ एक ही ही छत के नीचे रहा। जलपरी शापिंग कार्निवाल आयोजक सुमित गुप्ता ने बताया कि बुधवार से जलपरी शॉपिंग कार्निवाल आरंभ हो गया। जिसमें काफी लोग घूमने का रहे हैं। पहली बार जलपरी आने के कारण लोग ज्यादा उत्साहित नजर आ रहे हैं। सुरक्षा के सारे बंदोबस्त किए गए हैं। सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं। इसके अलावा सभी स्थानों पर सिक्योरिटी गार्ड भी तैनात किए गए हैं। वाहन खड़े करने के लिए पार्किंग स्थल अलग से बनवाया गया है। जलपरी के आने पर लोग वहां पर आकर सेल्फी लेते रहे।

शॉपिग कार्निवाल में जलपरी देखते लोग। -जागरण मोर्चा

बच्चों को जल परी दिखाते परिजन। -जागरण मोर्चा

तेज रफ्तार बाइक ने साइकिल को मारी टक्कर हादसे में बुजुर्ग और बाइक सवार गंभीर घायल

जागरण मोर्चा कार्यालय

सैदनगर। अजीमनगर-जिठनियां रोड पर बुधवार शाम एक तेज रफ्तार बाइक ने साइकिल सवार बुजुर्ग को टक्कर मार दी। इस हादसे में साइकिल सवार बुजुर्ग और बाइक चालक दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को तत्काल अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना बुधवार शाम करीब 6:30 बजे पेट्रोल पंप के पास स्थित जायका होटल के सामने हुई। जानकारी के अनुसार, अजीमनगर थाना क्षेत्र के देवरनिया शुमाली निवासी 60 वर्षीय अली अहमद साइकिल से रामपुर से अपने गांव लौट रहे थे। इसी दौरान, जिठनियां की ओर से आ रही बाइक ने उन्हें टक्कर मार दी। हादसे में साइकिल सवार अली अहमद के साथ-साथ बाइक चला रहे नगलिया आकिल निवासी 50 वर्षीय अतीक भी बुरी तरह घायल हो गए। घटना की सूचना मिलते ही पीआरबी पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने ग्रामीणों की सहायता से दोनों घायलों को अस्पताल पहुंचाया।

मौके पर लगी लोगों की भीड़। -जागरण मोर्चा

नाबालिग को बहला फुसलाकर ले जाने वाला गिरफ्तार

जागरण मोर्चा कार्यालय शाहबाद। बुधवार को शाहबाद पुलिस ने नाबालिग युवती को बहला फुसलाकर अपने साथ ले जाने वाले आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश कर दिया। इससे पहले शाहबाद पुलिस द्वारा अपहर्ता को 13 मार्च को ही बरामद कर लिया था। शाहबाद पुलिस ने वादी की तहरीर पर उसकी नाबालिग पुत्री को बहला फुसलाकर ले जाने के मामले में मुकदमा पंजीकृत कराया था। विवेचना के दौरान मुख्य आरोपी के रूप में संतोष पुत्र विशंभर निवासी ग्राम अंजनी थाना सिरौली जनपद बरेली का नाम प्रकाश में आया। बुधवार को शाहबाद पुलिस ने मुकदमा में वांछित चल रहे आरोपी संतोष पुत्र विशंभर को लश्कर गंज मोड़ से गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश कर दिया। गिरफ्तार करने वाली टीम में एसआई अतिशय जैन, कांस्टेबल नफासत अली रहे।

एक किलो 36 ग्राम चरस के साथ तीन आरोपी गिरफ्तार

जागरण मोर्चा कार्यालय, रामपुर। बुधवार को एसटीएफ टीम लखनऊ द्वारा मुखबिर की सूचना पर थाना भोट क्षेत्र के गांव मिलक बिचौला के पास कोयला ग्राम की तरफ जाने वाले रास्ते से पहले हाईवे पर बाग के किनारे से गाड़ी 3 आरोपियों को गिरफ्तार किया। जिसमें शमीम पुत्र खान शीरी निवासीआइशा मस्जिद के पास कस्बा व थाना किठौर जनपद मेरठ के पास से एक डीएल व 400 रूपए नगद बरामद हुए। जबकि . हातम सिंह पुत्र अमर सिंह निवासी ग्राम झीडियो थाना किठौर जनपद मेरठ के पास से एक आधार कार्ड व 2520 रुपये बरामद हुआ।कन्हैया पुत्र राजकुमार नागर निवासी ग्राम झीडियो थाना किठौर जनपद मेरठ के पास से एक मोबाइल एप्पल आईफोन 11 प्रो व 200 रुपये नगद बरामद हुए तथा वाहन की तलाशी ली तो गोपनीय कैविटी के नीचे छुपाकर रखी हुई 1 किलो 36 ग्राम अफीम बरामद हुई। जिसके सम्बन्ध में एसटीएफ टीम द्वारा थाना भोट पर मुकदमा पंजीकृत कराया।थाना भोट पुलिस द्वारा आरोपियों को हिरासत में लेकर उनसे पूछताछ की जा रही है। गिरफ्तार करने वाली टीम में एसटीएफ मुख्यालय लखनऊ से निरीक्षक प्रमोद कुमार वर्मा, वीरेन्द्र सिंह यादव, हेड कांस्टेबल प्रभात कुमार,अमित यादव मौजूद रहे।

अज्ञात चालक पर रिपोर्ट दर्ज

जागरण मोर्चा कार्यालय, बिलासपुर। सड़क दुर्घटना में महिला की मौत होने के मामले में पुलिस अधीक्षक के आदेश पर थाना खजुरिया पुलिस ने अज्ञात कार चालक के खिलाफ संबंधित धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की। थाना खजुरिया क्षेत्र के गांव करसौली निवासी जगदीश कुमार द्वारा थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई।जिसमें कहा कि 29 दिसंबर 2025 को उसकी पत्नी उषा देवी तथा पुत्र रविशंकर गांव अहरो से चंदुपुरा जाने के लिए किसी वाहन का इंतजार कर रहे थे। उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि इसी बीच बिलासपुर दिशा से आ रही तेज रफ्तार कार के चालक ने पत्नी तथा बेटे को जोरदार टक्कर मारकर फरार हो गया। जिसके चलते उषा देवी की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। जबकि पुत्र रविशंकर को उपचार के लिए सीएचसी पर भर्ती कराया गया। जहां उसकी हालत गंभीर होने पर चिकित्सकों ने उसे हायर सेंटर रेफर कर दिया। वहां उसका उपचार जारी है। आरोप लगाया कि बाद में इस संबंध में उसने थाना खजुरिया पुलिस को शिकायती पत्र सौंपा। लेकिन पुलिस द्वारा कोई कार्रवाई नहीं की गई। बाद में पीड़ित ने एसपी को प्रार्थना पत्र देकर कार चालक के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। इस पर थानाध्यक्ष पंकज पंत ने कहा कि पुलिस अधीक्षक के आदेश पर अज्ञात कार के चालक के खिलाफ संबंधित धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है।

प्रवर्तन अभियान में 1409 वाहनों की जांच

जागरण मोर्चा कार्यालय, रामपुर। जनपद में सड़क सुरक्षा एवं यातायात नियमों के प्रभावी अनुपालन सुनिश्चित करने हेतु जिलाधिकारी श्री अजय कुमार द्विवेदी के निर्देशन में सघन प्रवर्तन अभियान संचालित किया गया। अभियान के अंतर्गत कुल 1409 वाहनों की गहन जांच की गई। जांच के दौरान 1 वाहन ओवरलोड पाया गया, जिस पर नियमानुसार कार्रवाई करते हुए 27,520 की वसूली की जा रही है। अधिकारियों द्वारा संबंधित विभागों को निर्देशित किया गया कि सड़क सुरक्षा मानकों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित कराया जाए तथा ओवरलोडिंग के विरुद्ध अभियान को निरंतर एवं प्रभावी रूप से संचालित किया जाए, जिससे सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम सुनिश्चित की जा सके।

पुलिस कर्मियों ने महिलाओं को पढ़ाया कानून का पाठ

जागरण मोर्चा कार्यालय, रामपुर। मिशन शक्ति- 5 अभियान के अंतर्गत महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं सशक्तिकरण को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए जनपद के थाना क्षेत्रों में मिशन शक्ति केन्द्र की टीमों एवं जनपदस्तरीय टीम द्वारा व्यापक जागरूकता अभियान चलाया गया। थाना-स्तरीय टीमों ने बाजारों, शॉपिंग मॉल, पार्क एवं सार्वजनिक स्थलों पर महिलाओं एवं बालिकाओं को जागरूक किया।

सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरी हाई स्कूल वर्ष 2003 की अंक तालिका अनुक्रमांक 0530036 इण्टर वर्ष 2006 की अंकतालिका अनुक्रमांक 2051110, बी.कॉम 15054205714 वास्तव में गुम हो गये है। दिनेश कुमार पुत्र नैन सुख निवासी सम्भल गेट चन्दौसी (सम्भल)

कोतवाली में सन्नाटा, रिश्वत प्रकरण के बाद एंटी करप्शन टीम की सक्रियता जारी

जागरण मोर्चा कार्यालय

स्वार: एंटी करप्शन टीम द्वारा कोतवाली में तैनात एक दरोगा को दस हजार रुपये की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किए जाने के बाद दूसरे दिन भी कोतवाली परिसर में सन्नाटा पसरा रहा। इस कार्रवाई के बाद पुलिस महकमे में हड़कंप की स्थिति बनी हुई है। कर्मियों के बीच खौफ का माहौल देखा जा रहा है।

मंगलवार को कोतवाली में तैनात दारोगा ओंकार नाथ को एंटी करप्शन की टीम ने थाने के अंदर दस हजार रूपये रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों दबोच लिया था और अपने साथ थाना अजीम नगर ले गई थी। जिससे थाने के पुलिसकर्मियों में हड़कंप मच गया था। बताया जा रहा है कि एंटी करप्शन टीम दूसरे दिन भी क्षेत्र में सक्रिय रही। टीम की मौजूदगी के चलते पुलिस कर्मियों की गतिविधियों पर विशेष नजर रखी जा रही है। इस घटना के बाद विभागीय स्तर पर भी सतर्कता बढ़ा दी गई है।

स्थानीय लोगों का कहना है कि इस कार्रवाई से भ्रष्टाचार के खिलाफ सख्त संदेश गया है। वहीं पुलिस विभाग के अधिकारी पूरे मामले पर नजर बनाए हुए हैं और आगे की कार्रवाई की प्रक्रिया जारी है। इस घटनाक्रम के बाद कोतवाली में सामान्य कार्य प्रभावित नजर आया और अधिकांश पुलिसकर्मी सतर्कता के साथ अपने कर्तव्यों का निर्वहन करते दिखे।

युवाओं को देश के विकास में अपने जीवन को साधना के रूप में अपनाने की दी प्रेरणा

जागरण मोर्चा कार्यालय

बिलासपुर : श्री गुरु तेग बहादुर साहिब राजकीय महाविद्यालय में युवा महोत्सव पहल का शुभारंभ हुआ। इस महोत्सव का उद्देश्य युवाओं में जागरूकता लाना और उनकी ऊर्जा को राष्ट्र निर्माण में लगाना है।

महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. नीत बिहारी लाल ने मुख्य अतिथि के रूप में मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया।छात्राओं ने सरस्वती वंदना और स्वागत गीत प्रस्तुत किया। कार्यक्रम की संयोजिका डॉ. नीलम मौर्य ने युवा महोत्सव की थीम की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि भारत सरकार ने युवाओं में जागरूकता लाने और उनकी शक्ति को केंद्रित करने के लिए स्वामी विवेकानंद की जयंती पर इस महोत्सव की शुरुआत की थी। यह पूरे भारत में विभिन्न संस्कृतियों को समझने और आत्मसात करने के उद्देश्य से मनाया जाता है।

कार्यक्रम के दौरान प्राचार्य ने कहा कि युवावस्था जीवन की सबसे महत्वपूर्ण और ऊर्जावान स्थिति होती है। उन्होंने छात्रों से इस ऊर्जा का उपयोग देश और स्वयं के विकास के साथ-साथ समाज के उत्थान के लिए करने का आह्वान किया। उन्होंने युवाओं को देश के विकास में अपने जीवन को साधना के रूप में अपनाने की प्रेरणा दी। युवा महोत्सव के दौरान विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। भाषण प्रतियोगिता में वंशिका ने प्रथम, देवेंद्र कुमार ने द्वितीय और प्रशांत सिंह ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।सुगम गायन प्रतियोगिता में कशिश यादव प्रथम, वंशिका द्वितीय और देवेंद्र कुमार तृतीय रहे। स्वरचित कविता पाठ में भी कशिश यादव ने प्रथम, वंशिका ने द्वितीय और देवेंद्र कुमार ने तृतीय स्थान हासिल किया। आशुवाद प्रतियोगिता में वंशिका प्रथम रहीं, जबकि नम्रता और कनिष्का यादव संयुक्त रूप से द्वितीय तथा देवेंद्र कुमार तृतीय स्थान पर रहे। इस अवसर पर वरिष्ठ प्रोफेसर विवेक तिवारी, डॉ. हर्षवर्द्धन मिश्र, डॉ. अवतार दीक्षित, दिव्यांशु कुमार सिंह, डॉ. संघरतन सिंह, शिल्पा राठी, डॉ. पंकज गंभीर आदि मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन डॉ. शिवओम शर्मा और समन्वयक डॉ. नीलिमा सिंह ने किया।

कार्यक्रम में लाभार्थियों को विभिन्न योजनाओं के चेक किए गए वितरित

सरकार की उपलब्धियों को जन-जन तक पहुंचाने हेतु प्रदर्शनी आयोजित

जागरण मोर्चा कार्यालय

रामपुर। प्रदेश सरकार के नव निर्माण के नौ वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर विकास भवन सभागार में विधायक मिलक-शाहबाद राजबाला, भाजपा जिला अध्यक्ष हरीश गंगवार, जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी, पुलिस अधीक्षक विद्यासागर मिश्र, मुख्य विकास अधिकारी गुलाब चन्द्र सहित अन्य अधिकारियों एवं लाभार्थियों की उपस्थिति में कार्यक्रम का आयोजन किया।

कार्यक्रम का शुभारम्भ लखनऊ स्थित लोकभवन से आयोजित मुख्यमंत्री के कार्यक्रम के सजीव प्रसारण को देख। मुख्यमंत्री के उद्बोधन को सुना।इस अवसर पर राजबाला ने कहा कि सरकार सर्वहिताय के मूलमंत्र पर कार्य करते हुए समाज के सभी वर्गों को लाभान्वित कर रही है। प्रदेश सरकार द्वारा स्वास्थ्य, शिक्षा,

विकास भवन में चेक देती विधायक मौजूद डीएम एवं जिलाध्यक्ष। -जागरण मोर्चा

किसानों, महिलाओं एवं वृद्धजनों के कल्याण हेतु विभिन्न योजनाएं संचालित की जा रही हैं। कानून व्यवस्था को सुदृढ़ कर महिलाओं एवं बालिकाओं को सुरक्षित वातावरण प्रदान किया गया है। उन्होंने कहा कि आवास, पेंशन, ऋण मोचन तथा आयुष्मान कार्ड जैसी योजनाओं से आमजन को लाभ मिल रहा है।

भाजपा जिला अध्यक्ष ने कहा कि प्रदेश सरकार के नौ वर्ष सेवा, सुरक्षा एवं सुशासन के प्रतीक हैं। सरकार द्वारा पारदर्शी एवं बिना भेदभाव के योजनाओं का क्रियान्वयन किया जा रहा है, जिससे आमजन का विश्वास निरंतर बढ़ा है। युवाओं को रोजगार एवं स्वरोजगार के अवसर उपलब्ध कराए जा रहे हैं। जिलाधिकारी ने कहा कि प्रदेश सरकार के 9 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में जनपद स्तर पर 9 दिवसीय प्रदर्शनी का आयोजन किया जा रहा है।

कार्यक्रम में मौजूद अधिकारी। -जागरण मोर्चा

इस आयोजन का उद्देश्य सरकार की उपलब्धियों, जनकल्याणकारी योजनाओं एवं विकास कार्यों को आमजन तक प्रभावी रूप से पहुंचाना है। प्रदर्शनी में विभिन्न विभागों द्वारा अपने-अपने स्टॉल लगाए गए हैं, जहां योजनाओं की विस्तृत जानकारी, पात्रता, आवेदन प्रक्रिया एवं लाभ प्राप्त करने की विधि के बारे में आमजन को अवगत कराया जा रहा है। इसके साथ ही लाभार्थियों को योजनाओं से जोड़ने के लिए मौके पर ही आवश्यक मार्गदर्शन भी उपलब्ध कराया जा रहा है।

कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री युवा उद्यमी योजना के तहत सुब्हान खां को आरओ वाटर प्लांट के लिए 5 लाख रुपये, ढाकनलाल को आईस्क्रीम बनाने के लिए 2.5 लाख, कृष्णपाल को बुटीक के लिए 2 लाख रुपये की धनराशि के डेमो चेक प्रदान किए। राज्य ग्रामीण अजीविका मिशन के तहत रानी स्वयं सहायता समूह सहित 7 स्वयं सहायता समूहों को उत्कृष्ट कार्य के लिए प्रमाण-पत्र प्रदान किया गया।

आवास की चाभी भी दी

मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना के अन्तर्गत धैर्य, अंश जैन, कल्पना, ऋषि श्रीवास्तव, ईशा मार्टिन, पिंकी कश्यप को जोड़ा।7 निराश्रित महिलाओं को पेंशन योजना से लाभान्वित किया।श्रम विभाग द्वारा राकेश, धर्मवीर, अब्दुल जब्बार को मातृत्व शिशु एवं बालिका मदद योजना के तहत 31000 रुपये एवं संजीव कुमार को 26000 रुपये का चेक प्रदान किया। मुख्यमंत्री आवास योजना के तहत तहसील स्वार ग्राम मधुपुरा ओमवती, तहसील मिलक ग्राम मेघानगला जदीद की चांदनी गंगवार एवं तहसील मिलक ग्राम पजाबा की संतोष कुमारी को आवास की प्रतिकात्मक चाभी प्रदान की गई। विकास भवन परिसर में स्थापित 9 दिवसीय प्रदर्शनी में विभिन्न विभागों द्वारा विभागीय योजनाओं से सम्बन्धित स्टॉल लगाए गए है। जिससे आमजन को विभागीय योजनाओं के सम्बन्ध में जानकारी प्राप्त होगी।

विकास भवन में किया गया किसान दिवस का आयोजन

जागरण मोर्चा कार्यालय

- किसानों की समस्याओं के निस्तारण के दिए गए निर्देश

रामपुरः उप कृषि निदेशक राम किशन सिंह की अध्यक्षता में विकास भवन सभागार में किसान दिवस का आयोजन किया। कार्यक्रम में गत माह आयोजित किसान दिवस में किसानों द्वारा उठाई समस्याओं,शिकायतों एवं संबंधित विभागीय अधिकारियों द्वारा किए निस्तारण को पढ़कर सुनाया।

किसान दिवस के दौरान जिला कृषि अधिकारी कुलदीप सिंह राणा ने जानकारी देते हुए बताया कि किसानों के सहयोग से जनपद में फार्मर रजिस्ट्री का कार्य शत-प्रतिशत पूर्ण कर लिया गया है। उन्होंने यह भी बताया कि गन्ने की अन्तःफसली के लिए जनपद के सभी राजकीय कृषि बीज भंडारों पर उड़द एवं मूंग के बीज पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध हैं, जिन्हें किसान ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से बुक कर निःशुल्क प्राप्त कर सकते हैं।

बीज प्राप्ति की अंतिम तिथि 21 मार्च निर्धारित की गई है। किसान दिवस में उपस्थित किसानों द्वारा विभिन्न समस्याएं भी उठाई गईं। छिद्दा नेता , तहसील अध्यक्ष सदर, भारतीय किसान यूनियन (अराजनैतिक) ने ग्राम ढक्का हरैटा से धनुपुरा तक जाने वाले क्षतिग्रस्त मार्ग की समस्या से अवगत कराया।

भानु प्रताप सिंह गंगवार, जिलाध्यक्ष भारतीय किसान यूनियन (अराजनैतिक) ने गेहूं खरीद के संबंध में जानकारी देते हुए मांग की कि जनपद में ब्लॉक एवं तहसील स्तर पर गेहूं क्रय करने वाली एजेंसियों की सूची ग्राम पंचायत सचिवालयों में उपलब्ध कराई जाए। किसानों को समय पर एमएसपी पर गेहूं विक्रय की सुविधा मिल सके।

इसी क्रम में किसान हसीन अहमद, ग्राम ककरौआ द्वारा शहजादनगर ढपका रोड से जुड़ी एक मार्ग की जर्जर स्थिति की समस्या उठाई। उप कृषि निदेशक ने सभी शिकायतों को गंभीरता से सुनते हुए संबंधित विभागीय अधिकारियों को समस्याओं के शीघ्र एवं प्रभावी निस्तारण के निर्देश दिए।

शाहबाद में नामित सभासदों और जिला कार्यकारिणी सदस्यों का स्वागत

जागरण मोर्चा कार्यालय

शाहबाद। उत्तर प्रदेश शासन द्वारा नामित सभासदों और भारतीय जनता पार्टी भाजपा रामपुर की जिला कार्यकारिणी के नवनिर्वाचित सदस्यों का शाहबाद तहसील में स्वागत किया गया। कार्यक्रम गन्ना समिति के चेयरमैन विवेक पांडे के चेंबर पर हुआ।

इस अवसर पर नरेश शर्मा, अमित चंद्रवंशी, अर्पित वशिष्ठ, अनुभव शर्मा और सुमित भटनागर को अंग वस्त्र पहनाकर उनका स्वागत किया गया। भूमि विकास बैंक के नवनिर्वाचित अध्यक्ष महेश चंद्रवंशी का भी स्वागत किया गया। कार्यक्रम में मंडल अध्यक्ष ठाकुर नरेंद्र सिंह, मंडल अध्यक्ष दर्शन लोधी, राम अवतार यादव,

शाहबाद में नामित सभासदों और जिला कार्यकारणी सदस्यों का स्वागत करते बीजेपी कार्यकर्ता। -जागरण मोर्चा

रोहित कुमार, ठाकुर जयवीर सिंह चौहान, वेद प्रकाश चंद्रवंशी, अधिवक्ता आशुतोष पाठक, कुमारी माधुरी सक्सेना, अमर सिंह एडवोकेट, संजीव कुमार मिश्रा एडवोकेट, नीरज बाबू, आनंदपाल सिंह, एडवोकेट सत्येंद्र गंगवार, तेजपाल लोधी, दिनेश पाल, राकेश राजपूत, संजीव ठाकुर, संजीव पांडे आदि रहे।

एसडीएम और सीओ के नेतृत्व में निकाला पैदल गश्त

जागरण मोर्चा कार्यालय

शाहबादः आगामी त्योहार ईद उल फितर के मद्देनजर शहर में एसडीएम आशुतोष कुमार, सीओ देवकीनंदन और कोतवाल प्रदीप कुमार के संयुक्त नेतृत्व में पैदल मार्च निकाला गया। इस दौरान लोगों से त्यौहार को शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण माहौल में मनाने की अपील की गई। साथ ही साथ शहर के रामपुर चौराहे पर पुलिस के जवानों ने अधिकारियों की मौजूदगी में दंगा नियंत्रण अभ्यास भी किया।

बुधवार को शाहबाद पुलिस ने एसडीएम आशुतोष कुमार, क्षेत्राधिकारी देवकीनंदन और कोतवाल प्रदीप कुमार के संयुक्त नेतृत्व में पैदल गश्त किया। पैदल गश्त कोतवाली से शुरू होकर मोहल्ला क़स्सवान, इस्लामिया स्कूल, पानी की टंकी होते हुए रामपुर चौराहे पर पहुंचकर सम्पन्न हुआ। जहां पुलिस कर्मियों ने दंगा नियंत्रण को लेकर उपकरणों का अभ्यास किया। इस दौरान उपजिलाधिकारी आशुतोष कुमार ने लोगों से शांति और सद्भाव के साथ ईद का त्यौहार मनाने की अपील की। उन्होंने कहा कि ईद आपसी भाईचारे और सौहार्द का त्योहार है, इसलिए सभी लोग मिलजुल मनाएं। किसी भी प्रकार की अफवाहों पर ध्यान न दें। क्षेत्राधिकारी देवकीनंदन ने आमजन से शासन व प्रशासन द्वारा जारी गाइडलाइन का पालन करने का भी आग्रह किया। थाना प्रभारी प्रदीप कुमार ने स्पष्ट किया कि कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस पूरी तरह मुस्तैद है। उन्होंने चेतावनी दी कि किसी भी प्रकार की शरारत या खुराफात करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। पैदल गश्त के दौरान एसआई दिलीप सिंह, एसआई रमेश चंद्र, हेड कांस्टेबल अनिल कुमार आदि रहे।

पंचायत सहायक, एकाउंटेंट-कम-डाटा एंट्री ऑपरेटर के 13 पदों पर आवेदन आमंत्रित

जागरण मोर्चा कार्यालय

रामपुर। जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी ने बताया कि जनपद में पंचायत सहायक,एकाउंटेंट-कम-डाटा एंट्री ऑपरेटर के 13 रिक्त पदों पर चयन के लिए शासनादेश में निर्दिष्ट योग्यता एवं दिशा-निर्देशों के अनुसार आवेदन पत्र आमंत्रित किए गए हैं। रिक्तियों का विवरण एवं आवेदन पत्र का प्रारूप संबंधित ग्राम पंचायत सचिवालय में उपलब्ध है।

उन्होंने बताया कि आवेदन पत्र जमा करने की अवधि 27 मार्च से 15 अप्रैल 2026 तक निर्धारित की गई है। 23 से 25 मार्च 2026 तक ग्राम पंचायतों द्वारा आवेदन प्रक्रिया की सूचना ग्राम पंचायत के सूचना पट्ट एवं मुनादी के माध्यम से दी जाएगी। अभ्यर्थी 27 मार्च से 15 अप्रैल 2026 तक अपना आवेदन व्यक्तिगत रूप से अथवा रजिस्टर्ड डाक के माध्यम से अपनी ग्राम पंचायत, विकास खण्ड कार्यालय अथवा जिला पंचायतराज अधिकारी कार्यालय में प्रस्तुत कर सकते हैं।उन्होंने बताया कि 16 से 22 अप्रैल 2026 तक जिला पंचायतराज अधिकारी एवं विकास खंड कार्यालय में प्राप्त समस्त आवेदन पत्र संबंधित ग्राम पंचायतों को उपलब्ध कराए जाएंगे। 23 से 30 अप्रैल 2026 तक ग्राम पंचायत द्वारा प्राप्त आवेदन पत्रों की जांच कर मेरिट सूची तैयार की जाएगी तथा प्रशासनिक समिति से अनुमोदन उपरांत सूची को जिला स्तरीय समिति (सदस्य सचिवरू जिला पंचायतराज अधिकारी) को प्रेषित किया जाएगा। 1 से 7 मई 2026 तक जिलाधिकारी की अध्यक्षता में गठित समिति द्वारा आवेदन पत्रों का परीक्षण किया जाएगा।

8 से 10 मई 2026 तक चयनित अभ्यर्थियों की संस्तुति के उपरांत ग्राम पंचायत द्वारा नियुक्ति पत्र निर्गत किए जाएंगे। जिलाधिकारी ने बताया कि अभ्यर्थी निर्धारित आवेदन प्रारूप पर सभी सूचनाएं अंकित कर निर्धारित समयावधि में आवेदन प्रस्तुत करें। सभी चयन प्रक्रिया शासनादेश में दिए गए प्राविधानों के अनुरूप संपन्न कराई जाएगी।

जनपद में एचपीवी टीकाकरण अभियान का शुभारम्भ

जागरण मोर्चा कार्यालय

- 14-15 वर्ष की किशोरियों को किया जाएगा प्रतिरक्षित

रामपुर। महिलाओं में होने वाले सर्वाइकल कैंसर की रोकथाम के लिए जनपद में 14-15 वर्ष आयु वर्ग जिन्होंने अपना 14 वां जन्मदिन मना लिया है, परन्तु 15 वर्ष की आयु पूर्ण नहीं की है।

किशोरियों को एचपीवी (ह्यूमन पैपिलोमा वायरस) वैक्सीन से प्रतिरक्षित किए जाने के लिए एचपीवी टीकाकरण अभियान का शुभारम्भ मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. दीपा सिंह द्वारा जिला महिला चिकित्सालय में फीता काटकर किया गया। उन्होंने बताया अभियान के तहत जनपद में 28,643 किशोरियों को एचपीवी वैक्सीन से प्रतिरक्षित किए जाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। यह अभियान 18 मार्च से जिला महिला चिकित्सालयल में प्रतिदिन प्रातः 9 बजे से अपरान्ह 2 बजे तक संचालित किया जाएगा। बताया कि अभियान के तहत पात्र किशोरियों को गार्डासिल-4 (क्वाड्रिवैलेंट 6, 11, 16, 18) एचपीवी वैक्सीन की एक खुराक दी जाएगी। अभिभावकों से अपील की है कि वे पात्र किशोरियों के साथ उनका जन्म प्रमाण पत्र अथवा आधार कार्ड लेकर जिला महिला चिकित्सालय, रामपुर में टीकाकरण अवश्य कराएं। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधीक्षक, जिला महिला चिकित्सालय, जिला क्षय रोग अधिकारी, अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी, एनएचएम, जिला प्रतिरक्षण अधिकारी, एसएमओ डब्ल्यूएचओ, पीओ, यूएडीपी एवं डीएमसी, यूनिसेफ सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

दिन निकलते ही एंजेसियों पर उपभोक्ताओं की रही लंबी कतारें, हंगामा भी

जागरण मोर्चा कार्यालय

बिलासपुरः रसोई गैस की किल्लत और वितरण में धांधली का आरोप लगाते हुए उपभोक्ताओं ने समाधान की मांग की। स्थानीय गैस एजेंसी के बाहर बड़ी संख्या में पहुंचे लोगों ने एजेंसी प्रबंधन और हाकर्स पर सिलेंडर की कालाबाजारी का आरोप लगाते हुए जमकर हंगामा किया। मंगलवार की सवेरे से ही हंगामा कर रहे उपभोक्ताओं का आरोप है कि उन्होंने काफी दिनों पहले बुकिंग करवाई है। इसके बावजूद भी सिलेंडर नहीं मिल रहा है।

आरोप लगाते हुए कहा कि एजेंसी के कर्मचारी आम लोगों को सप्लाई देने के बजाय, बाहरी लोगों और व्यावसायिक

गैस एजेंसी पर लगी लाइन। -जागरण मोर्चा

प्रतिष्ठानों को सिलेंडर की दुगनी रकम के एवज में पिछले दरवाजे से सिलेंडर बेच रहे हैं। सिलेंडर की लाइनों में लगे उपभोक्ताओं को बार-बार स्टॉक खत्म होने का बहाना बनाकर लौटा दिया जाता है, जबकि वहीं से ऊंचे दामों पर सिलेंडर की अवैध बिक्री धड़ल्ले से जारी है। मौके पर स्थिति बिगड़ती देख पुलिस और विभाग के अधिकारियों को सूचित किया। मौके पर प्रभारी निरीक्षक जीत सिंह कस्बा चौकी प्रभारी योगेश कुमार सहित पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। इस दौरान गुस्साए लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि गैस वितरण प्रणाली की जांच की जाए। कालाबाजारी में संलिप्त हाकर्स व एजेंसी संचालकों पर सख्त कानूनी कार्रवाई की जाए। उपभोक्ताओं ने चेतावनी दी है कि यदि वितरण व्यवस्था में सुधार नहीं हुआ, तो वे उग्र आंदोलन किया जाएगा।

टांडा में ईद के मद्देनजर नो एंट्री का समय बढ़ाने की मांग

जागरण मोर्चा कार्यालय, टांडाः भाजपा नेता पप्पन सक्सेना ने उपजिलाधिकारी को पत्र देकर ईद के त्यौहार के मद्देनजर नगर मुख्य मार्ग से भारी वाहनों के आवागमन के लिए नो एंट्री का समय सुबह 8 बजे से 11बजे करने की मांग की है।उपजिलाधिकारी को दिए गए पत्र में कहा गया है कि नगर में प्रतिवर्ष ईद के त्यौहार पर नगर के मैन बाज़ार में लोग रात्रि 11 बजे तक खरीदारी करते हैं।जिसके कारण मुख्य मार्ग पर काफी भीड़ रहती है। पिछले वर्ष रात्रि में ईद की खरीदारी करते समय एक युवती डम्पर की चपेट में आ गई थी, जिसकी मौके पर ही मृत्यु हो गई थी। जिस कारण बहुत बड़ा बवाल होने से बचा था।अब ईद पर्व पर फिर कोई अप्रिय घटना न घट सके, इसलिए 18 मार्च से 26 मार्च तक नो एंट्री का समय सुबह 8 बजे से रात्रि 8 बजे की बजाए रात्रि 11 बजे तक किया जाए।

साईकिल सवार अधेड़ की उपचार के दौरान मौत

जागरण मोर्चा कार्यालय

सैदनगर। अजीमनगर थाना क्षेत्र में बीते रोज एक सड़क हादसे में घायल मिलक अब्बू खां निवासी 55 वर्षीय साबिर अली की बुधवार को मुरादाबाद में इलाज के दौरान मौत हो गई। उन्हें गंभीर हालत में मुरादाबाद रेफर किया गया था।यह दुर्घटना रामपुर-स्वार मार्ग पर बहादुर गंज के पास हुई थी।

जानकारी के अनुसार, साबिर अली अपनी साईकिल से मुरसैना से घर मिलक अब्बू खां लौट रहे थे, तभी उनकी साईकिल को पीछे से आ रहे अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी थी। इस हादसे में साबिर अली गंभीर रूप से घायल हो गए थे। हादसे के बाद पुलिस ने ग्रामीणों की मदद से उन्हें तत्काल जिला अस्पताल में भर्ती



साबिर अली का फोटो।

कराया था। उनकी गंभीर हालत को देखते हुए डॉक्टरों ने उन्हें हायर सेंटर मुरादाबाद रेफर कर दिया था। मुरादाबाद में इलाज के दौरान बुधवार को उन्होंने दम तोड़ दिया। परिजन देर शाम शव गांव लेकर पहुंचे तो परिवार में कोहराम मच गया। परिजनों ने इस मामले में किसी भी प्रकार की कानूनी कार्रवाई कराने से इनकार कर दिया है। उन्होंने बिना पोस्टमार्टम के ही शव को सुपुर्द-ए-खाक कर दिया।

कुरआन मुकम्मल के दौरान रूहानी मजलिसों का हुआ आयोजन

जागरण मोर्चा कार्यालय

बिलासपुर : मुकद्दस रमजान शरीफ माह के चलते क्षेत्र की मस्जिदों में कुरआन मुकम्मल का सिलसिला जारी है। मंगलवार रात बाद नमाज़े तरावीह नगर क्षेत्र की दो मस्जिदें और एक मदरसे में कुरआन मुकम्मल के दौरान रूहानी मजलिसों का आयोजन किया गया।

तहसील क्षेत्र के हिरनखेड़ा शरीफ में औलादे अली हजरत सैय्यद चंदा मियां खानकाह में उत्तराखंड के हल्द्वानी निवासी सैय्यद फरहत मियां ने कुरआन की तिलावत की।समा फराइज रूद्रपुर निवासी सैय्यद आमिर मियां रहें। दरगाह और खानकाह के सज्जादानशीन सैय्यद अरशद कादरी ने कहा कि इस पाक महीने की फज़ीलत यह है,कि इसमें रहमत, बरकत और मगफिरत

कुरान मुकम्मल के दौरान मौजूद लोग। -जागरण मोर्चा

तीनों शामिल हैं,जो भी मोमिन बंदा पूरे सच्चे दिल से इबादत करने के बाद अल्लाह ताआला की बारगाह में हाथ फैलाकर दुआ मांगेगा तो,उसकी हर दुआ कबूल होती है।

इस दौरान उन्होंने ईद उल फितर के त्यौहार पर भाईचारा और शांति की अपील करते हुए मिल-जुलकर खुशियां बांटने का आग्रह किया।इसी के साथ मुल्क और कौम की सलामती और तरक्की के लिए दुआ भी कराई। इसी के साथ नगर के मौहल्ला भट्टी टोला स्थित मदरसा फैजाने शीदी में भी कुरआन मुकम्मल का आयोजन किया गया।

इस दौरान उलेमा ने रमजान और कुरआन की फज़ीलत बयां की।इस दौरान मौकें पर हाफ़िज़ अय्यूब अत्तारी,वसीम अंसारी, सलीम अंसारी, डॉक्टर सैय्यद रियासत मियां,अनस अत्तारी आदि मौजूद रहे। उधर कस्बा राजपुर की जामा मस्जिद में भी कुरआन शरीफ मुकम्मल किया गया।

इस दौरान मस्जिद के इमाम हाफिज शुऐब ने कुरआन सुनाया जबकि समा ए फराइज़ हाफ़िज़ आदिल रहें।

इस मौकें मौके पर मस्जिद को रंग-बिरंगी झालरों से सजाया गया था और मुल्क और कौम की सलामती और तरक्की के दुआएं कर शरीनी तक्सीम की गई। इस मौकें पर गुच्छन खां, इरफान खां, महबूब कुरैशी, गुलाम नबी, मौहम्मद यूसुफ आदि मौजूद रहे।

लापता महिला का चार दिन बाद भी सुराग नहीं

जागरण मोर्चा कार्यालय, मसवासी। चौकी क्षेत्र के गांव रहमतगंज निवासी खेम सिंह पुत्र जयप्रकाश ने स्वार कोतवाली में

प्रियंका।

रिपोर्ट दर्ज कराई है कि उसकी पत्नी प्रियंका उम्र 24 वर्ष मानसिक रूप से कमजोर है।वह 14 फरवरी की शाम को घर से बिना बताए कहीं चली गई है जिसकी आसपास खोजबीन की गई। रिश्तेदारों में भी ढूंढा गया लेकिन उसका कोई पता नहीं चल सका है। चौकी पुलिस को भी तहरीर सौंपकर कार्रवाई की मांग की है चौकी पुलिस ने तहरीर के आधार पर महिला की गुमशुदगी दर्ज कर ली है।खोजबीन शुरू कर दी है। पुलिस ने बताया कि लापता महिला की तलाश जारी है।

आगामी त्योहारों के मद्देनजर कोतवाली पुलिस ने किया पैदल मार्च

जागरण मोर्चा कार्यालय

टांडाः आगामी त्योहारों के मद्देनजर किसी भी आपात स्थिति को नियंत्रित करने के लिए बुधवार को एसडीएम व प्रभारी निरीक्षक के नेतृत्व में कोतवाली पुलिस ने दंगा रोधी उपकरणों के साथ नगर के मुख्य मार्गों पर पैदल मार्च किया। ईद-उल-फितर और नवरात्र पर्व को शांतिपूर्ण एवं ढंग से संपन्न कराने के लिए पुलिस-प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद नजर आ रहा है।

बुधवार को कोतवाली पुलिस ने एसडीएम राजकुमार भास्कर के नेतृत्व में सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने के उद्देश्य से दंगा रोधी उपकरणों के साथ नगर के रामपुर मार्ग और टाण्डा-मुरादाबाद मार्ग पर पैदल मार्च

टांडा नगर में पैदल गश्त करते उपजिलाधिकारी व कोतवाली पुलिस।

किया।आगामी त्योहारों के मद्देनजर किसी भी आपात स्थिति को नियंत्रण में करने के लिए बुधवार को कोतवाली परिसर में बलवा ड्रिल का आयोजन किया गया। इस दौरान पुलिसकर्मियों ने दंगा रोधी उपकरणों से अभ्यास किया। इसके बाद एसडीएम राजकुमार भास्कर और प्रभारी निरीक्षक संदीप मिश्रा के नेतृत्व में पुलिस फोर्स ने नगर के बाजारों और संवेदनशील इलाकों में पैदल भ्रमण किया। एसडीएम ने बताया कि बुधवार को कोतवाली परिसर में आयोजित बलवा ड्रिल में प्रभारी निरीक्षक की निगरानी में पुलिसकर्मियों को दंगा निरोधक उपकरणों का प्रयोग कर भीड़ को नियंत्रित एवं तितर-बितर करने की रणनीति, सुरक्षात्मक उपकरण के उपयोग के तरीके बताए गए।

जिलाधिकारी की माइक्रो-प्लानिंग और घर-घर चले अभियान ने दिलाई ऐतिहासिक सफलता

जनपद ने 100.03 प्रतिशत फार्मर रजिस्ट्री पूरा कर प्रदेश में फिर लहराया परचम

जागरण मोर्चा कार्यालय

रामपुर। कृषि क्षेत्र में डिजिटलाइजेशन और पारदर्शिता लाने के उद्देश्य से चलाई जा रही एग्रीस्टैक परियोजना के तहत रामपुर ने एक बार फिर पूरे उत्तर प्रदेश में अपनी बादशाहत कायम की है। 100.03 प्रतिशत फार्मर रजिस्ट्री (किसान पंजीकरण) का लक्ष्य पूरा कर रामपुर राज्य का पहला जिला बन गया है। इसी के साथ फार्मर रजिस्ट्री में प्रदेश के टॉप 5 जिलों में रामपुर 100.03 प्रतिशत, गाजियाबाद 94.06 प्रतिशत, अम्बेडकर नगर 90.46 प्रतिशत, औरैयारू 88.84 प्रतिशत, बाराबंकी 87.49 प्रतिशत शामिल हैं।

जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी के कुशल नेतृत्व, निरंतर मॉनिटरिंग और विभिन्न विभागों की संयुक्त टीमों द्वारा चलाए गए डोर-टू-डोर अभियान ने इस असंभव से दिखने वाले लक्ष्य को तय समय से पहले ही मुमकिन कर दिखाया है। अब जिले के किसानों को खाद, बीज या सरकारी योजनाओं के लिए तहसीलों और दफ्तरों की चौखट पर नहीं जाना पड़ेगा।शासन द्वारा 1 जनवरी 2026 से 31 मार्च 2026 तक फार्मर रजिस्ट्री के लिए एक विशेष अभियान की शुरुआत की गई थी। इस अभियान का उद्देश्य हर एक किसान को डिजिटल मैप पर लाना और उनका ग्रीन डेटा तैयार करना था। जनपद को 2,09,828 किसानों की रजिस्ट्री का भारी-भरकम लक्ष्य आवंटित किया था। 31 दिसंबर 2025 तक 1,93,753 किसानों का डेटा फीड हो चुका था, लेकिन असली चुनौती बचे हुए उन किसानों को जोड़ने की थी, जिनके रिकॉर्ड में तकनीकी खामियां थीं।

इस चुनौती को पार करने के लिए जिलाधिकारी ने खुद मोर्चा संभाला। उन्होंने युद्धस्तर पर अभियान चलाते हुए हर सप्ताह समीक्षा बैठकें कीं। बेहतर काम करने वाले कर्मचारियों की पीठ थपथपाई गई, वहीं लापरवाही बरतने वालों और कम प्रगति वाले कर्मचारियों के खिलाफ दंडात्मक कार्रवाई से भी गुरेज नहीं किया गया। राजस्व, कृषि, पंचायती राज, ग्राम्य विकास और गन्ना विभाग की संयुक्त टीमें बनाई गईं। लेखपालों से लेकर पंचायत सहायकों और कोटेदारों तक ने घर-घर जाकर किसानों का डेटा फीड किया।

रामपुर की पुरानी है नंबर वन रहने की आदत

यह पहली बार नहीं है जब रामपुर ने फार्मर रजिस्ट्री में डंका बजाया हो। इससे पूर्व जब प्रदेश में 50 प्रतिशत फार्मर रजिस्ट्री का लक्ष्य रखा गया था, तब भी रामपुर ने सबसे पहले इसे पूरा कर प्रदेश में प्रथम पुरस्कार हासिल किया था। अब 100 प्रतिशत लक्ष्य हासिल कर जिले ने फिर साबित कर दिया है कि बेहतर प्रशासनिक इच्छाशक्ति से कोई भी लक्ष्य हासिल किया जा सकता है। फार्मर रजिस्ट्री केवल एक कागजी खानापूर्ति नहीं, बल्कि किसानों के लिए सुविधाओं का स्मार्ट कार्ड है। ई-केवाईसी और डेटा मिसमैच के कारण रुकने वाली किसान सम्मान निधि अब बिना किसी रुकावट (निर्बाध रूप से) सीधे खाते में आएगी। किसान क्रेडिट कार्ड (केसीसी) बनवाने या रिन्यू कराने के लिए अब खतौनी निकालने और बार-बार दस्तावेजों के सत्यापन की जरूरत नहीं होगी। बैंक सीधे पोर्टल से डेटा ले लेंगे। किसानों को उनकी जमीन के अनुपात में पारदर्शी तरीके से, सुविधाजनक और निर्धारित मूल्य पर उर्वरक मिलेगा। एमएसपी पर बिक्री में तेजीरू एग्रीस्टैक में शामिल होने से डिजिटल क्रॉप सर्वे आसान होगा, जिससे न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) पर फसलों की बिक्री त्वरित और झंझट-मुक्त होगी। राज्य और केंद्र सरकार की किसी भी नई योजना का लाभ लेने के लिए बार-बार अभिलेखों के सत्यापन से हमेशा के लिए मुक्ति मिल जाएगी।

5650 किसानों के रिकॉर्ड सुधारे गए

जिले में सबसे बड़ी बाधा करीब 5650 किसानों के भू-लेख विवरण और आधार कार्ड के डेटा में मिसमैच (नाम या स्पेलिंग की गलती) होना था। प्रशासन ने इसे एक मिशन के रूप में लिया। खतौनियों में अंश निर्धारण और त्रुटिपूर्ण नामों को सुधारने का विशेष अभियान चलाया गया। किसानों को जागरूक करने के लिए ग्राम पंचायतों में खुली चौपालें लगीं, किसान गोष्ठियां हुईं, सांस्कृतिक कार्यक्रमों, वॉल पेंटिंग और प्रचार वाहनों के जरिए गांव-गांव अलख जगाई गई।

प्रशासन की अपील-जो बचे हैं, वे आज ही कराएं रजिस्ट्री

शत-प्रतिशत लक्ष्य हासिल होने के बावजूद, जिला प्रशासन ने अपील की है कि किसान सम्मान निधि के अलावा अन्य योजनाओं का लाभ ले रहे जो भी इक्का-दुक्का किसान किसी कारणवश छूट गए हैं, वे प्राथमिकता के आधार पर अपनी रजिस्ट्री करा लें। क्योंकि भविष्य में संतुलित उर्वरक प्रयोग के दृष्टिगत, फार्मर रजिस्ट्री में दर्ज भूमि के आधार पर ही खाद मिलने की बाध्यता हो सकती है।किसान अपने नजदीकी जन सुविधा केंद्र (सीएससी) या कृषि,राजस्व विभाग के क्षेत्रीय कर्मचारी से संपर्क कर सकते हैं। स्वयं भी पोर्टल पर जाकर या मोबाइल पर एप के माध्यम से रजिस्ट्रेशन कर सकते हैं। जाते समय अपना आधार कार्ड, जमीन की खतौनी और आधार से लिंक मोबाइल नंबर साथ ले जाना अनिवार्य है।

रामपुर का 100 प्रतिशत फार्मर रजिस्ट्री का लक्ष्य हासिल करना पूरे जिला प्रशासन, राजस्व विभाग की टीम और हमारे जागरूक किसानों की सामूहिक जीत है। हमने न केवल कागजों पर लक्ष्य पूरा किया है, बल्कि यह भी सुनिश्चित किया है कि हर पात्र किसान इस डिजिटल क्रांति का हिस्सा बने। अब हमारे किसानों को सरकारी योजनाओं का लाभ बिना किसी बिचौलिए के, पूरी पारदर्शिता और तेजी के साथ मिलेगा।

-अजय कुमार द्विवेदी, डीएम

जिला महिला चिकित्सालय में फीता काटकर शुभारंभ करतीं सीएमओ।

सर्वाइकल कैंसर किशोरियों को लगी वैक्सीन

जागरण मोर्चा कार्यालय

रामपुर। महिलाओं में होने वाले सर्वाइकल कैंसर की रोकथाम के लिए एचपीवी वैक्सीन किशोरियों को लगाई गई। बुधवार को जिला महिला चिकित्सालय में मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. दीपा सिंह ने फीता काटकर अभियान का शुभारंभ किया। जनपद में 28,643 किशोरियों को एचपीवी वैक्सीन का टीका लगाया जाएगा।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ.दीपा सिंह ने बताया कि सर्वाइकल कैंसर एक गंभीर बीमारी है, लेकिन समय पर एचपीवी वैक्सीन के माध्यम से इससे बचाव संभव है। इसी उद्देश्य से जनपद में विशेष टीकाकरण अभियान का शुभारंभ किया गया है। यह सुबह 9 से अपराह्न 2 बजे तक संचालित किया जाएगा। अभियान के तहत किशोरियों को एचपीवी वैक्सीन की एक खुराक दी जाएगी। जो सर्वाइकल कैंसर से बचाव में प्रभावी मानी जाती है। टीकाकरण के लिए अभिभावक अपनी किशोरियों के साथ उनका जन्म से संबंधित प्रमाण पत्र अथवा आधार कार्ड अवश्य लेकर आएं। जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डॉ.केके चहल ने बताया कि पात्र किशोरियों अपना 14 वां जन्मदिन मना लिया है लेकिन 15 वर्ष की आयु पूर्ण नहीं की तो एचपीवी वैक्सीन का टीका जरूर लगवाएं।

स्टाफ के किसी सदस्य का शोषण नहीं होगा: नविंद्र

गोष्ठी में बैंक कर्मियों की रखी गई समस्याएं, दिया आश्वासन

जागरण मोर्चा कार्यालय

रामपुर। भारतीय स्टेट बैंक के मुख्य शाखा के हाल में स्टेट बैंक ऑफ इंडिया स्टाफ एसोसिएशन रामपुर, संभल जिले के स्टाफ एसोसिएशन के सदस्यों की गोष्ठी का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम उप महामंत्री कामरेड नविंद्र कुमार, सहायक महामंत्री दिनकर राव सहित सभी पदाधिकारियों का मुख्य शाखा में आगमन पर फूल और मालाओं से तथा ढोल द्वारा जोरदार स्वागत किया गया।

उप महामंत्री कामरेड नविंद्र कुमार ने कहा कि किसी भी स्टाफ सदस्य का शोषण बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्हें जानकारी मिली है कि कुछ सदस्यों को शाम को देर तक बैंक में कार्य करने के लिए विवश किया जा रहा है। अगर किसी किसी भी शाखा के सदस्य को देर रात तक बैंक में कार्य करने के लिए बैंक प्रबंधन द्वारा रोका जा रहा है तो वह अभिलंब सूचित करें। संगठन स्तर पर कार्रवाई की जाएगी। राष्ट्रीय संगठन द्वारा पांच दिवसीय बैंकिंग की मांग राष्ट्रीय स्तर पर चल रही है अगर सरकार हमारी मांग को नहीं मानती है तो हमें विवश होकर अनिश्चितकालीन हड़ताल पर जाना पड़ेगा। सहायक महामंत्री कामरेड दिनकर राव ने संगठन की एकता पर जोर दिया। मुख्य शाखा की सचिव उत्कर्षा सिंह ने संगठन को मजबूत बनाने के लिए तथा स्टाफ की कमी की समस्या का जिक्र किया। संगठनात्मक गोष्ठी में रामपुर जिले के क्षेत्रीय कार्यालय क्षेत्र 5 रामपुर, स्वार, अजीतपुर, बिलासपुर, मिलक, भोट, दुर्गा नगला, रामपुर डिस्टलरी, संभल जिले की चंदौसी, भैंसोरी आदि शाखों की महिला सदस्य ने भाग लिया। इस अवसर पर अक्षी अग्रवाल, शिवानी, अपूर्वा जैन, याशी, वंशिका, राधिका, प्राची, कम्मो, रामेंद्र गोली, दिनेश, गंगा दिन, प्रमोद, अनिल कुमार शर्मा, दिनेश पाल सिंह, केशव गुप्ता, राहुल सिंह, जितेंद्र वर्मा, रितेश कुमार द्विवेदी आदि मौजूद रहे।

उप महामंत्री कामरेड का फूलों से स्वागत करते बैंककर्मी। -जागरण मोर्चा

गोष्ठी में मौजूद व्यापारी। -जागरण मोर्चा

व्यापरियों के साथ अधिकारियों ने की गोष्ठी

जागरण मोर्चा कार्यालय

रामपुर। पुलिस अधीक्षक विद्या सागर मिश्र एवं अपर पुलिस अधीक्षक अनुराग सिंह द्वारा नगर के व्यापारियों के साथ गोष्ठी का आयोजन किया।

बुधवार को पुलिस अधीक्षक विद्या सागर मिश्र और अपर पुलिस अधीक्षक अनुराग सिंह के साथ पुलिस लाइन सभागार कक्ष में जनपद के सभी व्यापारियों के साथ गोष्ठी की। गोष्ठी में व्यापारियों से उनकी समस्याओं के संबंध में वार्ता की।एवं समस्याओं के शीघ्र व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के लिए सम्बन्धित को निर्देशित किया। इस दौरान सम्बन्धित अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे।

नामित सभासदों को अंगवस्त्र भेंट कर किया स्वागत

सभासद सुमित अरोरा के आवास पर हुआ कार्यक्रम

जागरण मोर्चा कार्यालय

रामपुर। नगर पालिका परिषद क्षेत्र में सरकार द्वारा मनोनीत नामित सभासदों के सम्मान में एक भव्य स्वागत समारोह का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम समाजसेवी, सभासद सुमित अरोरा के आवास पर संपन्न हुआ। इस अवसर पर नव-मनोनीत नामित सभासदों का फूल-मालाओं एवं अंगवस्त्र भेंट कर गर्मजोशी से स्वागत किया गया।

कार्यक्रम में उपस्थित जनप्रतिनिधियों एवं गणमान्य नागरिकों ने सभी मनोनीत सदस्यों को बधाई दी। उनसे नगर के विकास एवं जनसेवा के कार्यों में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया। कार्यक्रम में नगर पालिका परिषद के सदस्य सुमित अरोड़ा ने कहा कि सभी मनोनीत सभासदों का अनुभव और सहयोग नगर के समग्र विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। उन्होंने कहा कि केंद्र एवं प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को जमीनी स्तर तक पहुंचाने के लिए सभी को मिलकर कार्य करना होगा। इस अवसर पर दिनेश कश्यप, अशोक बाबू सैनी, अधिवक्ता विनोद कश्यप, संजू बाबा प्रजापति, डॉ. तेजवीर सिंह, विवेक रूहेला, नवीन भाटिया, पंडित अंकुर, नामित सभासद पूजा गुप्ता, पीयूष श्रीमाली, विवेक विश्नोई, अजय अरोरा एवं गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

नामित सभासदों के साथ खड़े सुमित अरोरा। -जागरण मोर्चा

हेल्प डेस्क पर कर्मचारी गैरहाजिर मिलने पर जताई नाराजगी

जागरण मोर्चा कार्यालय

रामपुर। नवाबगेट स्थित बिजली विभाग के डिवीजन में हेल्प डेस्क में कर्मचारी गैरहाजिर मिलने पर अधिशासी अभियंता ने नाराजगी जताई। उन्होंने आनन फानन में डेस्क पर तैनात कर्मचारी के बारे में पूछा।

कर्मचारी ने कहा कि कार्यालय में डयूटी करना तो डयूटी करना है। अन्यथा किसी और डिवीजन में स्थानातंरण करा लो। उन्होंने बिना बताए कर्मचारी के अनुपस्थित रहने पर एक दिन का वेतन के भी आदेश दिए। साथ ही अनुपस्थित कर्मचारी के स्थान पर दूसरे की डयूटी लगाई गई है। एक्सईएन की इस कार्रवाई अन्य कर्मचारियों में खलबली मची रही। सुबह करीब 11 बजे अधिशासी अभियंता पीके शर्मा जब कार्यालय पहुंचे। कार्यालय में बनी हेल्प डेस्क पर जब उनकी नजर पड़ी तो नजारा देखने के लायक था।

यह देख वह आक्रोशित हो गए। कार्यालय में आते ही उन्होंने हेल्प डेस्क पर तैनात कर्मचारी के बारे में जानकारी ली। तो मालूम हुआ कि वह आज अवकाश पर है। उन्होंने कार्यालय में तैनात दूसरे कर्मचारी को बुलाया। उन्हें हेल्प डेस्क पर तैनाती के लिए निर्देशित किया। एक्सईएन ने सभी कर्मचारियों को निर्देशित किया है कि डयूटी में किसी भी प्रकार की लापरवाही नहीं होना चाहिए। अन्यथा विभागीय कार्रवाई की जाएगी।

स्वार में ज्वाला जी की पवित्र ज्योति लेकर पहुंचे श्रद्धालु

नगर में ज्योति का पुष्प वर्षा कर किया स्वागत

जागरण मोर्चा कार्यालय

स्वार: चैत्र नवरात्र पर श्रद्धालुओं द्वारा नगर में धूमधाम से ज्वाला जी की पवित्र ज्योति को लाया गया। जगह- जगह लोगों ने पवित्र ज्योति के दर्शन कर माथा टेका।ज्योति को गीता मंदिर में स्थापित किया गया है। गुरुवार से चैत्र नवरात्र शुरु हो रहे है। जिसको लेकर श्रद्धालुओं द्वारा तैयारियां जोर शोर से की गई है।

बुधवार को उत्तराखंड के गदरपुर के श्रद्धालुओं द्वारा प्रत्येक वर्ष की भांति ज्वाला जी की पवित्र ज्योति को लाया गया। भारी संख्या में नगर से श्रद्धालु उत्तराखंड के दोराहा पहुंचे।हिमाचल प्रदेश के ज्वाला जी से लाई पवित्र ज्योति को लिया गया। धूमधाम से ढोल नगाड़ों के साथ पैदल नगर में ज्योति को लाया गया। मानपुर, बिजारखाता, नरपत नगर में लोगों ने ज्वाला जी की पवित्र ज्योति के दर्शन कर माथा टेका।

नगर पहुंचने पर ज्वाला जी की ज्योति की शोभायात्रा निकाली गई। शोभा यात्रा स्वार बाजपुर मार्ग, स्वार कोतवाली मार्ग, मुख्य बजार, सैनी मोहल्ला से होते हुए गीता मंदिर पर पहुंची। जगह-जगह श्रद्धालुओं ने ज्योति पर पुष्प वर्षा करके स्वागत किया।

पंजाबी कालोनी स्थित गीता मंदिर मे पूजा अर्चना के बाद ज्योति को नौ दिनों के लिए स्थापित किया। इस दौरान राकेश राठौर,बंटी सक्सेना, जयगोपाल अरोरा, पूरन राठौर, रमेश सचदेवा, सुभाष सपरा, अजेंद्र राठौर, अतुल अरोरा, गगन सचदेवा, अनिल सपरा, पूरन पाल, मुकेश वर्मा साहित भारी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।

स्वार में पवित्र ज्योति लाते श्रद्धालु। -जागरण मोर्चा

इफ्तार के समय बिजली कटौती से भड़के ग्रामीण, एसडीएम से की शिकायत

जागरण मोर्चा कार्यालय

शाहबाद: तहसील क्षेत्र के गांव मित्तरपुर अहरौला में बिजली आपूर्ति को लेकर ग्रामीणों में नाराजगी बढ़ती जा रही है। ग्राम प्रधान इंजमाम उल हक ने बिजली विभाग के ठेकेदारों पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए कहा कि निर्धारित शेड्यूल का पालन नहीं किया जा रहा है।

उन्होंने बताया कि गांव में दोपहर 12 बजे से तीन बजे तक बिजली कटौती का शेड्यूल तय है, लेकिन इसके उलट विभाग शाम के समय, खासकर रोजा इफ्तार के वक्त भी बिजली आपूर्ति बाधित कर देता है। इससे रोजेदारों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।ग्राम प्रधान का कहना है कि कई बार विभागीय अधिकारियों से शिकायत की गई, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हो रही है। स्थिति में सुधार न होने पर अब एसडीएम से ईद के मद्देनजर बिजली व्यवस्था दुरुस्त कराने की मांग की गई है। वहीं ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही समस्या का समाधान नहीं हुआ तो वे आंदोलन के लिए मजबूर होंगे।

प्रधान इंजमाम उल हक।

आयोजन कार्यक्रम में पूर्व मंत्री नवेद मियां समेत कई राजघरानों के प्रतिनिधि शामिल हुए

हैदराबाद में रामपुर समेत कई राजघरानों की विरासत का शाही उत्सव

जागरण मोर्चा कार्यालय

रामपुर। हैदराबाद में रामपुर समेत कई राजघरानों की विरासत का शाही उत्सव देखने को मिला। कार्यक्रम में रामपुर के अंतिम शासक के पौत्र पूर्व मंत्री नवाब काजिम अली खां उर्फ नवेद मियां समेत कई राजघरानों के प्रतिनिधि शामिल हुए।

रॉयल फेबल्स द्वारा हैदराबाद में आयोजित तीन दिवसीय प्रदर्शनी का उद्घाटन तेलंगाना के पूर्व मुख्यमंत्री चंद्रशेखर राव की पुत्री पूर्व सांसद कलवाकुंतला कविता और पार्वथी रेड्डी द्वारा किया गया। पूर्व मंत्री नवाब काजिम अली खां उर्फ नवेद मियां, कुंवरानी अंबिकराजे घोरपड़े ऑफ़ संदूर, प्रिंसेस मंजरी मिश्रा ऑफ अयोध्या, गौरांग शाह व प्रतीक्षा प्रशांत बतौर विशिष्ट अथिति मौजूद रहे। पूर्व मंत्री नवेद मियां के पीआरओ काशिफ खां ने बताया कि रॉयल फेबल्स की संस्थापक अंशु खन्ना और चारू सिंह के इस शानदार आयोजन में विरासत का शाही उत्सव देखने को मिला। ऐसा लगा कि रियासतों की परम्पराएं फिर जीवित हो उठीं। परिधानों, आभूषणों, व्यंजनों और संग्रहणीय विरासत वस्तुओं के माध्यम से भारत की शाही कहानी बयां की गईं। भारत के पूर्व शाही परिवारों के चुनिंदा प्रतिनिधियों ने इस आयोजन को रौनक बख्शी।

रामपुर नवाब काजिम अली खां उर्फ नवेद मियां, स्योहारा की कुंवरानी कामिनी सिंह, कच्ची बड़ौदा की राजकुमारी रोहिणी सिंह गुप्ता, बारिया की रानी जयकीर्ति सिंह आदि शामिल रहे।हैदराबाद के शाही परिवार की ओर से राजघरानों के प्रतिनिधियों के सम्मान में शाही रात्रि भोज का आयोजन किया। जिसमें रामपुर के नवाब काज़िम अली खां उर्फ नवेद मियां, प्रिंसेस मंजरी मिश्रा ऑफ़ अयोध्या, संदूर की कंवरानी अंबिकाराजे घोरपड़े, बदनोर की रानी अर्चना कुमारी, बारिया की रानी जयकीर्ति सिंह, कंवरानी कामिनी सिंह ऑफ़ स्योहारा, राजकुमारी रोहिणी सिंह गुप्ता ऑफ कच्छी बड़ौदा, गौरा राज तालुकदारी अवध की राजकुमारी नंदिनी सिंह, नवाब सैयद अहमद खां, दिग्विजय सिंह, नम्रता सिंह, नीलू सिंह, कुंवर भूमेंद्र सिंह आदि शामिल हुए।

कार्यक्रम में शिरकत करते पूर्व मंत्री नवाब काजिम अली खां उर्फ नवेद मियां।

मनु महिला तो रितेश बने युवा प्रमुख

जागरण मोर्चा कार्यालय, रामपुर। स्वदेशी जागरण मंच के राष्ट्रीय सह संयोजक डॉ. राजीव सिंह रामपुर की इकाई का गठन किया है।

जिला संयोजक मनोज सैनी की सहमति के बाद उन्होंने रितेश को युवा प्रमुख, विभोर सक्सेना को जिला सह संयोजक, उमेश प्रजापति को कोष प्रमुख, गजेंद्र सैनी को संघर्ष वाहिनी प्रमुख, धनंजय सैनी को विचार विभाग प्रमुख, गुलाब सैनी को प्रचार प्रमुख, मनु सक्सेना को महिला प्रमुख एवं गिरीश आर्य को संपर्क प्रमुख मनोनीत किया है।

उन्होंने सभी से स्वदेशी अपनाने और राष्ट्र को मजबूत बनाने की अपील की है। इस अवसर पर क्षेत्रीय संयोजक कुलदीप सिंह, प्रमोद कुमार लोधी आदि उपस्थित रहे।

रमजान में सदका खैरात जकात से करें गरीबों की मदद : मेराज मियां

जागरण मोर्चा कार्यालय

दढ़ियाल: क्षेत्र के गांव दूंदावाला के शहर इमाम सैयद मिराज मियां ने रमजान के पवित्र महीने में जरूरतमंदों और गरीबों की मदद करने की अपील की है। कहा कि माहे रमजान मुस्तहिक लोगों की सहायता करने का महीना है।

इमाम सैयद मिराज मियां ने बताया कि रमजान से संबंधित कई हदीसें मिलती हैं, जिनमें गरीबों की मदद करने पर जोर दिया गया है। उन्होंने लोगों से आत्मनिरीक्षण करने का आग्रह किया कि क्या वे वास्तव में जरूरतमंदों की वैसी ही मदद करते हैं जैसी करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि सिर्फ सदका-ए-फित्र देकर यह नहीं समझना चाहिए कि हक अदा हो गया। अल्लाह की राह में खर्च करने में कंजूसी नहीं करनी चाहिए, क्योंकि यह अफजल माना जाता है। गरीबों की मदद करना और दूसरों के काम आना भी एक इबादत है। जकात, सदका, फितरा और खैरात के माध्यम से जरूरतमंदों, दोस्तों और रिश्तेदारों की मदद करना महत्वपूर्ण माना गया है। अपनी जरूरतों को कम करके दूसरों की जरूरतों को पूरा करना गुनाहों को कम करता है और नेकियों को बढ़ाता है। नबी-ए-करीम मोहम्मद मुस्तफा (सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम) ने फरमाया है कि जो शख्स नमाज और रोजे ईमान तथा एहतेसाब से रखेगा, उसके पिछले सभी गुनाह माफ कर दिए जाएंगे। रोजा आत्म-नियंत्रण की शिक्षा देता है और परहेजगारी पैदा करता है। इमाम ने जकात के महत्व पर भी प्रकाश डाला। जकात का अर्थ अपनी कमाई का ढाई प्रतिशत गरीबों में बांटना है। उनका कहना था कि जकात देने से व्यक्ति के माल और कारोबार में बरकत होती है। इस्लाम में रोजे, जकात और हज तीनों फर्ज माने गए है।



शहर इमाम सय्यद मैराज मियां।

एक नजर

व्यापारियों ने त्योहारों के मद्देनजर एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

चन्दौसी। अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल युवा इकाई का एक प्रतिनिधि मंडल ने तहसील पहुंचकर एसडीएम आशुतोष तिवारी से मिला। जिसमें व्यापारियों ने आगामी त्योहारों पर बिजली, पानी, सफाई व्यवस्था के संबंध में ज्ञापन सौंपा। जिसमें कहा गया है कि 19 मार्च से नवरात्र आरंभ हो रहे हैं, जबकि 20 मार्च को ईद का त्योहार मनाया जाएगा। इसलिए आपके द्वारा नगर पालिका को निर्देशित किया जाए कि शहर के मंदिरों व मस्जिदों के आसपास विशेष सफाई अभियान चलाया जाए। त्योहारों पर पानी की आवश्यकता ज्यादा रहती है, इसलिए पानी की आपूर्ति का समय भी बढ़ाया जाए। विद्युत आपूर्ति समय से दी जाए। मंदिरों के आसपास पुलिस बल बढ़ाया जाए। भीड़ वाले बाजारों में जाम से निजात के लिए अस्थायी अतिक्रमण हटाया जाए। व्यापारियों से एसडीएम ने कहा कि प्रशासन द्वारा उचित प्रबंध किए जाएंगे। ताकि नगरवासी त्योहारों को हर्षोल्लास से मना सके। ज्ञापन देने वालों में शाह आलम मंसूरी, सागर गुप्ता, राजीव शर्मा, परवेज, इरफान खान, सुफियान शमसी, मोहित सक्सेना, सचिन शर्मा, गौरव अग्रवाल आदि मौजूद रहे।

ऋषि मुनियों द्वारा वेद, पुराण व ग्रंथों के माध्यम से प्रकृति व पर्यावरण संरक्षण दिया है महत्व

महाविद्यालय में भारत भारतीय ज्ञान प्रणाली और पर्यावरण चिंतन विषय पर संगोष्ठी संपन्न

जागरण मोर्चा कार्यालय

एनकेबीएमजी कॉलेज में रंगोली बनाती छात्राएं। -जागरण मोर्चा

संगोष्ठी में मौजूद अतिथि। -जागरण मोर्चा

चन्दौसी। एनकेबीएमजी कालेज में एक भारत श्रेष्ठः भारत भारतीय ज्ञान प्रणाली और पर्यावरण चिंतन विषय पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आरंभ मुख्य अतिथि राष्ट्रीय यह संयोजक, पर्यावरण संरक्षण गतिविधि राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ राकेश जैन व महाविद्यालय की प्राचार्य प्रोफेसर अलका रानी अग्रवाल ने दीप प्रज्जवलित करके किया गया।

महाविद्यालय के छात्रा यशी सिंह, कोमल यादव, आकृति, साक्षी, आयुषी पाल, सुहानी, नेहा, प्रीति राय व मुस्कान द्वारा पर्यावरण संरक्षण से संबंधित संदेश पर लघु नाटिका प्रस्तुत की। मुख्य अतिथि राकेश जैन ने कहा कि भारत एक समृद्ध संस्कृति और आध्यात्मिक मूल्यों से संपन्न देश है। जिसमें प्राचीन ऋषि मुनियों द्वारा वेद, पुराण व अन्य ग्रंथों के माध्यम से प्रकृति एवं पर्यावरण संरक्षण को विशेष महत्व दिया गया है। उन्होंने वृक्षों की रक्षा करते हुए बलिदान देने वाली अमृता देवी विश्नोई के कार्यों के विषय में छात्राओं को जानकारी दी। उनके नाम से दिए जाने वाले राष्ट्रीय पर्यावरण पुरस्कार के विषय में बताया। उन्होंने सभी छात्राओं से वृक्षों के लाभ से संबंधित प्रश्न किए।

छात्राओं ने उत्साहपूर्वककक उनके उत्तर दिए। उन्होंने वृक्षों के कटान से होने वाले दुष्प्रभावों पर चर्चा की। जल संरक्षण पर भी बात की। धरती पर घटते हुए जल स्तर पर चिंता व्यक्त की। पालीथिन के प्रयोग को त्याग कर कपड़े के थैले व कागज की थैली को अपनाने के लिए कहा। पालीथिन के जल जंगल जमीन को होने वाले नुकसान पर छात्राओं से चर्चा कई। उन्होंने पेड़ लगाएं, पानी बचाए, पालीथिन हटाए नारा दिया तथा पंच तत्वों भूमि, गगन, वायु, अग्नि, नील से भगवान शब्द का विस्तार बताया। उन्होंने महाविद्यालय परिसर में पीपल का पौधा रोपण किया। कृष्ण कुमार ने भारतीय संस्कृति में कुएं, नदियां, तुलसी, पीपल आदि की पूजा को पर्यावरण संरक्षण से जोड़ते हुए छात्राओं से चर्चा की। महाविद्यालय प्राचार्य ने कहा कि भारतीय ज्ञान परंपरा में निहित पर्यावरण संरक्षण संबंधित मूल्यों का प्रचार-प्रसार करना, इस संगोष्ठी का प्रमुख उद्देश्य है। इस अवसर पर एसएम कालेज के प्राचार्य प्रोफेसर दानवीर सिंह, उदय तिवारी, अजय त्यागी, संजीव पहलवान, पुरुषोत्तम लाल, तरुण कुमार, शिखा, डा. रीता, डा. अमिता चौधरी, डा. सुमन श्रेष्ठ, डा. आरती त्रिपाठी, डा. बविता, डा. प्रियंका, डा. मोनिका राघव, डा. सपना अग्रवाल, डा. मनीषा अग्रवाल, डा. इमराना आदि मौजूद रही।

कोतवाली में जानकारी देता पीड़ित। -जागरण मोर्चा

नगर पालिका कर्मी से मांगी रंगदारी, तहरीर दी

जागरण मोर्चा कार्यालय

पुलिस हिरासत में आरोपी हनी चंद्रा।

चन्दौसी। नगर पालिका परिषद में संविदा कर्मी के रूप कंप्यूटर आपरेटर के पद पर तैनात लवित कुमार वार्ष्णेय ने कोतवाली में तहरीर दी है। उनका आरोप है कि बुधवार की सुबह वह पालिका कार्यालय जाने के लिए घर से जा रहे थे। तभी रास्ते में मोहल्ला कायस्तान निवासी युवक ने उनकी स्कूटी रोक ली और रंगदारी मांगते हुए मारपीट की। जिससे उनके गंभीर चोट आई है। विरोध करने पर आरोपी ने गालियां देते हुए जान से मारने की धमकी दी। पीड़ित ने बताया कि कुछ दिन पहले भी आरोपी के विरुद्ध कोतवाली में शिकायत दी गई थी। क्योंकि पहले भी आरोपी द्वारा उनसे रंगदारी मांगी जा चुकी है। पुलिस ने आरोपी हनी चंद्रा के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर कड़ी कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने आरोपी हनी चंद्रा को हिरासत में लेकर न्यायालय के समक्ष पेश किया है।

बाबा साहब की प्रतिमा हटाने के विरोध में महिलाओं ने निकाला जुलूस

एसडीएम को ज्ञापन सौंप पुनः प्रतिमा लगाने की मांग की

जागरण मोर्चा कार्यालय

अंबेडकर पार्क पर प्रदर्शन करतीं संगठन की पदाधिकारी। -जागरण मोर्चा

चन्दौसी। भारतीय शिक्षा संघर्ष समिति की बैठक का आयोजन मालगोदाम रोड स्थित डा. आंबेडकर प्रतिमा स्थित पार्क में किया गया। जिसमें गांव बेरीखेड़ा में लगी बाबा साहब की प्रतिमा को पुलिस द्वारा हटाने पर विरोध जताया गया। इसके बाद महिला पदाधिकारी डा. आंबेडकर प्रतिमा से जुलूस के शक्ल में तहसील पहुंची और एसडीएम को ज्ञापन सौंपा।

ज्ञापन में कहा गया है कि 6 मार्च को गांव बेरीखेड़ा में डा. आंबेडकर प्रतिमा गांव में सबकी सहमति से लगाई गई थी। उस समय समाज में कोई किसी प्रकार का विवाद नहीं था। मगर कुछ राजनीतिक तत्व के लोगों ने शासन पर दबाव बनाकर डा. आंबेडकर की प्रतिमा को 9 मार्च को पुलिस द्वारा हटा ली गई। जिससे समाज में आक्रोश व्याप्त है। लोकतंत्र के आधार पर सभई समाज के लोग अपनी अलग-अलग धार्मिक आस्था रखते हैं। इसी प्रकार बहुजन समाज के लोग संविधान निर्माता में अपनी आस्था रखते हैं। बहुजन समाज के लोग चाहते हैं कि डा. आंबेडकर की प्रतिमा को पुनः स्थापित की जाए। अन्यथा उस प्रतिमा को गांव के किसी जिम्मेदार व्यक्ति को सौंप दी जाए। अन्यथा सर्व समाज के लोगों द्वारा उग्र आंदोलन किया जाएगा। ज्ञापन देने वालों में उर्मिला, अखिलेश, शीबी, सुराज वती, जलधारा, माया, कश्मीरा, वीरजा वती, प्रीति, पीरवेश, शकुंतला आदि महिला पदाधिकारी मौजूद रही।

परामर्श केंद्र में एक परिवार को मिलाया

परामर्श सुलह समझौता केंद्र पर समझौता कराती पुलिस। -जागरण मोर्चा

जागरण मोर्चा कार्यालय

चन्दौसी। पुलिस परिवार परामर्श सुलह समझौता केंद्र की बैठक गोशाला रोड स्थित पिंकी चौकी में संपन्न हुई। जिसमें पति-पत्नी के मध्य हुए आपसी विवादों को देखा गया। परिवार परामर्श केंद्र प्रभारी डा. रूकम पाल सिंह द्वारा काउंसलरों के सहयोग से सुलह समझौते के आधार पर निस्तारित करने का प्रयास किया गया।

बुधवार को 20 पत्रावली सुनकर 4 पत्रावलियों का निस्तारम किया गया। एक परिवार को मिलाया गया। 3 पत्रावली पर बल न देने के कारण पत्रावली को बंद किया गया। इस अवसर पर काउंसलर श्वेता गुप्ता, पूनम अरोरा, उपनिरीक्षक महेश गंगवार, मनोहर सिंह, रुचि आदि मौजूद रहे।

युवक की सूचना पर दौड़ी पुलिस व दमकल

मौके पर पहुंची नहीं मिली आग, चेतावनी देकर छोड़ा

जागरण मोर्चा कार्यालय

परिजनों से जानकारी करते दमकल कर्मी। -जागरण मोर्चा

चन्दौसी। पुलिस व दमकल को घर में आग लगने की झूठी सूचना दी गई। पुलिस व दमकल काफी प्रयास के बाद घटनास्थल पर पहुंची तो आरोपी घर में भोजन करता मिली। मगर आग लगी नहीं मिली। पुलिस युवक को चेतावनी देकर वापस लौट गई।

संभल गेट स्थित आंबेडकर गली निवासी राजू राणा परिवार के साथ रहता है। मंगलवार की दोपहर 2 बजे युवक की अपनी पत्नी से पैसे को लेकर विवाद हो गया। कुछ देर बाद पत्नी अपने मायके चली गई। रात 10 बजे युवक ने संदूक में रखे कपड़े को बाहर निकालकर उनमें आग लगा दी और घटना की सूचना पुलिस व दमकल को दी। काफी प्रयास व पूछते हुए पुलिस व दमकल युवक के घर पहुंची तो युवक घर में भोजन करता मिला। इसके बाद पुलिस युवक को चेतावनी देते हुए वापस लौट गई। युवक द्वारा दी गई सूचना से दमकल व पुलिस को काफी मशक्कत का सामना करना पड़ा।

न्यायालय ने पाक्सो एक्ट में दोषी को सुनाई 20 वर्ष कठोर कारावास की सजा

जागरण मोर्चा कार्यालय

दोषी जगत सिंह। -जागरण मोर्चा

चन्दौसी। विशेष न्यायालय (पाक्सो एक्ट)/अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश की न्यायालय ने पाक्सो एक्ट में दोष सिद्ध होने पर दोषी को 20 वर्ष का कठोर कारावास व 30 हजार रुपये अर्थ दंड से दंडित किया है। मामला बनियाठेर थाना क्षेत्र का है।

एडीजीसी आदित्य कुमार सिंह पीड़िता की मां ने थाने में दी तहरीर में कहा कि उसका मुंह बोला भाई जगत सिंह निवासी ग्राम शाहपुर देव थाना शाहबाद जनपद रामपुर का घर पर आना जाना था। 13 जुलाई 2023 को उसकी दोनों पुत्री एक 10 वर्ष दूसरी 4 वर्ष घर पर अकेली थी। तभी सुबह 11 बजे उसका मुंह बोला भाई घर पर आया और बड़ी पुत्री के साथ जबरदस्ती गलत काम किया और धमकी दी कि माता-पिता को बताने पर जान से मार देगा। 2 अक्टूबर 2023 को पीड़िता ने सारी बात अपनी मां को बताई । महिला की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध पाक्सो सहित अन्य धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर लिया। उक्त मुकदमे की सुनवाई विशेष न्यायालय (पाक्सो एक्ट)/अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश की न्यायालय में हुई। न्यायालय ने दोनों पक्षों के अधिवक्ताओं की बहस सुनी और आरोपी को उक्त वाद में दोषी पाया।

नई प्रतिभाओं को प्रदर्शित करने का मंच प्रदान करना ही उद्देश्य

जागरण मोर्चा कार्यालय

बच्चों के दंत का परीक्षण करते डाक्टर। -जागरण मोर्चा

चन्दौसी। नगर के सीता रोड स्थित आरआरके स्कूल में क्रिएटिव किड्स कार्निवल आयोजन बहुत ही धूमधाम और हर्षोल्लास के साथ किया गया। जिसमें क्रिएटिव कार्नर्स, लाइव परफार्मेंस, जाम गेम्स, डेक मैजिक, ओरल हेल्थ केयर बूथ, फूड कोर्ट,फन फेयर, हॉर्स राइडिंग आदि इवेंट्स आकर्षण का केंद्र रहे।

कार्यक्रम का आयोजन 2 साल से 6 साल आयु वर्ग के बालक-बालिकाओं की प्राकृतिक प्रतिभाओं को उभारने, निखारने, सर्वांगीण विकास एवं मनोरंजन के साथ-साथ बच्चों में टीम वर्क, जिम्मेदारी, समर्पण आदि विभिन्न प्रकार के मूल्यों को विकसित करने में सहायता, सामुदायिक भावना को मजबूत करने और पढ़ाई से हटकर नई प्रतिभाओं को प्रदर्शित करने का मंच प्रदान करने के उद्देश्य से किया गया।

कार्यक्रम में बच्चों नें अपनी पसंदीदा गतिविधियों हार्स राइडिंग एवं कार राइडिंग में हिस्सा लेकर स्कूल मेले का भरपूर आनंद उठाया। नन्हे-मुन्नों नें शिव तांडव, सोलो डांस,सांग, फ्री हैंड पेंटिंग, ब्लाक पेंटिंग, क्ले एक्टिविटी से अपनी कला का प्रदर्शन कर सभी का मन मोह लिया। इसके साथ कोठीवाल डेंटल कालेज एंड रिसर्च सेंटर मुरादाबाद से आए डाक्टर्स की टीम द्वारा बच्चों का दंत परीक्षण कर उन्हें अच्छी खुराक लेकर दांतों को स्वस्थ रखने का सुझाव दिया गया। कक्षा ग्यारहवीं के छात्र सूर्यांश शर्मा नें डेक मैजिक में ताश के पत्तों का उपयोग कर हाथ की सफाई के जरिए सभी दर्शकों को हैरान कर दिया। अभिभावकों ने कहा कि स्कूल कार्निवल बच्चों में आत्मविश्वास और सार्वजनिक बोलने के कौशल को काफी हद तक बढ़ा सकता है, जिससे बच्चे अपने विचार और भावनाएं साझा करते समय अपने आप को सशक्त महसूस करते हैं। साथ ही साथ इस प्रकार के स्कूल कार्निवल छात्रों को कर्तव्यों का आवंटन करते है, जो उन्हें जिम्मेदार बनाने के साथ-साथ जीवन में सही संतुलन बनाने का महत्व सिखाते हैं, इसलिए इस प्रकार के इवेंट विद्यालय में समय-समय पर यह होते रहना चाहिए इससे बच्चों में कुछ अलग करने की लालसा उत्पन्न होती है। ब्लाक बनियाखेड़ा ब्लाक प्रमुख डा. सुगंधा सिंह, डा. टी. एस.पाल,मनोज कठैरिया, अंकुर अग्रवाल ने बच्चों का उत्साहवर्धन किया। इस दौरान प्रधानाचार्य डा. संजय कुमार पाण्डेय, उप प्रधानाचार्य डा. अर्चना शर्मा आदि का सहयोग रहा।

लेखक सतीश कुमार मध्य प्रदेश में सम्मानित

जागरण मोर्चा कार्यालय

भोपाल में राष्ट्रीय बाल संगोष्ठी कार्यक्रम में लेखक सतीश कुमार अल्लीपुरी को सम्मानित करते अतिथि।

चन्दौसी। साहित्य अकादमी मध्य प्रदेश सरकार द्वारा भोपाल में दो दिवसीय राष्ट्रीय बाल संगोष्ठी का आयोजन किया गया। संगोष्ठी में पूरे देश से लगभग 150 लेखक, कवियों और साहित्यकारों ने भाग लिया। जिसमें जनपद सम्भल से युवा साहित्यकार सतीश कुमार अल्लीपुरी ने भी प्रतिभाग किया। उन्होंने 'बाल अवस्था के रचनाकार' विषय पर अपने विचार रखते हुए कहा कि बाल अवस्था में उस समय की परिस्थिति, हालात और सामाजिक परिवेश के हिसाब से विचार आते हैं। हमें बच्चों को लिखने के अवसर प्रदान करने होंगे। जिस तरह से एक किसान फसल उगाने के लिए खेत को जोतकर, उसमें खाद्य, पानी देकर उपजाऊ बनाता है, तब उस पर अच्छी फसल उगती है। डा. विकास दुवे ने मंच पर सतीश कुमार अल्लीपुरी को पटका पहनाकर सम्मानित किया। यहां बता दे कि सतीश कुमार अल्लीपुरी को उत्तर प्रदेश सरकार के हिंदी संस्थान द्वारा बाल साहित्य सम्मान से भी सम्मानित किया जा चुका है। वह पिछले बीस साल से लेखन के क्षेत्र में लगातार सक्रिय हैं।

रमाबाई के चैम्पियन बने लवकुश और उदीशा

जागरण मोर्चा कार्यालय

गजरौला : रमाबाई आंबेडकर राजकीय महाविद्यालय के वार्षिक क्रीडा समारोह के छात्र चैम्पियन लवकुश वहीं छात्रा चैम्पियन उदीशा को घोषित किया। इन्होंने सर्वाधिक प्रतिस्पर्धाओं में जीत हासिल की। प्राचार्य प्रो0एमए गौरी ने चैम्पियनों के साथ साथ प्रतियोगिता के विजेताओं को प्रशस्ति पत्र व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया।

बुधवार को क्रीड़ा समारोह के दूसरे दिन छात्र वर्ग में 05 हजार मीटर व 100 मीटर की दौड़ में लवकुश, लंबी कूद व त्रिकूद में नवनीत कौशिक एवं रिले दौड़ में बीए कक्षा के छात्र प्रथम रहे, वहीं छात्र वर्ग में 05 हजार मीटर दौड़ में आंचल, 100 मीटर दौड़ व लंबी कूद में उदीशा, त्रिकूद में दीपिका सैनी व रिले दौड़ में बीए कक्षा की छात्रएं प्रथम रहे। डॉ0 देवेन्द सिहं, डॉ0संजीव सागर, डॉ0 रोहताश सिंह, डॉ0रामौतार एवं विजेन्द्र सिह ने निर्णायक के रूप में अपना योगदान दिया।

मंच संचालन गणित विभागाध्यक्षा डॉ0श्वेता अग्रवाल ने किया। आयोजन सचिव डॉ0नेहा अग्रवाल ने बताया क्रीड़ा समारोह के सफल आयोजन में 12 समितियों ने अपना योगदान किया। छात्र एवं छात्रा वर्ग में पृथक-पृथक 12-12 कुल 24 स्पर्धाओं का आयोजन किया गया। प्रतिस्पर्धाओं में सर्वाधिक जीत हासिल करने पर बीएससी द्वितीय की उदीशा छात्रा चैम्पियन एवं बीए द्वितीय वर्ष की छात्रा आंचल रनर-अप चैम्पियन घोषित की गईं, जबकि बीए द्वितीय वर्ष के छात्र लवकुश को चैम्पियन एवं एमए द्वितीय वर्ष के छात्र नवनीत कौशिक रनर-अप चैम्पियन घोषित किया गया। प्राचार्य प्रो0एमए गौरी ने चैम्पियंसो सहित अन्य सभी विजेताओं को पुरस्कृत करके उनके प्रयास की सराहना की, साथ ही जो विद्यार्थी इस बार सफल न हो सके, उन्हें फिर से प्रयास करके आगे बढ़ने का आह्वान किया। प्राचार्य प्रो-एमए गौरी ने छात्र-छात्राओं की मांग पर थकान दूर करने के लिए 19 मार्च के अवकाश की घोषणा की। इस मौके पर डॉ-अजीता रानी, डॉ- अनिल सिहं, डॉ-रीनू गिल, मेराज हसन, कुलदीप सिंह, डॉ-मनमोहन वर्मा, डॉ-अनिल सिहं एवं डॉ-रीनू गिल, सत्यभान सिंह, चमन सिंह, हरपाल सिंह, सुनील कुमार, शशि देवी, धर्मेन्द्र कुमार आदि का योगदान किया। समारोह का समापन राष्ट्रगान के साथ सम्पन्न हुआ।

जिला न्यायाधीश ने जिला कारागार का निरीक्षण कर परखी व्यवस्थाएं

निरीक्षण जेल में निरुद्ध कैदियों को मिलने वाली सुविधाओं की जानकारी ली

जागरण मोर्चा कार्यालय

जिला जेल में जेल अधीक्षक से जानकारी करतीं जिला जज। -जागरण मोर्चा

चन्दौसी। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली व उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरम के निर्देश पर जनपद न्यायाधीश/जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की अध्यक्ष डा. विदुषी सिंह ने जिला कारागार मुरादाबाद का निरीक्षण किया। जिसमें कारागार में निरुद्ध बंदियों की संख्या, विचाराधीन एवं दोषसिद्ध बंदियों की स्थिति, आवास व्यवस्था, स्वच्छता, भोजन की गुणवत्ता, पेयजल, प्रकाश एवं वेंटिलेशन, चिकित्सा सुविधाएं, महिला व पुरुष बंदियों की पृथक व्यवस्था, वृद्ध एवं दिव्यांग बंदियों की स्थिति आदि का अवलोकन किया। जेल स्थित अस्पताल का निरीक्षण कर चिकित्सीय सुविधाओं, दवाओं की उपलब्धता तथा नियमित स्वास्थ्य परीक्षण की जानकारी ली। जिला न्यायाधीश ने निरीक्षण के दौरान बंदियों से प्रत्यक्ष संवाद स्थापित कर उनकी व्यक्तिगत, विधिक एवं प्रशासनिक समस्याओं को सुना गया। पात्र बंदियों को निशुल्क विधिक सहायता प्रदान किए जाने, जेल में विधिक साक्षरता शिविर आयोजित करने तथा विचाराधीन बंदियों के मामले में शीघ्र निस्तारण को आवश्यक कदम उठाने के निर्देश दिए। बंदियों के मानवाधिकारों की पूर्ण रक्षा सुनिश्चित की जाए तथा जेल मैनुअल के प्रावधानों का पालन किया जाए। निरीक्षण के दौरान पाई गई कमियों के संबंध में अधिकारियों को आवश्यक सुधारात्मक निर्देश दिए। जिला कारागार में निरुद्ध महिला बंदियों के बैरक के निरीक्षण के दौरान उनके पौष्टिक भोजन, उनके साथ रह रहे बच्चों के लिए दूध की व्यवस्था, शिक्षण को व्यवस्था, साफ-सफाई एवं दवा की व्यवस्था कराने के निर्देश दिए। साथ ही जेल लीगल एड क्लीनिक के प्रपत्रों का निरीक्षण करते हुए कहा कि यदि किसी बंदों को निशुल्क विधिक सहायता की आवश्यकता हो तो वह जिला विधिक सेवा प्राधिकरण में प्रार्थना पत्र देकर अपनी समस्या का निस्तारण करा सकता है। इस अवसर पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के प्रभारी सचिव दीपक कुमार जायसवाल, जिलाधिकारी राजेंद्र पैंसिया, एएसपी कुलदीप सिंह, जेल अधीक्षक जिला कारागार मुरादाबाद आलोक सिंह, डिप्टी चीफ लीगर एंड डिफेंस काउंसिल चंद्र पाल सिंह आदि मौजूद रहे।

एक नजर

महिला ग्राम प्रधान पर लाखों के गबन का आरोप, डीएम से शिकायत

हसनपुर। ग्राम पंचायत फैय्याजनगर में विकास कार्यों के नाम पर लाखों रुपये की सरकारी धनराशि के बंदरबांट का मामला आया सामने। ग्रामीणों ने जिलाधिकारी को शिकायती पत्र सौंपकर वर्तमान ग्राम प्रधान पर बिना कार्य कराए फर्जी बिलों के जरिए सरकारी धन हड़पने का आरोप लगाते हुए उच्चस्तरीय जांच की मांग की है। ग्रामीण मदनपाल सिंह, धीरध्वज सिंह और विशेष कुमार सहित आरोप लगाया है कि ग्राम प्रधान ने सरकारी अभिलेखों में फर्जी मस्टरोल भरकर भारी धनराशि निकाली है। हैंडपम्प रिबोर के नाम पर 11 लाख, पंचायत घर के फर्नीचर के लिए 2 .5 लाख और अंबेडकर पार्क के सौंदर्यीकरण के नाम पर बिना काम कराए 90 हजार रुपये का गबन किया गया है। शिकायत में यह आरोप भी लगाया गया है कि ग्राम प्रधान ने नियमों को ताक पर रखकर विकास कार्यों की लगभग तीन लाख रुपये की धनराशि अपने पुत्र के खाते में स्थानांतरित की है। इसके अलावा, मनरेगा के तहत हुए कार्यों को अपनी निधि का कार्य दर्शाकर दोबारा भुगतान निकालने और घटिया सामग्री के प्रयोग के भी आरोप हैं। ग्रामीणों ने साक्ष्यों के साथ जिलाधिकारी से मांग की है कि मामले की निष्पक्ष जांच कराकर दोषी प्रधान से रिकवरी की जाए। ज्ञापन देने वालों में मदनपाल, सिंह धीरदध्वज सिंह, दिनेश कुमार, विशेष कुमार आदि मौजूद रहे।

चौधरी टीआर मेमोरियल पब्लिक स्कूल में ईद मिलन कार्यक्रम का हुआ आयोजन

ईद मिलन समारोह के दौरान प्रस्तुति देते बच्चे। –जागरण मोर्चा

कार्यक्रम के दौरान शहर इमाम का स्वागत करते हुए। –जागरण मोर्चा

जागरण मोर्चा कार्यालय

हसनपुर। नगर के एक विद्यालय में ईद मिलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया ईद मिलन कार्यक्रम के दौरान नन्हे मुन्ने बच्चों द्वारा एक दूसरे को गले मिलकर ईद की बधाई दी वहीं स्कूल प्रशासन द्वारा सभी बच्चों को ईदी के रूप में चॉकलेट दी गई।

नगर के मोहल्ला न्यू तुलसी कॉलोनी स्थित चौधरी टीआर मेमोरियल पब्लिक स्कूल के प्रांगण में बुधवार को एक ईद मिलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया ईद मिलन कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शहर इमाम मौलाना मुफ्ती मेहराजुद्दीन सम्मिलित हुए। विद्यालय निर्देशक चमनलाल एवं प्रधानाचार्य वरुण मोहन द्वारा शहर इमाम को पुष्प देकर स्वागत किया गया।

बच्चों द्वारा कार्यक्रम के दौरान बहुत ही सुंदर तरीके से सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया, प्रस्तुत कार्यक्रमों ने उपस्थित सभी लोगों का मन मोह लिया। कार्यक्रम के दौरान बच्चों को संबोधित करते हुए शहरी इमाम ईद के आध्यात्मिक एवं मानवीय मूल्यों पर प्रकाश डाला, उन्होंने कहा कि ईद का त्योहार प्रेम, भाईचारा, परोपकार एवं आपसी सद्भाव का प्रतीक है, जो समाज में एकता की भावना उत्पन्न करता है। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय परिवार द्वारा सभी बच्चों को ईदी स्वरूप चॉकलेट वितरण की। कार्यक्रम के दौरान प्रबंधिका इंद्रेश देवी, हेडमिस्ट्रेस शिखा गुप्ता सहित विद्यालय का समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

पुलिस ने जुआ खेलते पकड़े 6 जुआरी, 2050 रुपये बरामद किए

जागरण मोर्चा कार्यालय, बबराला। कोतवाली गुन्नौर पुलिस द्वारा गश्त के दौरान मुखबिर की सूचना पर 6 लोगों को जुआ खेलते गिरफ्तार किया है। पुलिस ने जुआरियों के पास से 2050 रुपये व ताश की गड्डी बरामद की है। प्रभारी निरीक्षक राजीव कुमार मलिक ने बताया कि पुलिस ने क्षेत्र में शांति व्यवस्था को लेकर गश्त कर रही थई।

तभी मुखबिर ने सूचना दी कि फजैल मोहल्ला में नासा ठेकेदार के मकान के पीछे खाली पड़े मैदान में कुछ लोग ताश के पत्तों से हार-जीत की बाजी लगाकर जुआ खेल रहे हैं। पुलिस मौके पर पहुंची और 6 लोगों को जुआ खेलते पकड़ लिया।

पुलिस ने तलाशी में मुजीब से 300 रुपये, लईक से 200 रुपये, राजकुमार से 200 रुपये, मुकीम से 100 रुपये रूपकिशोर से डेढ़ सौ रुपये व एक अन्य से 200 रुपये बरामद किए। पुलिस ने कुल 2050 रुपये बरामद कर सभी के विरुद्ध कार्रवाई की है।

अमन कमेटी की बैठक को संबोधित करते कोतवाल। –जागरण मोर्चा

ईद एवं नवरात्रों को लेकर हुई अमन कमेटी की बैठक

जागरण मोर्चा कार्यालय

हसनपुर। आगामी त्यौहार ईद एवं नवरात्रों के चलते पुलिस प्रशासन द्वारा अमन कमेटी की बैठक का आयोजन कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए और कहा कि दोनों त्यौहार भाईचारे एवं प्रेम के साथ बनाएं।उच्च अधिकारियों के निर्देश पर बुधवार की दोपहर को नगर स्थित कोतवाली के प्रांगण में आगामी त्यौहार ईद एवं नवरात्रों के मध्य नजर अमन कमेटी की बैठक का आयोजन किया गया।

बैठक को नायब तहसीलदार मनोज कुमार एवं प्रभारी निरीक्षक राजेश तिवारी द्वारा संबोधित किया गया। बैठक को संबोधित करते हुए अधिकारियों द्वारा कहा गया कि आगामी त्यौहारों को भाईचारे एवं प्रेम के साथ बनाएं किसी भी त्यौहार पर न ई परंपरा ना डालें। इसी के साथ आगामी रामनवमी एवं हनुमान जयंती पर निकलने वाली शोभा यात्राओं के विषय में भी वार्ता की गई। प्रभारी निरीक्षक द्वारा मौलानाओं से अपील की गई की नवाज के बाद पुलिस प्रशासन की तरफ से अपील की जाए कि हेलमेट का अवश्य प्रयोग करें। बैठक में अपराध निरीक्षक अमरपाल सिंह,शहर इमाम मौलाना मुफ्ती मेहराजुद्दीन, मुकेश गुप्ता, सचिन गुप्ता,अजय पाल,मनोज गोयल, रामवीर सिंह, चमन अंसारी, शाहनवाज अंसारी,तरुण अग्रवाल, पंकज भटनागर, राजेंद्र शर्मा, जावेद जरताब, कुलदीप कुमार,अतुल अग्रवाल, अलीमुद्दीन सहित काफी संख्या में लोग मौजूद रहे।

भाकियू बीआर अंबेडकर ने किया प्रदर्शन

गैस न मिलने पर उज्ज्वला योजना में मिले सिलेंडरों को वापस करने की दी चेतावनी

जागरण मोर्चा कार्यालय

हसनपुर। नगर में घरेलू गैस की किल्लत कम होने का नाम नहीं ले रही, गैस न मिलने के कारण उपभोक्ताओं की गैस एजेंसी पर लंबी लाइन लगी दिखाई दे रही है, वही गैस न मिलने के कारण उपभोक्ता परेशान हैं। बुधवार को भारतीय किसान यूनियन बी आर अंबेडकर के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ दिग्विजय सिंह भाटी नगर के गजरौला मार्ग दीपपुर गेट के निकट स्थित गैस एजेंसी गोदाम पर पहुंचे, जहां उन्होंने गैस उपभोक्ताओं से वार्ता की जिस पर गैस उपभोक्ताओं द्वारा गैस न मिलने के कारण नाराजगी जाहिर की, इसके बाद राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ दिग्विजय सिंह भाटी ने उपभोक्ताओं के साथ सिलेंडर सिर पर रखकर प्रदर्शन किया और इसी के साथ उन्होंने प्रशासन को चेतावनी दी है कि अगर जल्द गैस की समस्या का सुधार नहीं हुआ तो उज्ज्वला योजना के अंतर्गत जो सिलेंडर सरकार द्वारा दिए गए हैं। उन्हें उपभोक्ता वापिस करने का काम करेगा। प्रतिदिन प्रातः से ही उपभोक्ता गैस लेने के लिए लाइन में लग जाता है। इसी के साथ उन्होंने चेतावनी दी है कि जल्द गैस की समस्या में सुधार नहीं हुआ तो यूनियन आंदोलन करने को मजबूर होगी। प्रदर्शन करने वालों में डॉक्टर दिग्विजय सिंह भाटी, अरविंद,सोनू, मंथन, रूम सिंह, नदीम, यासीन, मेवाराम, रईस, सलमान सहित काफी संख्या में उपभोक्ता मौजूद रहे।

सर पर सिलेंडर रखकर प्रदर्शन करते हुए। –जागरण मोर्चा

धूमधाम से निकाली गई ज्वाला जी की ज्योत यात्रा

जागरण मोर्चा कार्यालय

हसनपुर। नगर में भक्तों द्वारा मां ज्वाला जी की ज्योत की शोभा यात्रा बहुत ही धूमधाम एवं हर्षोल्लास के साथ निकाली गई, शोभा यात्रा का नगर में कई स्थानों पर भक्तों द्वारा स्वागत किया गया वहीं शोभा यात्रा के बाद ज्वाला ज्योति को स्थापित किया गया।

अरुणाचल प्रदेश से भक्तों द्वारा प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष भी मां ज्वाला जी की ज्योति लाई गई, बुधवार को हिमाचल प्रदेश से ज्वाला जी की ज्योति लेकर भक्त ब्लॉक परिसर पहुंचे, जहां पर भक्तों द्वारा पूजा अर्चना कर ज्योति भव्य शोभा यात्रा निकाली गई। शोभा यात्रा का नगर में कई स्थानों पर भक्तों द्वारा आरती कर स्वागत किया गया शोभायात्रा नगर के मुख्य मार्गों पर भ्रमण करती हुई नगर के शक्तिपीठ मां चामुंडा मंदिर पहुंची जहां पर भक्तों द्वारा मां ज्वाला की ज्योति स्थापित की गई। शोभा यात्रा में पंडित निर्कुज शर्मा, उषा शर्मा, अंगूरी देवी, कमल शर्मा, उर्मिला वर्मा, विजय शर्मा, सूरज शर्मा आदि भक्त मौजूद रहे।

नगर में निकली ज्वाला जी की ज्योत शोभायात्रा। –जागरण मोर्चा

कैंटर में टक्कर मारने के बाद पलटा टेंपो कई घायल एक की हालत गंभीर हायर सेंटर रेफर

जागरण मोर्चा कार्यालय

हसनपुर। कोतवाली क्षेत्र के गजरौला मार्ग पर कैंटर गाड़ी में टक्कर मारने के बाद टेंपो सड़क किनारे पलट गया टेंपो में बैठी सवारियां घायल हो गई ।जहां एक की हालत को गंभीर देखते हुए हायर सेंटर रेफर कर दिया। कोतवाली क्षेत्र के गजरौला मार्ग पर मनौटा गांव के निकट बुधवार की दोपहर एक कैंटर चालक अपनी कैंटर को सैमला मार्ग पर बैक कर रहा था।

घायल।

वही गजरौला की दिशा से 10 सवारी बैठक हसनपुर आ रहे तेज गति टेंपो की टक्कर कैंटर के पिछले हिस्से में लग गई टक्कर लगने के बाद टेंपो सड़क पर पलट गया । उत्तराखंड के हरिद्वार निवासी मिथिलेश बेटी सोनम, मायरा ,व अंश नगर के रहरा अड्डे पर एक गमी कार्यक्रम में शामिल होने आ रहे थे। वही नगर निवासी रमेश शर्मा वह पत्नी रेखा शर्मा भी घायल हो गए। सभी घायलों को राहगीरों के द्वारा नगर के सीएचसी में भर्ती कराया जहां हालत गंभीर होने पर सोनम को हायर सेंटर रेफर कर दिया। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने टेंपो एवं कैंटर गाड़ी को कब्जे में ले लिया है। जब इस बारे में कोतवाली प्रभारी राजेश तिवारी से बात की तो उन्होंने बताया अभी इस मामले में कोई तहरीर प्राप्त नहीं हुई है अगर तहरीर मिलती है तो जांच कर उचित कार्रवाई की जाएगी।

क्षतिग्रस्त डीसीएम एवं टेंपो। –जागरण मोर्चा

अग्रवाल सभा हसनपुर की हुई मासिक बैठक, कई बिंदुओं पर हुआ विचार

जागरण मोर्चा कार्यालय

हसनपुर। मंगलवार की देर रात्रि नगर स्थित एक रेस्टोरेंट के सभागार में अग्रवाल सभा हसनपुर सम्बद्ध अग्रोहा धाम की मासिक बैठक का आयोजन किया गया, बैठक का शुभारंभ संस्थापक अध्यक्ष डॉक्टर शिवचरण अग्रवाल, अध्यक्ष उमेश अग्रवाल, महामंत्री मुकेश गोयल एवं कोषाध्यक्ष रमेश चंद्र के द्वारा महाराजा अग्रसेन जी के चित्र पर माला अर्पण एवं दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। इसके बाद बैठक में कई बिंदुओं पर विचार विमर्श किया गया।

बैठक में कोषाध्यक्ष रमेश चंद्र के द्वारा होली मिलन कार्यक्रम के खर्चे का ब्योरा पेश किया गया। इसके बाद बैठक में निर्णय लिया गया कि नगर से 4 अप्रैल की को एक बस अग्रवाल धाम के लिए लगाई जाएगी। इसी के साथ बैठक में कई बिंदु पास हुए। बैठक की अध्यक्षता उमेश अग्रवाल द्वारा की गई तथा संचालन मुकेश गोयल द्वारा किया गया।

बैठक में डॉक्टर शिवचरण अग्रवाल, राजीव अग्रवाल, मयंक अग्रवाल, अक्षी अग्रवाल, मधुर अग्रवाल, सिद्धार्थ अग्रवाल, आशुतोष अग्रवाल, सुनील अग्रवाल, अंकुर अग्रवाल, अभिषेक अग्रवाल, शिखर अग्रवाल, सुशील कुमार अग्रवाल, विनोद अग्रवाल, राजकुमार अग्रवाल, कुलदीप कुमार, तरुण अग्रवाल, अमन अग्रवाल आदि अग्र बंधु मौजूद रहे।

बैठक के दौरान उपस्थित अग्र बंधु। –जागरण मोर्चा

चैत्र माह की अमावस्या पर श्रद्धालुओं ने किया गंगा स्नान

जागरण मोर्चा कार्यालय

गजरौला : चैत्र माह की अमावस्या पर तिगरी व ब्रजघाट में हजारों श्रद्धालुओं ने गंगा में आस्था की डुबकी लगाकर पुण्य लाभ अर्जित किया और सुख व स्मृद्धि की प्रार्थना की। दोपहर तक स्नान का सिलसिला चलता रहा। दोनों ही स्थानों पर सुरक्षा व्यवस्था हेतु पुलिस तैनात रही। बुधवार को चैत्र माह अमावस्या के चलते तीर्थ नगरी ब्रजघाट में हजारों श्रद्धालुओं ने गंगा स्नान किया। साथ ही श्रद्धालुओं ने ब्रजघाट में स्थित विभिन्न मंदिरों में जाकर देवी देवताओं की प्रतिमाओं के दर्शन किये और पूजा अर्चना कर विश्व शान्ति की कामना की तो वहीं गंगा स्नान के बाद श्रद्धालुओं ने पुरोहितों को दान दक्षिणा देकर हवन-यज्ञ कराया। निर्बल और निर्धनों को नकद धनराशि का दान दिया। सुबह के समय पहुंचे श्रद्धालुओं ने गंगा की भव्य आरती में भी भाग लिया। मौसम काफी गर्म होने के कारण श्रद्धालुओं ने गंगा के शीतल जल में काफी काफी देर तक स्नान किया। वहीं ब्लॉक क्षेत्र के गांव तिगरी में भी श्रद्धालुओं ने गंगा स्नान किया। इस दौरान यहां पर भी काफी भीड़ रही। आसपास के गांवो के लोग टैक्टर-ट्रालियों में सवार होकर स्नान करने के लिए यहां पहुंचे। दोनों ही स्थानों पर सुरक्षा व्यवस्था के लिए पुलिस बल तैनात रहा। प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार ने भी जायजा लिया। बुधबाजार निवासी पं0 दयानंद शर्मा ने बताया कि चैत्र अमावस्या का हिन्दू धर्म में विशेष महत्तव है। पुराणों के अनुसार अमावस्या के दिन पूजा अर्चना व गंगा स्नान करने से देवी-देवता प्रसन्न होते हैं। इस दिन पितरों के लिए तर्पण और श्राद्ध करना अत्यंत फलदायी माना जाता है। ऐसा माना जाता है कि इस दिन पितरों को जल अर्पित करने से उनकी आत्मा को शांति मिलती है और वे अपने वंशजों को आशीर्वाद देते हैं। पौराणिक मान्यता है कि पितरों की कृपा से घर में सु0-समृद्धि और सकारात्मक ऊर्जा और उल्लास का वास होता है।

गैस की किल्लत को लेकर उपभोक्ताओं ने किया गजरौला मार्ग जाम

जागरण मोर्चा कार्यालय

हसनपुर। चली आ रही गैस की समस्या को लेकर उपभोक्ताओं के द्वारा आधे घंटे तक गजरौला मार्ग को जाम रखा गया, मौके पर पहुंची पुलिस ने उपभोक्ताओं को समझा बुझाकर जाम खुलवाया, जब कहीं जाकर यातायात शुरू हुआ।

बुधवार की दोपहर बाद परेशान उपभोक्ताओं के द्वारा गैस की किल्लत के चलते दीपपुर गेट के निकट गजरौला मार्ग पर सिलेंडर रखकर लगभग आधा घंटा तक मार्ग जाम कर दिया। उपभोक्ताओं का कहना है कि एजेंसी पर ब्लैक से लोगों को गैस उपलब्ध कराई जा रही है जबकि गेट पर उपभोक्ता काफी संख्या में मौजूद हैं।उपभोक्ताओं का कहना है कि यदि समय से गैस उपलब्ध नहीं कराई गई तो गुरुवार को भारी संख्या में उपभोक्ता एकत्र होकर गजरौला मार्ग जाम करेंगे। मार्ग अवरुद्ध होने की सूचना पर मनौटा चौकी इंचार्ज व कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और उपभोक्ताओं को समझा बूझकर आधे घंटे बाद जाम को खुलवाया गया और उसके बाद उपभोक्ताओं को घर भेज दिया गया।

गैस की किल्लत को लेकर लगा जाम। –जागरण मोर्चा

नवरात्र को लेकर देवी मंदिरों में तैयारी पूर्ण

मंदिरों को रंग बिरंगी बिजली की झालरों से सजाया गया

जागरण मोर्चा कार्यालय

चन्दौसी। चैत्र नवरात्र को लेकर मिनी वृंदावन नगरी में माता रानी के मंदिरों में जोर-शोर से चल रही तैयारियां को अंतिम रूप दे दिया गया हैं। मंदिरों में सफाई और सजावट का कार्य पूर्ण हो चुका है। रंग बिरंगी लाइटों से मंदिर को सजाया गया है। इसके साथ सुरक्षा को लेकर भी पूरी तरह से बंदोबस्त किए गए है।

नवरात्रि के दौरान मां दुर्गा के सभी 9 स्वरूपों की पूजा-अर्चना की जाती है। इस बार गुरुवार से शुरू से नवरात्र शुरू हो रहे है। धार्मिक मान्यता है कि इस नवरात्रि के दौरान मां दुर्गा की विधिवत उपासना से देवी की खास कृपा बरसती है और सच्चे मन से देवी का पूजन करने पर सभी मनोकामना पूरी हो जाती हैं। इसी के तहत नगर के गोला गंज, मौलागढ, सीता आश्रम, रामबाग, ब्रह्मबाजार आदि जगहों के माता रानी मंदिरों में पूजा अर्चना करने के लिए भक्तों का नवरत्र के सभी दिन तांता लगा रहता है। भारी संख्या में भक्त पूजन-अर्चन करेंगे। इसी को लेकर सभी मां दुर्गा के मंदिरों में तैयारी पूरी कर ली गयी है। मंदिरों में मां दुर्गा की प्रतिमा को मनमोहक पोशाक के साथ श्रंगार किया गया है। इसके साथ मंदिरों की रंगाई पुताई के साथ रंग बिरंगी झालरों से सजाया गया है। नवरात्र के पहले दिन मंदिरों को फूलों से भी सजाया जाएगा। वहीं घरों में मां की पूजा अर्चना के लिए मां की चौकी को सजाकर मंदिरा बनाए गए है। वहीं बाजारों में भी चहल-पहल बढ़ गई है। नवरात्र की पूर्व संध्या पर लोग देर शाम तक मां की पोशाक के साथ अन्य पूजा के सामान की खरीदारी करते रहे। उधर राम बाग स्थित सिद्वीदात्री मंदिर में श्रद्धालुओं की सुबह शाम को भारी भीड़ उमड़ने की स्थिति को देखते हुए सुरक्षा के भी व्यापक बंदोबस्त किए जा रहे हैं।

चैत्र नवरात्र के लिए पूजन सामग्री की खरीदारी करते श्रद्धालु। –जागरण मोर्चा

पांच रुपये से 400 रुपये तक मां की चुनरी

नवरात्र को लेकर शहर में माता की पोशाक के साथ अन्य सामग्री को लेकर दुकानदारों ने दुकानों को सजा लिया है। ग्राहक को लुभाने के लिए फैंसी सामान को दुकान को बिक्री के लिए रखा गया है। नवरात्र से एक दिन पूर्व निकली धूप से दुकानदारों के चेहरे खिले हुए है, क्योंकि दुकान पर खरीदारी करने के लिए बुधवार की सुबह से ही भक्तों की भीड़ उमड़ पड़ी। नगर के फव्वारा चौक स्थित दुकानदार मोनू खुराना ने बताया कि उसकी दुकान में पांच रुपये से लेकर चार सौ रुपये तक की मां की चुनरी, 100 रुपये से 400 रुपये तक की मां की मिट्टी की प्रतिमा, पांच रुपये 100 रुपये तक मां की पोशाक, 20 रुपये से 100 रुपये तक मां का श्रंगार सामान, इसके साथ फैंसी चौकी का कपड़ा है। सभी सामान के साथ मिट्टी वाली मां की प्रतिमा को भी खरीद रहे है।

नामित सभासदों का चेयरमैन ने स्वागत कर दी बधाई

जागरण मोर्चा कार्यालय

हसनपुर। नगर पालिका परिषद में नामित पांचो सभासदों का नगर पालिका अध्यक्ष द्वारा स्वागत कर उन्हें बधाई दी गई।इस मौके पर कार्यकर्ताओं द्वारा नामित सभासदों को फूल माला पहनाकर उनका स्वागत भी किया गया।

शासन द्वारा नगर पालिका परिषद में वीर सिंह प्रजापति एडवोकेट, पंकज भटनागर, अजय पाल, ज्योति गर्ग एवं मानवी त्यागी सहित पांच भाजपा कार्यकर्ताओं को सभासद के पद पर नामित किया गया है, जिससे उनके समर्थकों में खुशी की लहर है। बुधवार को नगर पालिका अध्यक्ष राजपाल सैनी ने अपने कैंप कार्यालय पर एक बैठक का आयोजन किया गया।

बैठक के आयोजन का मुख्य उद्देश्य नामित पांचों सभासदों का स्वागत करना था। चेयरमैन राजपाल सैनी ने नामित सभासदों को फूलमाला पहनाकर तथा पुष्प भेंटकर किया। उन्होंने कहा कि भाजपा एक ऐसी पार्टी है जो काम करने वाले कार्यकर्ता को आगे बढ़ने का काम करती है। इस मौके पर कविता सैनी, मंजू सैनी, इशांत सैनी, राजकुमार सैनी, रानू रस्तोगी, ममता शर्मा, करन सिंह सहित काफी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

नामित सभासदों का स्वागत करते नगर पालिका अध्यक्ष राजपाल सैनी।

सम्पादकीय

एलपीजी का विकल्प बने बायोगैस

परिणामस्वरूप ऊर्जा उत्पादन का माडल धीरे-धीरे बड़े केंद्रीकृत संयंत्रों से हटकर अधिक स्थानीय प्रणालियों की ओर बढ़ सकता है। वर्तमान में भारत में जैविक कचरे का बड़ा हिस्सा बेकार चला जाता है।

दुनिया के कई हिस्सों में बढ़ता भू-राजनीतिक तनाव अब ऊर्जा बाजारों पर भी असर डाल रहा है। एलपीजी की आपूर्ति को लेकर हो रही चर्चाओं ने फिर यह सवाल खड़ा किया है कि क्या देश को ईंधन के मोर्चे पर कुछ और घरेलू स्रोतों को मजबूत करना चाहिए? दरअसल भारत के पास पहले से ही एक ऐसा संसाधन है जिसे अक्सर केवल कचरा समझकर नजरअंदाज कर दिया जाता है। यही संसाधन भविष्य में गैस आपूर्ति का एक घरेलू आधार बन सकता है। यह संसाधन है जैविक कचरा, जो खेतों से लेकर शहरों की रसोइयों तक हर जगह मौजूद है। हर साल भारत में बड़ी मात्रा में जैविक कचरा उत्पन्न होता है। इसमें खेतों से निकलने वाला फसल अवशेष, पशुओं का गोबर, शहरों का गीला कचरा और बाजारों से निकलने वाला खाद्य कचरा शामिल है।

इन सबका उपयोग बायोगैस और कंप्रेस्ड बायोगैस बनाने के लिए किया जा सकता है। इस गैस का उपयोग खाना पकाने, बिजली बनाने या वाहनों को चलाने में किया जा सकता है। इसे ध्यान में रखते हुए केंद्र सरकार ने सस्टेनेबल अल्टरनेटिव टूवर्ड्स अफोर्डेबल ट्रांसपोर्टेशन (एसएटीएटी) योजना शुरू की थी। इसका लक्ष्य देश में कंप्रेस्ड बायोगैस संयंत्र स्थापित करना और जैविक कचरे को ईंधन में बदलना है। पिछले कुछ वर्षों में देश में ऐसे कई संयंत्र स्थापित किए गए हैं और उनसे गैस का उत्पादन भी शुरू हो चुका है। यदि इस व्यवस्था को विस्तार दिया जाए, तो इसका प्रभाव केवल शहरों की रसोइयों तक सीमित नहीं रहेगा। यह कृषि, शहरी प्रबंधन, उद्योग और परिवहन सहित कई क्षेत्रों को प्रभावित कर सकता है। भारत के खेतों से हर साल लाखों टन फसल अवशेष और पशुओं का गोबर निकलता है। इन सामग्रियों को संसाधित करने के लिए बड़े बायोगैस संयंत्र स्थापित किए जा सकते हैं। यदि ऐसे संयंत्र गांवों और सहकारी समितियों के माध्यम से विकसित किए जाएं, तो हर साल पर्याप्त मात्रा में गैस का उत्पादन किया जा सकता है। इससे ग्रामीण क्षेत्रों में अतिरिक्त आय का स्रोत भी बन सकता है। गोबर और कृषि अवशेष से गैस बनाने के कुछ प्रयोग पंजाब और महाराष्ट्र जैसे राज्यों में पहले ही शुरू हो चुके हैं। किसान अपने पशुओं का गोबर या खेत का अवशेष गैस संयंत्रों तक पहुंचाते हैं और बदले में उन्हें भुगतान मिलता है। संयंत्र में बनने वाली गैस का उपयोग ईंधन के रूप में किया जाता है, जबकि अवशेष जैविक खाद के रूप में फिर खेतों में लौट जाता है। इससे एक चक्र बनता है-कचरा खेत से निकलता है और खाद बनकर फिर खेत में लौटता है।

ऐसी संभावना शहरों में भी मौजूद है। भारतीय शहरों से सालाना छह करोड़ टन ठोस कचरा निकलता है, जिसमें आधे से अधिक जैविक होता है। यदि इस कचरे को अलग करके बायोगैस संयंत्रों तक पहुंचाया जाए तो काफी मात्रा में गैस तैयार की जा सकती है। इंदौर ने बेहतर कचरा प्रबंधन के साथ बायोगैस परियोजनाओं पर काम किया है, जहां गीले कचरे से ऊर्जा बनाने की पहल हुई है। जमशेदपुर में भी खाद्य कचरे को बायोगैस में बदलने के प्रयोग किए गए हैं। यदि नगर निकाय बाजारों, होटलों और घरों से गीला कचरा व्यवस्थित तरीके से इकट्ठा कर उसे बायोगैस संयंत्रों तक भेजें, तो शहरों को दो लाभ मिल सकते हैं। एक तरफ कचरे की मात्रा कम होगी और दूसरी तरफ गैस का एक स्थानीय स्रोत तैयार होगा।

ऐतिहासिक घटनाएं

- 2000- उगांडा में प्रलय दिवस सम्प्रदाय के 230 सदस्यों ने आत्मदाह किया।
- 2006- संयुक्त राष्ट्र ने 'मानवाधिकार परिषद' के गठन का प्रस्ताव मंजूर किया।
- 2007- उत्तर कोरिया ने परमाणु कार्यक्रम बन्द करने का कार्य प्रारम्भ किया। पाकिस्तान क्रिकेट टीम के कोच बॉब वूल्मर का निधन।
- 2008- टाटा समूह के अध्यक्ष रतन टाटा को भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, खड़गपुर में 'डॉक्टर ऑफ़ सांइस' की मानद उपाधि से सम्मानित किया। भारती इंटरप्राइजेज के अध्यक्ष एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी सुनील भारती मित्तल अमेरिका के विशिष्ट उद्यमी अकादमी में शामिल होने वाले प्रथम भारतीय बने।
- पाकिस्तान की सरकार ने विवादित इर्ब इंटेलिजेंस ब्यूरो के प्रमुख एजान शाह को बर्ख़ास्त किया।
- 2009- केन्द्रीय मंत्री मण्डल ने मेघालय में राष्ट्रपति शासन लगाने की सिफ़ारिश की।
- 2013- 60वें राष्ट्रीय फ़िल्म पुरस्?कारों की घोषणा। 'पान सिंह तोमर' को 60वें राष्ट्रीय फ़िल्म पुरस्कार समारोह में वर्ष 2012 का सर्वश्रेष्ठ फ़िल्म चुना गया।
- 2017- योगी आदित्यनाथ, उत्तर प्रदेश के 21वें मुख्यमन्त्री बने।

18 मार्च को जन्मे व्यक्ति

- 2000 - माना पटेल - ओलंपिक में क्वालीफाई करने वाली पहली भारतीय महिला तैराक हैं।
- 1914 - गुरबख्श सिंह ढिल्लों - आज़ाद हिन्द फ़ौज के अधिकारी थे।
- 1914 - नागेन्द्र सिंह - भारत के भूतपूर्व मुख्य चुनाव आयुक्त थे।
- 1926 - अक्किथम अच्छूथन नंबूथिरी - मलयालम भाषा के कवि थे।
- 1938 - शशि कपूर - हिन्दी सिनेमा जगत के प्रसिद्ध अभिनेताओं में से एक थे।
- 1953 - डी. वी. सदानंद गौड़ा - भारतीय राजनीतिज्ञों में से एक हैं।
- 1955 - रावसाहेब दानवे - भारतीय जनता पार्टी से संबद्ध राजनेता हैं।
- 1965 - अजेय, लेखक।

18 मार्च को हुए निधन

- 2000 - राजकुमारी दुबे - हिन्दी सिनेमा की जानीमानी गायिका थीं।
- 1956 - नारायण शास्त्री मराठे - प्रसिद्ध मराठी विद्वान।

18 मार्च के महत्त्वपूर्ण अवसर एवं उत्सव

- आयुध निर्माण दिवस

विशेष आलेख

राजस्थान दिवस, राष्ट्रीय शिक्षा नीति एवं उच्च शिक्षण संस्थान



प्रो सुरेश कुमार अग्रवाल
कुलगुरू, महर्षि दयानंद सरस्वती विश्वविद्यालय, अजमेर

यह दिवस उस गौरवपूर्ण परंपरा का प्रतीक है जिसमें वीरता, संस्कृति, लोकज्ञान और आत्मगौरव का अद्भुत संगम दिखाई देता है। आज जब भारत राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के माध्यम से शिक्षा के क्षेत्र में एक नए युग की शुरुआत कर रहा है, तब राजस्थान दिवस का महत्व और भी बढ़ जाता है।

राजस्थान दिवस केवल एक राज्य के गठन का स्मरण नहीं है, बल्कि यह उस ऐतिहासिक यात्रा का उत्सव है जिसने विविध रियासतों को एक सूत्र में बाँधकर आधुनिक राजस्थान का निर्माण किया। यह दिवस उस गौरवपूर्ण परंपरा का प्रतीक है जिसमें वीरता, संस्कृति, लोकज्ञान और आत्मगौरव का अद्भुत संगम दिखाई देता है। आज जब भारत राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के माध्यम से शिक्षा के क्षेत्र में एक नए युग की शुरुआत कर रहा है, तब राजस्थान दिवस का महत्व और भी बढ़ जाता है। यह अवसर हमें यह सोचने के लिए प्रेरित करता है कि किस प्रकार राजस्थान की ऐतिहासिक विरासत और राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 की दूरदर्शी दृष्टि मिलकर भविष्य के भारत के लिए एक सशक्त ज्ञान-परंपरा का निर्माण कर सकती है।

राजस्थान की धरती सदियों से ज्ञान और संस्कार की भूमि रही है। यहाँ के लोकजीवन में शिक्षा केवल विद्यालयों की चारदीवारी तक सीमित नहीं रही, बल्कि यह लोकगीतों, लोककथाओं, परंपराओं और जीवन-मूल्यों के माध्यम से पीढ़ी दर पीढ़ी प्रवाहित होती रही है। मरुभूमि की कठोर परिस्थितियों में भी यहाँ के समाज ने जल-संरक्षण, सामुदायिक जीवन और पर्यावरण-संतुलन की ऐसी परंपराएँ विकसित कीं जो आज भी आधुनिक समाज के लिए प्रेरणा का स्रोत हैं। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 इसी प्रकार के जीवन-आधारित ज्ञान को शिक्षा के केंद्र में लाने का आह्वान करती है। इस दृष्टि से राजस्थान दिवस और नई शिक्षा नीति का संबंध अत्यंत गहरा और सार्थक है।

राजस्थान दिवस हमें यह स्मरण कराता है कि यह प्रदेश केवल वीरता की गाथाओं के लिए ही प्रसिद्ध नहीं है, बल्कि यह संतों, कवियों और ज्ञानियों की भूमि भी रहा है। मीराबाई की भक्ति, दादूदयाल की समरसता की वाणी और लोकदेवताओं की जन-जागरण की परंपरा इस प्रदेश की सांस्कृतिक चेतना को अभिव्यक्त करती है। इन परंपराओं में जीवन के उच्चतम मूल्यों की शिक्षा निहित है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 भी इसी बात पर बल देती है कि शिक्षा का उद्देश्य केवल जानकारी प्रदान करना नहीं, बल्कि मनुष्य के भीतर नैतिकता, संवेदना और सामाजिक उत्तरदायित्व का विकास करना है।

आज का भारत एक ऐसे मोड़ पर खड़ा है जहाँ उसे अपनी प्राचीन ज्ञान-परंपरा को आधुनिक विज्ञान और तकनीक के साथ जोड़कर आगे बढ़ना है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 इसी समन्वय का दस्तावेज है। यह नीति स्पष्ट रूप से स्वीकार करती है कि भारत का भविष्य तभी उज्ज्वल होगा जब उसकी शिक्षा व्यवस्था अपने सांस्कृतिक मूल्यों और ज्ञान परंपराओं से जुड़ी होगी। राजस्थान जैसे सांस्कृतिक रूप से समृद्ध राज्य के लिए यह नीति एक स्वर्णिम अवसर लेकर आई है, क्योंकि यहाँ की लोक-परंपराएँ और जीवन-ज्ञान स्वयं में एक जीवंत विश्वविद्यालय की तरह हैं।

राजस्थान की भौगोलिक परिस्थितियाँ हमें यह सिखाती हैं कि सीमित संसाधनों में भी समृद्ध जीवन संभव है। यहाँ के लोगों ने जल की प्रत्येक बूंद का सम्मान करना सीखा है और सामुदायिक सहयोग से जल-संरक्षण की अद्भुत प्रणालियाँ विकसित की हैं। बावड़ियाँ, तालाब और जोहड़ केवल जल-स्रोत नहीं हैं, बल्कि वे सामूहिक बुद्धिमत्ता और सामाजिक सहभागिता के प्रतीक हैं। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 इस प्रकार के पारंपरिक ज्ञान को शिक्षा के साथ जोड़ने का मार्ग प्रशस्त करती है, ताकि नई पीढ़ी अपने समाज के अनुभवों से भी सीख सके।

राजस्थान दिवस के अवसर पर यह विचार अत्यंत प्रेरक है कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति शिक्षा को समग्रता के साथ देखने का आग्रह करती है। यह नीति विद्यार्थियों के बौद्धिक विकास के साथ-साथ उनके भावनात्मक, नैतिक और शारीरिक विकास को भी समान महत्व देती है। यह दृष्टि भारत की प्राचीन गुरुकुल परंपरा की याद दिलाती है, जहाँ शिक्षा का उद्देश्य केवल विद्या प्राप्त करना नहीं, बल्कि जीवन को संतुलित और सार्थक बनाना था।

राजस्थान की सांस्कृतिक विरासत इस समग्र दृष्टि का सजीव उदाहरण है। यहाँ के लोकनृत्य, लोकसंगीत, हस्तशिल्प और स्थापत्य कला केवल मनोरंजन या सौंदर्य का माध्यम नहीं हैं, बल्कि वे जीवन की गहरी समझ और सामूहिक रचनात्मकता का प्रतीक हैं। नई शिक्षा नीति इन कलाओं और परंपराओं को शिक्षा का अभिन्न अंग बनाने का प्रयास करती है। इससे न केवल विद्यार्थियों में सृजनशीलता का विकास होगा, बल्कि हमारी सांस्कृतिक धरोहर भी सुरक्षित रहेगी। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 का एक महत्वपूर्ण पहलू है मातृभाषा और स्थानीय भाषाओं का महत्व। यह नीति मानती है कि शिक्षा तभी प्रभावी होती है जब वह उस भाषा में दी जाए जिसमें विद्यार्थी सहजता से सोच और समझ सकते हैं। राजस्थान में मारवाड़ी, मेवाड़ी, शेखावटी, हाड़ौती और ढूंढाड़ी जैसी समृद्ध भाषाएँ हैं जो लोकजीवन की आत्मा हैं। यदि शिक्षा इन भाषाओं के माध्यम से प्रारंभिक स्तर पर प्रदान की जाए, तो ज्ञान का प्रसार अधिक स्वाभाविक और प्रभावी होगा।

राजस्थान दिवस हमें यह भी प्रेरणा देता है कि शिक्षा का उद्देश्य केवल व्यक्तिगत उन्नति नहीं, बल्कि सामाजिक विकास भी होना चाहिए। नई शिक्षा नीति विद्यार्थियों में सामाजिक संवेदनशीलता और उत्तरदायित्व की भावना विकसित करने पर बल देती है। यह दृष्टि भारतीय संस्कृति के उस मूल सिद्धांत से प्रेरित है जिसमें कहा गया है कि ज्ञान का सर्वोच्च उद्देश्य लोककल्याण है। राजस्थान के युवाओं में अद्भुत ऊर्जा और प्रतिभा है। आज वे खेल, कला, विज्ञान और प्रशासन के विभिन्न क्षेत्रों में देश और दुनिया में अपनी पहचान बना रहे हैं। नई शिक्षा नीति का उद्देश्य इस प्रतिभा को सही दिशा देना है। इसके अंतर्गत विद्यार्थियों को अपनी रुचि के अनुसार विषयों का चयन करने की स्वतंत्रता दी गई है, जिससे वे अपनी क्षमता के अनुरूप आगे बढ़ सकें।

राजस्थान जैसे राज्य के लिए कौशल आधारित शिक्षा विशेष महत्व रखती है। यहाँ हस्तशिल्प, वस्त्र-निर्माण, पर्यटन, कृषि और लघु उद्योगों की विशाल संभावनाएँ हैं। यदि शिक्षा को इन क्षेत्रों के साथ जोड़ा जाए, तो युवाओं के लिए रोजगार और उद्यमिता के नए अवसर उत्पन्न हो सकते हैं। नई शिक्षा नीति इसी दिशा में कौशल विकास को शिक्षा का महत्वपूर्ण हिस्सा बनाती है। आज के डिजिटल युग में शिक्षा और प्रौद्योगिकी का संबंध भी अत्यंत महत्वपूर्ण हो गया है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति डिजिटल माध्यमों के उपयोग को प्रोत्साहित करती है ताकि शिक्षा अधिक सुलभ और प्रभावी बन सके। राजस्थान के दूरस्थ ग्रामीण क्षेत्रों में भी डिजिटल प्लेटफॉर्म के माध्यम से गुणवत्तापूर्ण शिक्षा पहुँचाई जा सकती है। इससे शिक्षा में समान अवसरों की स्थापना होगी। राजस्थान दिवस के अवसर पर यह भी स्मरण करना चाहिए कि यह भूमि सदैव आत्मसम्मान और आत्मनिर्भरता की प्रेरणा देती रही है। महाराणा प्रताप का संघर्ष केवल राजनीतिक स्वतंत्रता का प्रतीक नहीं था, बल्कि यह स्वाभिमान और आत्मनिर्भरता का संदेश भी था।

ये लेखक के अपने निजी विचार हैं।

पाँच राज्यों की चुनावी बिसात का 'पश्चिमी बंगाल' केन्द्रबिन्दु

एडवोकेट, जयदेव राठी

भारत में जब भी कई राज्यों में एक साथ चुनाव होते हैं तो राजनीतिक विमर्श केवल स्थानीय मुद्दों तक सीमित नहीं रहता, बल्कि वह राष्ट्रीय राजनीति की दिशा का संकेत भी देने लगता है। चुनाव आयोग द्वारा पांच राज्यों पश्चिम बंगाल, तमिलनाडु, केरल, असम और पुडुचेरी में विधानसभा चुनावों की तिथियों की घोषणा के बाद देश की राजनीतिक गतिविधियां तेज हो गई हैं। इन चुनावों को लेकर अलग-अलग राज्यों में अलग-अलग समीकरण बन रहे हैं, लेकिन राजनीतिक विश्लेषकों की नजर विशेष रूप से पश्चिम बंगाल पर टिक गई है। इसका कारण यह है कि यहां पिछले लगभग डेढ़ दशक से सत्ता में मौजूद तृणमूल कांग्रेस और उसे चुनौती देने के लिए पूरी ताकत के साथ मैदान में उतरी भाजपा के बीच सीधा और तीखा मुकाबला देखने को मिल रहा है।

पश्चिम बंगाल की राजनीति पिछले कुछ वर्षों में राष्ट्रीय राजनीति का महत्वपूर्ण केंद्र बन चुकी है। वर्ष 2011 में वाम मोर्चे के लंबे शासन को समाप्त कर सत्ता में आई ममता बनर्जी ने राज्य की राजनीति को पूरी तरह बदल दिया था। उसके बाद से तृणमूल कांग्रेस लगातार सत्ता में बनी हुई है और इस बार का चुनाव उसके लिए लगभग 15 वर्षों के शासन की परीक्षा के रूप में देखा जा रहा है। लोकतांत्रिक राजनीति का एक स्वाभाविक नियम यह है कि लंबे समय तक सत्ता में रहने वाली सरकारों को एंटी-इन्कम्बेंसी का सामना करना पड़ता है। जनता के एक वर्ग में यह भावना बनने लगती है कि अब बदलाव होना चाहिए। पश्चिम बंगाल में भी विपक्ष इसी मनोविज्ञान को मजबूत करने की कोशिश कर रहा है।

भाजपा ने पिछले एक दशक में पश्चिम बंगाल में अपनी राजनीतिक जमीन काफी मजबूत की है। कभी राज्य की राजनीति में सीमित उपस्थिति रखने वाली यह पार्टी आज तृणमूल कांग्रेस की सबसे बड़ी प्रतिद्वंद्वी बन चुकी है। 2019 के लोकसभा चुनावों में भाजपा को राज्य में उल्लेखनीय सफलता मिली थी और 2021 के विधानसभा चुनावों में भी उसने मजबूत प्रदर्शन करते हुए खुद को मुख्य विपक्ष के रूप में स्थापित कर लिया। यही कारण है कि इस बार भाजपा पूरे आत्मविश्वास के साथ 'परिवर्तन' का नारा दे रही है। पार्टी का मानना है कि राज्य में भ्रष्टाचार, कानून-व्यवस्था और प्रशासनिक अक्षमता जैसे मुद्दों के कारण जनता बदलाव चाहती है।

किन्तु भाजपा का यह उत्थान मात्र संगठनात्मक कार्य का परिणाम नहीं है इसके पीछे घुसपैठ का मुद्दा है, जो इस चुनाव को राष्ट्रीय सुरक्षा के धरातल पर ले जाता है। बांग्लादेश में हिन्दुओं की लगातार हो रही हत्याओं से पश्चिम बंगाल के हिन्दू समुदाय में आक्रोश बढ़ रहा है। इस माहौल में अवैध बांग्लादेशी घुसपैठियों के विरुद्ध लोगों की नाराजगी भी तीव्र हुई है। अमित शाह ने आरोप लगाया कि असम, त्रिपुरा, गुजरात, कश्मीर और पंजाब की सीमाओं पर घुसपैठ नहीं होती केवल बंगाल की सीमा पर क्यों होती है? उन्होंने यह भी कहा कि पश्चिम बंगाल सरकार द्वारा भूमि न दिए जाने के कारण बांग्लादेश सीमा पर बाड़बंदी पूरी नहीं हो पाई। यह आरोप-प्रत्यारोप का खेल केवल शब्द-युद्ध नहीं है इसके पीछे करोड़ों मतदाताओं की भावनाएँ जुड़ी हैं। इस चुनाव में एक नया आयाम विशेष सघन पुनरीक्षण अर्थात् मतदाता सूची के गहन पुनर्निर्माण का विवाद भी जोड़ता है। यह विवाद 'रोटी, कपड़ा और मकान' जैसे बुनियादी मुद्दों को भी पीछे छोड़ते हुए इस वर्ष बंगाल की राजनीति का एक प्रमुख विषय बन गया।

ये लेखक के अपने निजी विचार हैं।

लघुकथा

उत्तर की तलाश

एक मित्र ने पूछा, 'तुम कब पैदा हुए थे ?'

'शायद तब जब लाल बहादुर शास्त्री प्रधानमंत्री थे, नहीं शायद गुलजारी लाल नन्दा या इंदिरा में से कोई प्रधानमंत्री था।' मैंने उत्तर दिया।

'तुम्हें इतना भी याद नहीं।'

'बच्चा था न- दुनियादारी, राजनीति, से दूर।'

'अब क्या हो?'

'अब भी एक इंसान हूं-छल, कपट, राजनीति, माया-मोह में जकड़ा।'

'मगर इंसान हो ?'

'हां।'

'पर कैसे ? इंसानों के कौन से लक्षण हैं तुममें ?'

मैं चुप रहा, कुछ सोचा फिर

उत्तर की जगह मैंने एक प्रश्न दाग दिया, 'तुम क्या हो ?'

मित्र खामोश था । वह शायद जानता था कि आगे फिर मैं उसका अगला प्रश्न ही दोहराने वाला हूँ ।

एक सीधे प्रश्न के उत्तर की तलाश में हम देर तक एक दूसरे को देखते रहें 7

आज भी उत्तर तलाश रहे हैं कि इंसानों के कौन से लक्षण हैं हममें ?

- बृजेश नीरज

हेल्थ टिप्स

प्रेग्नेंसी में कटहल खाना चाहिए या नहीं?

प्रेग्नेंसी के दौरान महिलाओं को अपने खानपान का विशेष ध्यान रखने की जरूरत होती है। दरअसल, गर्भावस्था के दौरान महिला के शरीर में कई तरह के बदलाव होते हैं। ऐसे में, शरीर को हेल्दी रखने के लिए स्वस्थ और संतुलित खानपान की जरूरत होती है। प्रेग्नेंसी के दौरान गर्भवती महिला जो कुछ भी खाती-पीती है, उसका असर उसके साथ-साथ शिशु की सेहत पर भी पड़ता है। ऐसे में, प्रेग्नेंसी में गर्भवती महिलाओं को कुछ चीजों को खाने और कुछ चीजों से परहेज करने की सलाह दी जाती है। दरअसल, कई बार गर्भवती महिलाएं कुछ ऐसी चीजों का सेवन कर लेती हैं, जिससे उनकी सेहत को नुकसान पहुंच सकता है। ऐसी ही एक चीज है कटहल, जिसे लेकर लोगों की अलग-अलग राय है। अक्सर

कई लोगों के मन में इस बात को लेकर कंफ्यूजन रहती है कि प्रेग्नेंसी में कटहल खाना सुरक्षित है या नहीं? तो आइए, डाइट्रीफिट की डायटीशियन अबर्ना माथीवनन से जानते हैं कि प्रेग्नेंसी में कटहल खाना चाहिए या नहीं?

डायटीशियन अबर्ना माथीवनन के मुताबिक, प्रेग्नेंसी में कटहल का सेवन करना पूरी तरह से सुरक्षित है, लेकिन इसका सेवन हमेशा सीमित मात्रा में ही करना चाहिए। कटहल में ऐसे कई जरूरी पोषक तत्व मौजूद होते हैं, जो मां और गर्भस्थ शिशु की सेहत के लिए फायदेमंद होते हैं। हालांकि, इसका ज्यादा मात्रा में सेवन करने से बचना चाहिए। साथ ही, कटहल को बहुत ज्यादा पकाकर नहीं खाना चाहिए, क्योंकि इससे शरीर में गर्मी बढ़ सकती है। प्रेग्नेंसी में कटहल का सेवन करने से पहले डॉक्टर से सलाह अवश्य लें।

प्रेग्नेंसी में कटहल खाने के फायदे : कटहल पोषक तत्वों से भरपूर होता है। इसमें जिंक, आयरन, फाइबर, कैल्शियम, पोटैशियम, बीटा-कैरोटीन और एंटीऑक्सीडेंट्स जैसे तत्व मौजूद होते हैं, जो गर्भवती महिला के स्वास्थ्य के लिए लाभकारी होते हैं। प्रेग्नेंसी में कटहल का सेवन करने से कब्ज जैसी पाचन संबंधी समस्याओं से राहत मिल सकती है और पेट से जुड़ी दिक्कतें कम हो सकती हैं। इसके अलावा, इसके सेवन से ब्लड प्रेशर नॉर्मल रहता है और हड्डियां भी मजबूत बनती हैं। कटहल में मौजूद पोषक तत्व शिशु के सही विकास में भी मददगार हो सकते हैं।

प्रेग्नेंसी में कटहल खाने के नुकसान: प्रेग्नेंसी में कटहल खाने के नुकसान हालांकि कटहल के कई फायदे हैं, लेकिन इसका अधिक मात्रा में सेवन गर्भवती महिलाओं के लिए कुछ समस्याएं भी पैदा कर सकता है। ज्यादा मात्रा में कटहल खाने से गर्भवती महिला का ब्लड शुगर लेवल बढ़ सकता है। इसलिए जिन महिलाओं को जेस्टेशनल डायबिटीज है, उन्हें इसका सेवन नहीं करना चाहिए।

आज का राशिफल

मेष

आज का दिन आपके लिए कामकाज के लिहाज से थोड़ा व्यस्त रहने वाला है। काम का दबाव अधिक रहेगा और कुछ विरोधी आपके कार्यों में बाधा डालने की कोशिश भी कर सकते हैं, लेकिन समझदारी से आप स्थितियों को संभाल लेंगे। धार्मिक और आध्यात्मिक कार्यों में आपकी रुचि बढ़ेगी और किसी जरूरतमंद व्यक्ति की मदद करने का अवसर भी मिल सकता है।

वृष

आपके लिए कामकाज के लिहाज से थोड़ा व्यस्त रहने वाला है। काम का दबाव अधिक रहेगा और कुछ विरोधी आपके कार्यों में बाधा डालने की कोशिश भी कर सकते हैं, लेकिन समझदारी से आप स्थितियों को संभाल लेंगे।

मिथुन

आज का दिन आपके लिए सकारात्मक परिणाम लेकर आएगा। उच्च अधिकारियों की कृपा आप पर बनी रहेगी, जिससे कार्यक्षेत्र में आपको लाभ मिल सकता है। जो लोग नौकरी बदलने का प्रयास कर रहे हैं।

कर्क

पार्टनरशिप में नया व्यवसाय शुरू करने से फिलहाल बचना ही बेहतर रहेगा। यदि आप किसी सरकारी योजना में निवेश करने का विचार कर रहे हैं, तो वह आपके लिए लाभकारी साबित हो सकता है।

सिंह

आज का दिन आपके लिए मिला-जुला रहने वाला है। आप अपने मित्रों के साथ समय बिताएंगे और स्वादिष्ट भोजन का आनंद भी लेंगे। राजनीति या किसी सामाजिक मामले से जुड़ी उलझन आज सुलझ सकती है।

कन्या

लंबे समय से चली आ रही परेशानियां धीरे-धीरे समाप्त होंगी। आपको अपने गुस्से पर नियंत्रण रखना होगा और यदि आपने किसी से कोई वादा किया है, तो उसे समय रहते पूरा करने का प्रयास करें।

तुला

आज का दिन आपकी आय में वृद्धि कराने वाला रहेगा। आय बढ़ने से मन प्रसन्न रहेगा और आप अपने भविष्य की योजनाओं पर भी ध्यान देंगे। विद्यार्थी किसी प्रतियोगिता में भाग ले सकते हैं और सफलता के लिए प्रयास करेंगे।

वृश्चिक

आज का दिन स्वास्थ्य के लिहाज से थोड़ा कमजोर रह सकता है, इसलिए अपने खानपान और दिनचर्या पर विशेष ध्यान दें। यदि किसी समस्या को लेकर आप लंबे समय से परेशान थे, तो उसका समाधान मिलने की संभावना है।

धनु

लेन-देन से जुड़े मामलों में सावधानी बरतने का संकेत दे रहा है। भौतिक सुख-सुविधाओं में वृद्धि होगी, लेकिन किसी भी प्रकार का जोखिम लेने से बचें। विपरीत परिस्थितियों में धैर्य बनाए रखना ही आपके लिए फायदेमंद रहेगा।

मकर

आज पारिवारिक जीवन में खुशियां बनी रहेंगी। आपको किसी पुराने मित्र से लंबे समय बाद मिलने का अवसर मिल सकता है, जिससे मन प्रसन्न रहेगा। आपकी कोई मनोकामना भी पूरी हो सकती है।

कुंभ

आज आपको अपनी जरूरतों के अनुसार ही खर्च करने की सलाह दी जाती है। दिखावे और अनावश्यक खर्चों से दूर रहें। आप संतान के करियर को लेकर कोई महत्वपूर्ण निर्णय ले सकते हैं।

मीन

आज का दिन आपके लिए लाभदायक साबित हो सकता है। वैवाहिक जीवन में खुशहाली बनी रहेगी और घर का माहौल भी आनंदमय रहेगा। एक के बाद एक अच्छी खबर मिलने से मन प्रसन्न रहेगा। किसी कानूनी मामले में आपको जीत मिल सकती है।

करोड़ों में बिके हैं ये स्टार

आईपीएल में इन खिलाड़ियों पर रहेगी सबकी नजर

नईदिल्ली (एजेंसी)। आईपीएल 2026 का आगाज 28 मार्च से होने जा रहा है और इस बार कई ऐसे खिलाड़ी हैं जिन पर सभी की नजरें टिकी रहेंगी। ऑक्शन में कुछ खिलाड़ियों पर फ्रेंचाइज़ियों ने करोड़ों की बोली लगाई है, जिससे उनकी जिम्मेदारी और भी बढ़ गई है। ये खिलाड़ी अपने प्रदर्शन से टीम को खिताब दिलाने में अहम भूमिका निभा सकते हैं।

कैमरून ग्रीन

- **केकेआर का महंगा दांव**– कोलकाता नाइट राइडर्स ने कैमरून ग्रीन को 25.20 करोड़ रुपये में खरीदकर बड़ा निवेश किया है। वह एक बेहतरीन टॉप ऑर्डर बल्लेबाज हैं, जो जरूरत पड़ने पर गेंदबाजी भी कर सकते हैं। केकेआर उन्हें एक मैच विनर के तौर पर देख रही है, जो अकेले दम पर गेम बदल सकते हैं।

पथिराना

- **केकेआर का डेथ ओवर स्पेशलिस्ट**– मथेशा पथिराना को केकेआर ने 18 करोड़ रुपये में खरीदा, जो उनकी गेंदबाजी क्षमता को दर्शाता है। वह खासकर डेथ ओवर्स में अपनी यॉर्कर और अनोखे एक्शन के लिए जाने जाते हैं। उनका प्रदर्शन केकेआर की गेंदबाजी को मजबूत बनाएगा।

प्रशांत वीर सीएसके

- **उभरता ऑलराउंडर**–चेन्नई सुपर किंग्स ने प्रशांत वीर को 14.20 करोड़ रुपये में खरीदकर सबको चौंका दिया। कम बेस प्राइस के बावजूद इतनी बड़ी रकम मिलने से उनकी प्रतिभा साफ झलकती है। वह एक ऑलराउंडर के रूप में टीम को बैलेंस देते हैं और सीएसके उन्हें भविष्य के स्टार के रूप में देख रही है।

आकिब नबी

दिल्ली कैपिटल्स की नई उम्मीद– दिल्ली कैपिटल्स ने आकिब नबी पर 8.40 करोड़ रुपये खर्च किए हैं। वह एक ऑलराउंडर हैं, जो गेंद और बल्ले दोनों से प्रभाव डाल सकते हैं। नबी की खासियत उनकी आक्रामक बल्लेबाजी और उपयोगी गेंदबाजी है। डीसी को उनसे मिडिल ओवर्स में गेम बदलने की उम्मीद होगी।

जेसन होल्डर

जीटी का अनुभवी हथियार– गुजरात टाइटंस ने जेसन होल्डर को 7 करोड़ रुपये में अपने साथ जोड़ा है। वह एक अनुभवी ऑलराउंडर हैं, जिनके पास अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट

का बड़ा अनुभव है। उनकी गेंदबाजी और निचले क्रम की बल्लेबाजी लअ के लिए फायदेमंद साबित हो सकती है।

कूपर कॉनोली -पीबीकेएस का युवा दांव

पंजाब किंग्स ने कूपर कॉनोली को 3 करोड़ रुपये में खरीदा है। वह एक युवा ऑलराउंडर हैं, जिनमें भविष्य का बड़ा खिलाड़ी बनने की क्षमता है। कॉनोली अपनी आक्रामक बल्लेबाजी और उपयोगी स्पिन गेंदबाजी से टीम को मजबूती दे सकते हैं। पीबीकेएस उन्हें एक लंबे समय के निवेश के रूप में देख रही है।

बांग्लादेश-पाकिस्तान वनडे सीरीज के बाद रैंकिंग में बड़ा बदलाव, सलमान आगा और मेहदी हसन मिराज चमके

एजेंसी समाचार

नई दिल्ली। बांग्लादेश और पाकिस्तान के बीच हाल ही में खेली गई तीन मैचों की वनडे सीरीज में शानदार प्रदर्शन के बाद खिलाड़ियों की आईसीसी रैंकिंग में बड़ा बदलाव देखने को मिला है। बांग्लादेश ने यह सीरीज 2-1 से अपने नाम की, और दोनों टीमों के कई खिलाड़ियों को इसका फायदा मिला। पाकिस्तान के बल्लेबाज सलमान आगा ने शानदार प्रदर्शन करते हुए बल्लेबाजों की रैंकिंग में शीर्ष-10 में जगह बना ली है। वह अब नौवें स्थान पर पहुंच गए हैं। उन्होंने इस सीरीज में 175 रन बनाए, और स्ट्राइक रेट 104.17 रहा। उन्होंने सीरीज के निर्णायक मैच में 98 गेंदों पर 106 रनों की बेहतरीन पारी खेली, जिसमें नौ चौके और चार छक्के शामिल थे, लेकिन टीम को 11 रनों से हार का सामना करना पड़ा। वहीं, बांग्लादेश के कप्तान मेहदी हसन मिराज ने गेंदबाजी रैंकिंग में बड़ी छलांग लगाई है। वह नौ स्थान की छलांग लगाकर सातवें नंबर पर पहुंच गए हैं। उन्होंने सीरीज में पांच विकेट लिए और उनकी इकॉनमी सिर्फ 3.33 रही। पहले मैच में उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 3/27 रहा। बांग्लादेश के युवा बल्लेबाज तंजिद हसन तमीम ने भी शानदार प्रदर्शन किया और 31 स्थान की छलांग लगाकर 55वें नंबर पर पहुंच गए। उन्होंने तीन मैचों में 175 रन बनाए और आखिरी मैच में 107 रनों की शतकीय पारी खेली, जो उनके करियर का पहला वनडे शतक था। तेज गेंदबाज तस्किन अहमद ने भी गेंदबाजी रैंकिंग में 12 स्थान की बढ़त हासिल कर 28वां स्थान हासिल किया। उन्होंने सीरीज में छह विकेट लिए। इसके अलावा, नाहिद राणा ने भी शानदार प्रदर्शन किया और 65 स्थान की छलांग लगाकर पहली बार वनडे गेंदबाजों की टॉप-100 रैंकिंग में जगह बनाई। उन्होंने पहले मैच में पांच विकेट लेकर पाकिस्तान की बल्लेबाजी को झकझोर दिया। इस सीरीज के बाद साफ है कि बांग्लादेश के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन से अपनी छाप छोड़ी है, वहीं पाकिस्तान के कुछ खिलाड़ियों ने भी व्यक्तिगत स्तर पर अच्छा प्रदर्शन किया।

केकेआर के हर्षित राणा आईपीएल 2026 से बाहर

- पथिराना भी चोटिल, टीम दोनों का रिप्लेसमेंट नहीं लेगी; रहमान की जगह मुजरबानी को चुना

नई दिल्ली (एजेंसी)। कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के तेज गेंदबाज हर्षित राणा आईपीएल 2026 से बाहर हो गए हैं। वे एक दिन पहले 15 मार्च को दिल्ली में बीसीसीआई के नमन अवॉर्ड में छड़ी के सहारे चलते नजर आए थे। क्रिकेट वेबसाइट क्रिकबज ने लिखा कि हर्षित इस सीजन में नहीं खेलेंगे। उनके अलावा, श्रीलंका के मथीश पथिराना भी चोटिल हैं। दोनों गेंदबाज टी-20 वर्ल्ड कप के दौरान अपनी-अपनी टीम से खेलते हुए चोटिल हुए थे। केकेआर ने दोनों गेंदबाजों के रिप्लेसमेंट नहीं लेने का फैसला किया है। मैनेजमेंट का मानना है कि टीम के पास पहले से पर्याप्त तेज गेंदबाजी विकल्प मौजूद हैं। इसमें वैभव अरोड़ा, उमरान मलिक, कार्तिक त्यागी और आकाश दीप शामिल हैं।

प्रैक्टिस मैच में चोट लगी

हर्षित राणा घुटने की चोट के कारण भारत की टी-20 वर्ल्ड कप से बाहर हो गए थे। उन्हें साउथ अफ्रीका के खिलाफ अभ्यास मैच में चोट लगी थी। इसके बाद उनकी सर्जरी हुई। उन्हें पूरी तरह फिट होने में समय लगेगा। राणा ने आईपीएल 2024 में 19 और 2025 में 15 विकेट लिए थे। केकेआर को पथिराना के फिट होने की उम्मीद श्रीलंका के तेज गेंदबाज मथीशा पथिराना भी चोट के कारण फिलहाल उपलब्ध नहीं हैं। हालांकि केकेआर उन्हें रिप्लेस नहीं करना चाहती क्योंकि फ्रेंचाइजी को उम्मीद है कि वे आईपीएल के दौरान किसी समय टीम से जुड़ सकते हैं। केकेआर ने मेगा ऑक्शन में पथिराना को 18 करोड़ रुपए में खरीदा था। सोमवार को उनके मैनेजर ने केकेआर जर्सी में उनकी तस्वीर साझा की, जिससे उनके टूर्नामेंट में खेलने की उम्मीद बढ़ गई है।
16 फरवरी को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ मैच में श्रीलंका के तेज गेंदबाज मथीशा पथिराना के बाएं पैर की मांसपेशियों में खिंचाव आ गया था।

ईशान कर सकते हैं SRH की कप्तानी

- कमिंस बैक इंजरी के कारण शुरुआती मैचों से बाहर; झारखंड को पहली बार सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी दिलाई

हैदराबाद (एजेंसी)। सनराइजर्स हैदराबाद के नियमित कप्तान पैट कमिंस की गैरमौजूदगी में विकेटकीपर बल्लेबाज ईशान किशन आईपीएल 2026 की शुरुआत में टीम की कप्तानी कर सकते हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक कमिंस अभी बैक इंजरी से उबर रहे हैं और यह साफ नहीं है कि वे कब टीम से जुड़ेंगे। कमिंस को यह चोट 2025-26 एशेज सीरीज से पहले लगी थी। शुरुआत में माना जा रहा था कि वे पूरी सीरीज मिस करेंगे,लेकिन उन्होंने एक टेस्ट खेला और फिर दोबारा टीम से बाहर हो गए।हालांकि, ईशान को शुरुआती मैचों की कप्तानी सौंपे जाने को लेकर फ्रेंचाइजी की ओर से अभी कुछ नहीं कहा गया है।

- **ईशान किशन के पक्ष में गया कप्तानी का अनुभव**– ईशान किशन ने अपनी कप्तानी में झारखंड को पहली बार सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी का खिताब दिलाया है। कप्तानी के साथ-साथ ईशान बल्ले से भी बेहतर प्रदर्शन किया। उन्होंने उस टूर्नामेंट में 197.33 की स्ट्राइक रेट से सबसे ज्यादा 517 रन बनाए थे। इसी अनुभव के दम पर वे कप्तानी की रेस में अभिषेक शर्मा से आगे हैं। पिछले आईपीएल सीजन में ईशान का प्रदर्शन उतार-चढ़ाव भरा रहा था। उन्होंने टीम के लिए पहले मैच में शतक लगाया था।

नंगे पैर खेलने से 'गोल ऑफ द टूर्नामेंट' तक

- एशियन कप फुटबॉल में 30 गज से गोल दागकर चर्चा में आईं पंजाब की मनीषा कल्याण

सिडनी (एजेंसी)। 2026 विमंस एशियन कप के मैच में भारतीय टीम चीनी ताइपे से 1-0 से पीछे थी। 39वें मिनट में भारत को गोल से 30 गज की दूरी पर फ्री-किक मिली। सामने सफेद जर्सी में चार डिफेंडर दीवार बनकर खड़ी थीं। ऐसे में 24 वर्षीय मनीषा कल्याण एक पल के लिए रुकीं और अपने बाएं पैर से एक ऐसा करारा शॉट दागा कि गेंद क्रॉसबार के निचले हिस्से से टकराकर सीधे गोल लाइन के पार चली गई। वीएआर ने गोल की पुष्टि की और कमेंटेटर ने इसे देखते ही 'गोल ऑफ द टूर्नामेंट' करार दिया। भले ही भारतीय टीम यह मैच 1-3 से हारकर ग्रुप में सबसे नीचे रही, लेकिन पंजाब के होशियारपुर की इस बेटी ने दुनिया को भारतीय फुटबॉल की एक उजली तस्वीर जरूर दिखा दी।

यह सिर्फ एक गोल की नहीं, बल्कि उस लड़की की कहानी है जिसके नसीब में कभी खेल के जूते नहीं थे। आठ साल पहले पंजाब के मुग्गोवाल गांव के एक सरकारी स्कूल में पीटी टीचर ब्रह्मजीत सिंह

ने एक लड़की को लड़कों के साथ नंगे पैर खेलते देखा। वह बेखौफ गोल दाग रही थी। मनीषा के पिता नरेंद्रपाल सिंह की गांव में एक छोटी सी कॉस्मेटिक की दुकान थी। वह अपनी चार बेटियों को सिर्फ पढ़ाना चाहते थे; उनके पास स्पोर्ट्स शूज और ट्रेनिंग के पैसे नहीं थे।

चेल्सी पर 92 करोड़ का जुर्माना, ट्रांसफर बैन भी लगा

ईडन हजार्ड और विलियन के लिए गुप्त भुगतान किए गए, क्लब ने खुद कबूली अपनी गलती

मास्को (एजेंसी)। प्रीमियर लीग ने चेल्सी फुटबॉल क्लब पर वित्तीय नियमों के उल्लंघन के मामले में 92(10 मिलियन पाउंड) करोड़ का जुर्माना लगाया है।

क्लब पर एक साल का ट्रांसफर बैन लगाया गया है, लेकिन इसे दो साल के लिए टाल दिया गया है। यह कार्रवाई 2011 से 2018 के बीच किए गए गुप्त भुगतानों को लेकर की गई है। क्लब ने ईडन हजार्ड, विलियन और डेविड लुइज जैसे बड़े खिलाड़ियों को साइन करने के लिए अनरजिस्टर्ड एजेंटों को करोड़ों रुपए दिए थे।ईडन हज़ार्ड को 2012 में लिली क्लब से 393 करोड़ में साइन किया गया था।

नए मालिकों ने खुद ही दी थी जानकारी, 2022 में शुरू हुई थी जांच– यह पूरी गड़बड़ी उस समय की है जब क्लब के मालिक रूसी अरबपति रोमन अब्रामोविच थे। साल 2022 में जब ब्लूको ग्रुप ने क्लब को खरीदा, तो उन्हें अकाउंट्स की जांच के दौरान इन गुप्त भुगतानों का पता चला। नए मैनेजमेंट ने खुद आगे बढ़कर प्रीमियर लीग को इन उल्लंघनों की जानकारी दी। जांच में सामने आया कि क्लब से जुड़े तीसरे पक्ष के जरिए खिलाड़ियों, अनरजिस्टर्ड एजेंटों और अन्य लोगों को गुप्त भुगतान किए गए थे। इन भुगतानों की जानकारी उस समय फुटबॉल अथॉरिटी को नहीं दी गई थी, जो कि नियमों के खिलाफ है। प्रीमियर लीग के अनुसार ये भुगतान चेल्सी के हित में किए गए थे और इन्हें क्लब के खर्च के रूप में दिखाया जाना चाहिए था। क्लब ने यह भी माना कि इन भुगतानों को छिपाना और सही जानकारी न

देना नियमों का उल्लंघन है। हालांकि जांच के बाद यह साफ हुआ कि अगर इन भुगतानों को सही तरीके से शामिल भी किया जाता, तब भी चेल्सी नियमों का उल्लंघन नहीं करती। अगर क्लब खुद इसकी जानकारी नहीं देता, तो उन पर और भी सख्त कार्रवाई हो सकती थी और उनके प्वॉइंट्स भी काटे जा सकते थे।

- **स्टाफ को सैलरी भी अंडर द टेबल दी गई**– सिर्फ खिलाड़ियों के ट्रांसफर ही नहीं, बल्कि क्लब के स्टाफ को दिए गए पेमेंट में भी गड़बड़ी मिली। क्लब के तत्कालीन डायरेक्टर ऑफ फुटबॉल फ्रैंक अर्नेसन, स्काउट पीट डी विसर और एक अन्य स्टाफ मेंबर को करीब 15 करोड़ रुपए दिए गए थे, जिसे उनकी सैलरी माना गया लेकिन इसे आधिकारिक तौर पर रिपोर्ट नहीं किया गया था।
- **जिन खिलाड़ियों पर विवाद था, उन्होंने चेल्सी को कई खिताब दिलाए**– जिन खिलाड़ियों के ट्रांसफर पर विवाद है, वे चेल्सी के सबसे सफल खिलाड़ियों में गिने जाते हैं। इसी समय जोस मोरिन्हो क्लब में वापस आए थे। उस दौर में टीम ने 2 प्रीमियर लीग, 2 एफए कप और यूरोपा लीग समेत कुल 6 बड़ी ट्रॉफियां जीतीं। ईडन हजार्ड ने चेल्सी के लिए 352 मैचों में 110 गोल किए।

उद्योग, कृषि और इंफ्रास्ट्रक्चर के लिए 54,926 करोड़ की योजनाओं को मंजूरी

एजेंसी समाचार

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में बुधवार को हुई केंद्रीय मंत्रिमंडल की अहम बैठक में देश की अर्थव्यवस्था को गति देने के लिए कई बड़े फैसले लिए गए हैं। सरकार ने उद्योग, कृषि, सड़क निर्माण और नवीकरणीय ऊर्जा क्षेत्रों को लक्षित करते हुए कुल 54,926 करोड़ रुपये के भारी-भरकम वित्तीय परिव्यय वाली चार प्रमुख योजनाओं पर मुहर लगाई है। यह कदम भारत के समग्र आर्थिक विकास और बुनियादी ढांचे को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। बैठक के संपन्न होने के बाद सूचना व प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने इन फैसलों की विस्तृत जानकारी मीडिया के साथ साझा की। भारत औद्योगिक विकास योजना (BHAVYA): केंद्रीय मंत्रिमंडल ने देश में औद्योगिक विकास को बढ़ावा देने के लिए एक महत्वपूर्ण योजना को मंजूरी दे दी है। 'भारत औद्योगिक विकास योजना (भव्य)' नामक इस केंद्रीय क्षेत्र की योजना के लिए 33,660 करोड़ रुपये का परिव्यय निर्धारित किया गया है। इस योजना के तहत देशभर में 100 निवेश-तैयार प्लग-एंड-प्ले औद्योगिक पार्क विकसित किए जाएंगे। इसका उद्देश्य उद्योगों के लिए बुनियादी ढांचा तैयार करना है।

दिल्ली में चांदी 6000 रुपये और सोना 1000 रुपये टूटा; मुनाफावसूली का असर

एजेंसी समाचार

नई दिल्ली। राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में बड़ी गिरावट। चांदी 6,000 रुपये और सोना 1,000 रुपये सस्ता हुआ। मुनाफावसूली, कमजोर मांग और अमेरिकी फेडरल रिजर्व की बैठक से पहले के इस महत्वपूर्ण बाजार रुझान की पूरी इनसाइड स्टोरी जानने के लिए अभी पढ़ें।

राष्ट्रीय राजधानी में बुधवार को चांदी की कीमतों में 6,000 रुपये प्रति किलोग्राम की भारी गिरावट दर्ज की गई, जबकि सोना भी 1,000 रुपये प्रति 10 ग्राम सस्ता हो गया। अखिल भारतीय सराफा एसोसिएशन के अनुसार, यह गिरावट मुनाफावसूली और कमजोर घरेलू धारणा के कारण हुई है।

सफेद धातु चांदी 2.28 फीसदी की गिरावट के साथ 2,56,500 रुपये प्रति किलोग्राम पर आ गई। मंगलवार को यह 2,62,500 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी। इसी तरह, 99.9 फीसदी शुद्धता वाला सोना 0.62 फीसदी गिरकर 1,60,300 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गया। मंगलवार को यह 1,61,300 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। एचडीएफसी सिक्योरिटीज के वरिष्ठ शोध विश्लेषक दिलीप परमार ने बताया कि व्यापारियों द्वारा मुनाफावसूली और भौतिक मांग में कमी के कारण सोने की कीमतों में गिरावट आई। अंतरराष्ट्रीय बाजार में, हाजिर चांदी 0.79 फीसदी बढ़कर 79.92 अमेरिकी डॉलर प्रति औंस पर कारोबार कर रही थी। वहीं, सोना 0.32 फीसदी गिरकर 4,989.65 अमेरिकी डॉलर प्रति औंस पर आ गया।

लेमन मार्केट्स डेस्क के शोध विश्लेषक गौरव गर्ग ने कहा कि सराफा बाजार में हालिया उतार-चढ़ाव मुख्य रूप से अमेरिकी फेडरल रिजर्व के आगामी नीतिगत निर्णय से पहले निवेशकों की धारणा के कारण है। पश्चिम एशिया में भू-राजनीतिक तनाव से जुड़ी ऊंची तेल कीमतों के कारण बढ़ती मुद्रास्फीति की चिंताओं के बीच यह एक सतर्क माहौल बना रहा है। निवेशक ब्याज दर के प्रक्षेपवक्र पर संकेतों के लिए अमेरिकी फेडरल रिजर्व की नीतिगत बैठक के परिणाम पर बारीकी से नजर रख रहे हैं।

बाजार में हरियाली लौटी; सेंसेक्स ने लगाई 633 अंकों की छलांग, निफ्टी 23700 के पार

एजेंसी समाचार

नई दिल्ली। कच्चे तेल की कीमतों में मामूली गिरावट और वैश्विक बाजारों में मजबूती के रुझान के बीच, शेयर बाजार के बेंचमार्क सूचकांक सेंसेक्स और निफ्टी बुधवार को लगभग 1 प्रतिशत की बढ़त के साथ बंद हुए। इससे लगातार तीसरे दिन उनकी बढ़त जारी रही। आईटी शेयरों में तेजी के कारण घरेलू बाजारों में भी सकारात्मक रुझान देखने को मिला। 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 633.29 अंक या 0.83 प्रतिशत बढ़कर 76,704.13 पर बंद हुआ। दिन के दौरान इसमें 929.38 अंक या 1.22 प्रतिशत की तेजी आई और यह 77,000.22 पर पहुंच गया। 50 शेयरों वाला एनएसई निफ्टी 196.65 अंक या 0.83 प्रतिशत बढ़कर 23,777.80 पर बंद हुआ। रुपया अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 23 पैसे गिरकर रिकॉर्ड निचले स्तर 92.63 (अस्थायी) पर बंद हुआ, जो मजबूत डॉलर और निरंतर विदेशी निवेशक बहिर्वाह के दबाव में था। सेंसेक्स में सूचीबद्ध 30 कंपनियों में से, इटरनल, टेक महिंद्रा, इंफोसिस, महिंद्रा एंड महिंद्रा, एचसीएल टेक, अदानी पोर्ट्स, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज और एक्सिस बैंक प्रमुख लाभ कमाने वालों में शामिल थे।

आवास योजना से गरीबों की जरूरत को अवसर में भुना रहे जनसेवक और विभागीय कर्मचारी

- आवास योजना में शुरू से ही सभासदों की भूमिका रही है संदिग्ध
- जरूरत मंद को नहीं मिल रहा आवास, सभासदों पर विभाग मेहरबान

अपने जर्जर आवास को दिखाती महिला

जागरण मोर्चा कार्यालय

पीलीभीत। प्रधानमंत्री आवास योजना में भ्रष्टाचार शुरू से ही हावी रहा हैं। गरीबों की जरूरत को सभासदों और विभागों ने अवसर में तब्दील कर लिया हैं।

जहाँ एक ओर प्रधानमंत्री आवास योजना का लक्ष्य गरीबों को पक्का मकान उपलब्ध कराना था वहीं संबंधित विभाग के कर्मियों और कई वार्ड के सभासदों ने इसे कमाई का जरिया बना लिया हैं। योजना के तहत शहरी इलाकों में 2.5 लाख रुपये आवेदक के खाते में 3 से 4 किस्तों के माध्यम से आते हैं। लेकिन इसमें खुला खेल ऐसा है कि 2.5 लाख रुपए में से 30000 से 50000 तक सभासद, जांच अधिकारी आदि लोग खुले मुंह से चोरी छुपे आवेदक से ले लेते हैं। रिश्वत नहीं देने वाला व्यक्ति विभागों के कितने ही चक्कर क्यों न काट ले उसका आवेदन पास ही नहीं होता हैं। बीते 4 महीनों से योजना के तहत किस्तों के आने का सिलसिला शुरू हो गया है। कई वार्ड तो ऐसे हैं जिसमें करीब 80 से अधिक तक आवास स्वीकृत किए गए हैं। वहीं कुछ वार्ड में एक व्यक्ति तक का आवास स्वीकृत नहीं किया गया। कुछ जगह तो सभासदों और जांच अधिकारियों की मिलीभगत से बने आवासों पर भी किस्तों को पास कर दिया गया हैं। इस दौरान वार्ड 25 की स्थिति का जायजा लिया गया तो पता चला कि वार्ड के मोहल्ला कुंवारगढ़, पुरानमल, इनायतगंज, गोपालसिंह, गफ्फार खान आदि मोहल्लों में कई आवेदक जो वास्तव में पात्र हैं उन्हें आवास दिया ही नहीं गया। जानकारी के मुताबिक इस वार्ड में पिछले करीब 2 साल से एक भी आवास का आवेदन स्वीकार ही नहीं किया गया हैं। भाजपा जिलाध्यक्ष गोकुल प्रसाद मौर्य के वार्ड नंबर 10 के मोहल्ला तुलाराम की एक महिला तो आज जिलाधिकारी ज्ञानेंद्र सिंह के पास भी फरियाद लेकर पहुंची। महिला ने बताया कि उसका घर कतई जर्जर स्थिति में है, पिछले वर्ष मई में उसने आवेदन किया था पर आज तक कोई जांच अधिकारी उसके आवास पर जांच करने तक नहीं पहुंचा। महिला ने बताया जबकि वार्ड के कई ऐसे लोग है जिन्हें जरूरत नहीं थी फिर भी उनके आवास पास हो गए हैं। आवास योजना के नाम पर इन जनप्रतिनिधियों और विभागीय कर्मचारियों की मिलीभगत सरकार की मंशा को धरातल पर सच साबित करने में नाकाम हैं।

हमारे वार्ड के कई मोहल्लों में आवास स्वीकृत ही नहीं किए गए हैं, मेरी मंशा है न खाऊंगा और न ही खाने दूंगा शायद इसलिए ही ऐसा होगा।
(साकेत सक्सेना, वार्ड 25)

मेरा घर बिल्कुल गिरने की हालत में है, आज तक कोई जांच करने भी नहीं आया, मजबूरन आज डीएम साहब से शिकायत करने आना पड़ा।
(महेश्वर चौहान, मोहल्ला तुलाराम)

डीएम की फटकार के बाद भरवाए गए टनकपुर हाइवे के गड्ढे

डीएम की फटकार के बाद टनकपुर हाइवे पर हुआ पैच वर्क

जागरण मोर्चा कार्यालय

पीलीभीत। बेटे दिनों पूर्व डीएम ने नेशनल हाईवे के जेई को फोन पर फटकार लगाई थी। टनकपुर मार्ग पर जगह-जगह गड्ढे हो गए थे। डीएम की फटकार के बाद मार्ग के गड्ढों पर पैच वर्क का काम शुरू किया गया हैं।

जिलाधिकारी ज्ञानेंद्र सिंह ने नेशनल हाईवे के एचसीएन को फोन कर मार्ग की दुर्दशा के बारे में फटकार लगाई थी। इस दौरान जिलाधिकारी ने कहा था कि इस मार्ग पर बहुत बड़े-बड़े गड्ढे हो गए हैं जिसकी वजह से आए दिन हादसे बढ़ते जा रहे हैं। डीएम का कहना था कि जब मैं इस मार्ग से गुजर रहा था तो मार्ग की इस जर्जर स्थिति को देख कर खुद हैरान हो गया था। डीएम ने संबंधित अधिकारी को फोन पर ही आदेश दिया था कि जल्द ही काम शुरू करके इस मार्ग के गड्ढों पर पैच वर्क कर इन्हें सही कराया जाए। जिलाधिकारी की फटकार के बाद विभाग की ओर से पैच वर्क का काम शुरू किया गया। टनकपुर हाइवे पर जहां-जहां सड़क जर्जर स्थिति में थी उन सभी जगहों को सही कराया गया हैं। जिलाधिकारी के इस कार्य की जनता भी प्रशंसा कर रही हैं। लोगों का कहना है कि मार्ग सही होने से इस गड्ढों की वजह से अब खतरे की आशंका काफी हद तक टल गई हैं।

मानव-वन्यजीव संघर्ष पर चल रहे मामले पर हाइकोर्ट ने लगाई रोक

पीलीभीत। इलाहाबाद हाईकोर्ट ने मानव-वन्यजीव संघर्ष से जुड़े पीलीभीत के दियोरिया रेंज के मटेहना गांव के महत्वपूर्ण मामले में सुनवाई करते हुए आरोपियों के खिलाफ चल रही कार्यवाही पर अंतरिम रोक लगा दी है। अदालत ने मामले को प्रथम दृष्टया गंभीर मानते हुए संबंधित विपक्षी पक्ष से जवाब भी तलब किया है। न्यायमूर्ति विवेक कुमार सिंह की एकलपीठ ने देसराज व अन्य बनाम राज्य मामले में यह आदेश पारित किया। याचिकाकताओं की ओर से अधिवक्ता मधुरंजन पांडेय अदालत को बताया गया कि वर्ष 2019 की एक ही घटना के संबंध में पहले ही एफआईआर दर्ज की जा चुकी थी। पुलिस जांच के बाद उन्हें क्लीन चिट दे दी गई और कोई आरोपपत्र दाखिल नहीं किया गया। इसके बावजूद उसी घटना को आधार बनाकर बाद में एक अलग शिकायत वाद दर्ज कर लिया गया, जिस पर मजिस्ट्रेट ने संज्ञान लेते हुए समन आदेश जारी कर दिया तथा गैर-जमानती वारंट भी निर्गत किया गया। याचिकाकताओं ने दलील दी कि एक ही घटना पर दोहरी कार्यवाही कानून के विरुद्ध है। साथ ही यह भी कहा गया कि वन्यजीव संरक्षण अधिनियम 1972 की धारा 55 के अनुसार केवल अधिकृत अधिकारी ही इस प्रकार की शिकायत दर्ज कर सकता है, जबकि वर्तमान मामले में शिकायतकर्ता अधिकृत नहीं था। मामले पर विचार करते हुए हाईकोर्ट ने प्रतिवादी संख्या 2 व 3 को नोटिस जारी करते हुए 6 सप्ताह के भीतर जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया है। साथ ही याचिकाकताओं को 2 सप्ताह में प्रत्युत्तर प्रस्तुत करने की अनुमति दी गई है। अदालत ने स्पष्ट किया है कि अगली सुनवाई तक याचिकाकताओं के खिलाफ चल रही समस्त कार्यवाही पर रोक बनी रहेगी।

मानव वन्यजीव संघर्ष की फाइल फोटो

उल्लेखनीय है कि यह मामला पीलीभीत जनपद के पीलीभीत टाइगर रिजर्व के दियोरिया रेंज के गांव मटेहना का है जहाँ 24 जुलाई 2019 को मानव-बाघ संघर्ष की घटना हुई, जिसमें बाघ के हमले में गांव निवासी राधेश्याम ग्रामीण की मौत हो गई। बचाव के लिए पहुंचे ग्रामीणों ने बाघ को घेरकर मार दिया था । जिसमें केस क्राइम संख्या 347/2019 के तहत एफआईआर दर्ज की गई थी। जांच के उपरांत आरोपियों को दोषमुक्त कर दिया गया था, लेकिन बाद में उसी घटना पर शिकायत वाद (पी.टी.आर. संख्या 41/2019) दर्ज कर 30 जून 2020 को संज्ञान एवं समन आदेश पारित किया गया था।

पांच दिवसीय शिविर का हुआ आयोजन

पीलीभीत। भारत स्काउट और गाइड द्वारा आयोजित पांच दिवसीय तृतीय सोपान जांच शिविर का आयोजन स्काउट भवन पीलीभीत पर हुआ। शिविर का उद्घाटन जिला मुख्यायुक्त सिटी मजिस्ट्रेट विजय वर्धन तोमर ने ध्वज शिष्टाचार के साथ किया। सिटी मजिस्ट्रेट द्वारा स्काउट गाइड को सेवा भाव से गतिविधियों में प्रतिभाग करके राज्य व राष्ट्रीय स्तर तक नाम पहुचने तक के लिए कहा। शिविर में स्काउट गाइड ने नियम,प्रतिज्ञा,झण्डा गीत,प्रार्थना,सैल्यूट,चिन्ह आदि का अध्ययन किया। शिविर का संचालन जिला संगठन आयुक्त गाइड शालिनी पांडे द्वारा किया जा गया। शिविर में प्रशिक्षण आईटी कॉर्डिनेटर अभिषेक प्रजापति द्वारा दिया जा रहा है। इस अवसर पर सहयोगी प्रशिक्षक अनुष्का, शिखा, पलक, कुमकुम, मोहिनी, मुस्कान, शिवानी आदि उपस्थित रहे।

गेहूं खरीद में धांधली रोकने को किसान यूनियन ने दिया ज्ञापन

जागरण मोर्चा कार्यालय

पीलीभीत। भारतीय किसान यूनियन (टिकैत) ने गेहूं खरीद नीति को लेकर मोर्चा खोलते हुए जिलाधिकारी ज्ञानेंद्र सिंह को ज्ञापन सौंपा है। बुधवार को दिए गए इस मांग पत्र में आगामी फसल सत्र के लिए कई गंभीर मांगें उठाई गई हैं। युवा जिला अध्यक्ष गुरदीप सिंह (गोगी) के नेतृत्व में ज्ञापन देते हुए यूनियन का कहना है कि वर्तमान में गेहूं की फसल बहुत अच्छी है और पैदावार लगभग 70 क्विंटल प्रति हेक्टेयर रहने वाली है। उन्होंने मांग की है कि खरीद नीति में उपज की सीमा भी 70 क्विंटल प्रति हेक्टेयर के आधार पर तय की जाए। यदि सीमा कम रखी गई, तो किसानों को मजबूरन अपनी फसल एम.एस.पी. से कम दाम पर बेचनी पड़ेगी। साथ ही जनपद में वर्तमान में केवल 103 क्रय केंद्र संचालित करने की योजना है, जिसे यूनियन ने बहुत कम बताया है। बंपर पैदावार को देखते हुए किसानों की मांग है कि इन केंद्रों की संख्या बढ़ाकर दोगुनी की जाए, ताकि किसानों को लंबी कतारों और असुविधा का सामना न करना पड़े। प्रत्येक केंद्र पर प्रतिदिन कम से कम 600 क्विंटल गेहूं की खरीद अनिवार्य करने की मांग की गई है। टोकन व्यवस्था में पारदर्शिता की मांग करते हुए कहा गया है कि टोकन केवल उन्हीं किसानों को दिए जाएं जो अपनी ट्रॉली के साथ केंद्र पर भौतिक रूप से उपस्थित हों। अक्सर बिना ट्रॉली के ही रसूखदार लोग पहले टोकन ले लेते हैं, जिससे आम किसान परेशान होता है। पूरी खरीद प्रक्रिया को पारदर्शी और निष्पक्ष बनाने के लिए हर केंद्र पर कैमरे लगाना अनिवार्य करने का प्रस्ताव दिया गया है। इससे तौल की प्रक्रिया और केंद्र की वास्तविक गतिविधियों पर मुख्यालय से निगरानी रखी जा सकेगी। यूनियन ने आशंका जताई है कि व्यापारी और आढ़ती अपना पुराना गेहूं सरकारी केंद्रों पर खपाने की कोशिश कर सकते हैं। इसके लिए 'पहले आओ-पहले पाओ' के आधार पर केवल वास्तविक किसानों से ही खरीद सुनिश्चित करने की मांग की गई है।

सड़क निर्माण में धांधली का आरोप किसानों ने डीएम से करी शिकायत

डीएम को ज्ञापन देते किसान यूनियन के पदाधिकारी

पीलीभीत। सोमवार को भारतीय किसान यूनियन टिकैत को ओर से जिलाधिकारी ज्ञानेंद्र सिंह को ज्ञापन सौंपा गया हैं। यूनियन के युवा जिलाध्यक्ष गुरदीप सिंह के नेतृत्व में सभी कार्यकर्ता सुबह 11 बजे ही कलेक्ट्रेट परिसर में उपस्थित हो गए थे। ज्ञापन के जरिए कार्यकताओं ने डीएम से मांग करी है कि माधोटांडा मार्ग पर मथना जपती से नवादियां तक एक माह पहले 7 किलोमीटर की सड़क का निर्माण किया गया है। सड़क के निर्माण में गुणवत्ता का बिल्कुल भी ध्यान नहीं रखा गया है जिस वजह से सड़क जगह-जगह से उखड़ने लगी हैं। सड़क के दोनों किनारों पर पटरियां नहीं बनाई गई हैं जिससे सड़क किनारों से उखड़ रही हैं। इस सड़क के महज एक माह में ही क्षतिग्रस्त होने से आए दिन हादसे हो रहे हैं। सड़क के निर्माण में मानकों की अनदेखी कर ठेकेदार ने सरकार धन को ठिकाने लगाने का काम किया हैं। यूनियन ने जिलाधिकारी से मांग करी है कि इस सड़क का निर्माण पुनः करवाया जाए और साथ ही दोषी ठेकेदार और अधिकारियों के विरुद्ध कार्यवाही करी जाए। ज्ञापन देने वालों में महेंद्र कुमार, जमुना प्रसाद शर्मा, महेश चंद्र वर्मा आदि उपस्थित रहे।

प्रदेश सरकार के 9 वर्ष पूरे होने पर ब्लॉक में कार्यक्रम आयोजित

पूरनपुर। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के कार्यकाल के उत्तर प्रदेश में अभूतपूर्व विकास एवं सतत समृद्धि के 9 वर्ष पूर्ण होने पर ब्लाक सभागार में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिस कार्यक्रम में भाजपा विधायक बाबूराम पासवान मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचकर 9 दिवसीय कार्यक्रम का फीता काटकर शुभारम्भ किया और दैवीय आपदा राहत,प्रधान मंत्री आवास योजना,भूलेख खतौनी में एवं सुधार एवं नाम संशोधन,आंगनवाड़ी, सर्व शिक्षा अभियान सहित विभिन्न योजनाओं के लगे स्टाल को देखा और उसके बारे में जानकारी ली.और भारत के यशस्वी प्रधानमंत्री आदरणीय नरेंद्र मोदी व उत्तर प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के द्वारा चलाई जा रही जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में विस्तृत जानकारी दी और कन्या सुमंगला योजना,आयुष्मान कार्ड योजना,मुख्यमंत्री आवास योजना, सहित अन्य लाभार्थी लोगों को प्रमाण पत्र वितरित किए।

ब्लॉक सभागार में आयोजित कार्यक्रम के दौरान विधायक बाबूराम पासवान एवं ब्लॉक प्रतिनिधि अपूर्व सिंह

इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी जिला उपाध्यक्ष प्रफुल्ल मिश्रा ,ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि अपूर्व सिंह ,अन्य पदाधिकारी गण और अधिकारी उपस्थित रहे।

प्राथमिक शिक्षक संघ की बैठक में शिक्षकों की समस्याओं पर भी चर्चा

जागरण मोर्चा कार्यालय

पूरनपुर। प्रदेशीय नेतृत्व के आह्वान पर प्राथमिक शिक्षक संघ की बीआरसी परिसर में हुई बैठक में शिक्षकों की कई समस्याओं पर विचार किया गया। समस्याओं का समाधान न होने पर रोष व्यक्त किया गया। टेट की अनिवार्यता के विरोध में जिले के समस्त शिक्षक चार अप्रैल को रामलीला मैदान नईदिल्ली में महारैली में पहुंचकर विरोध प्रदर्शन करेंगे।

ब्लाक संसाधन केंद्र पूरनपुर में प्राथमिक शिक्षक संघ की ब्लाक कार्यकारिणी एवं संघर्ष समिति की एक सामूहिक समीक्षा बैठक संघ के जिला अध्यक्ष दयाशंकर की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में निष्क्रिय सदस्यों के स्थान पर सक्रिय शिक्षकों को चयनित कर ब्लाक कार्यकारिणी व संघर्ष समिति का पुनर्गठन किया गया। वर्ष 2025 की सदस्यता से अवशेष बचे शिक्षकों की सदस्यता पर विचार किया गया। शिक्षा अधिकार अधिनियम वर्ष 2009 लागू होने से पूर्व नियुक्त शिक्षकों पर टेट की अनिवार्यता के विरोध में प्रस्तावित महारैली में जिले के परिषदीय स्कूलों के सभी शिक्षक रामलीला मैदान नईदिल्ली में चार अप्रैल को पहुंचकर विरोध प्रदर्शन करेंगे।

प्राथमिक शिक्षक संघ बैठक के दौरान मौजूद पदाधिकारी

समीक्षा बैठक का संचालन संघ के जिला मंत्री उमेश गंगवार ने किया। समीक्षा बैठक में प्राथमिक शिक्षक संघ के जिला अध्यक्ष दयाशंकर, जिला मंत्री उमेश गंगवार, संघर्ष समिति के तहसील अध्यक्ष संतोष कुमार पासवान, ब्लाक अध्यक्ष सूर्यप्रकाश गंगवार, मंत्री विमल कुमार, देवेश कुमार, हरीओम पाण्डेय, रितुल कुमार सिंह, पवित्रा नंदन, विजय शर्मा, हुकुम सिंह, किशन लाल, पूरनलाल, अर्जुन सिंह गंगवार, परमजीत कौर, सारिका सैनी, मुकेश बाबू, मो. ताहिर खां, ऋषि सक्सेना, अजय तोमर, सुरेशचंद्र गंगवार, जयप्रकाश गंगवार सहित दर्जनों शिक्षक शामिल मौजूद रहे।

नवरात्र से पूर्व जलापूर्ति ठप, खुदी सड़क श्रद्धालुओं के लिए बनी मुसीबत

- शिकायत के बाद दोपहर बाद आया टोटियों में पानी
- बुधवार को शुरू किया गया सड़क दुरुस्त करने का काम

जागरण मोर्चा कार्यालय

पीलीभीत। शहर में नवरात्र से पहले जलापूर्ति पूरी तरह से ठप रही। मुख्य मंदिरों में शुमार मंदिर की सड़क बीते एक महीने से खुदी पड़ी थी। मंदिर के पुजारी की शिकायत के बाद सड़क सही करवाने का काम शुरू किया गया। दोपहर बाद ही टोटियों में पानी आ पाया।

खुदी पड़ी महामतेश्वरी मंदिर को जाने वाली सड़क

शहर की निरंजन कुंज कॉलोनी में स्थिति श्री महामतेश्वरी मंदिर को जाने वाली सड़क एक माह से ज्यादा समय से खुदी पड़ी थी। बताया जा रहा पानी की पाइप लाइन के कार्य के चलते यह सड़क काफी समय पहले खोदी गई थीं। आज से नवरात्र की शुरूआत हो रही है ऐसे में मंदिर में दर्शन और पूजा-अर्चना के लिए श्रद्धालु दूर-दराज से आते हैं। मंदिर के पुजारी रामानुज अवस्थी ने बताया मेरी ओर से कई बार रोड को सही कराने के लिए नगरपालिका और अन्य अधिकारियों से कहा गया था पर सभी लापरवाही बरत रहे थे। नवरात्र में बड़ी संख्या में पुजारी मंदिर आते है ऐसे में टूटी सड़क हादसे का कारण बन सकती थीं। नगरपालिका कर्मियों की इस लापरवाही की शिकायत जब एसडीएम सदर श्रद्धा सिंह से करी गई तो बुधवार को सड़क सही करवाने का काम शुरू किया जा सका। वार्ड वासियों ने बताया कि एक तो जगह-जगह पाइप लाइन के नाम पर सड़के खोद दी गईं हैं जिसने आए दिन हादसे भी हो जाते हैं। वार्ड में पानी की किल्लत भी काफी समय से चली आ रही है। नवरात्र के एक दिन पूर्व तो दोपहर के तीन बजे तक टोटियों में पानी नहीं आया। शिकायत के बाद जब पानी कि आपूर्ति शुरू हुई तो प्रेशर इतना कम था कि लोगों को काफी परेशानी उठानी पड़ी। वार्ड के लोग पानी की इस समस्या से इस कदर परेशान है कि उन्हें पानी के लिए निजी संसाधनों पर निर्भर होना पड़ रहा हैं।

मंदिर की सड़क काफी समय से उखड़ी थी, कई बार शिकायत करने के बाद भी इस समस्या का निस्तारण नहीं किया गया था, आज मेरे द्वारा जब एसडीएम सदर को फोन किया गया तब जाकर रोड का काम शुरू किया गया। सुबह से पानी की भी दिक्कत हो रही थी जिस वजह से मंदिर की साफ सफाई करने में काफी दिक्कत हुई।
(रामानुज अवस्थी पुजारी)

स्कूल में बढ़ा विवाद, मैनेजर प्रधानाचार्य आमने-सामने

जागरण मोर्चा कार्यालय

शाहजहांपुर। शहर के सुदामा प्रसाद विद्यास्थली स्कूल में प्रबंधक और प्रधानाचार्य के बीच विवाद लगातार गहराता जा रहा है। बुधवार को दोनों पक्ष अपनी-अपनी शिकायत लेकर कलेक्ट्रेट पहुंचे और एक-दूसरे पर गंभीर आरोप लगाए। खुद को स्कूल का मैनेजर बताने वाले संजय गुप्ता ने प्रधानाचार्य उज्ज्वल मिश्रा पर करीब 25 लाख रुपये के गबन का आरोप लगाया है। उन्होंने व्हाट्सएप के माध्यम से प्रधानाचार्य और एक लिपिक को बर्खास्त करने का आदेश भी जारी कर दिया। वहीं, पहले शिक्षकों ने प्रबंधन पर बंधक बनाने का आरोप लगाया था, जिसके बाद पुलिस के हस्तक्षेप से मामला शांत हुआ।

दूसरी ओर, प्रधानाचार्य उज्ज्वल मिश्रा ने अपनी बर्खास्तगी को पूरी तरह अवैध बताया है। उनका कहना है कि स्कूल की प्रबंध समिति का मामला उच्च न्यायालय में विचाराधीन है और 8 अप्रैल 2025 को न्यायालय ने संजय गुप्ता को मैनेजर मानने के आदेश पर रोक लगा दी थी। ऐसे में उन्हें बर्खास्त करने का कोई अधिकार संजय गुप्ता को नहीं है। प्रधानाचार्य ने आरोप लगाया कि संजय गुप्ता अपने साथियों और पुलिस के सहयोग से स्कूल के गेट पर कब्जा किए हुए हैं और विद्यालय का माहौल खराब कर रहे हैं, जिससे पढ़ाई प्रभावित हो रही है। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि कर्मचारियों के ईपीएफ-ईपीएस के लिए लिए गए लगभग 25 लाख रुपये का गबन कर निजी खाते में जमा कर लिया गया। वहीं, संजय गुप्ता ने सभी आरोपों को बेबुनियाद बताया और कहा कि वह वैध मैनेजर हैं। उनके अनुसार, गबन के चलते ही प्रधानाचार्य के खिलाफ कार्रवाई की गई है। फिलहाल, दोनों पक्षों के आरोप-प्रत्यारोप के बीच स्कूल का माहौल तनावपूर्ण बना हुआ है और प्रशासन से निष्पक्ष जांच की मांग की जा रही है।

निपुण परीक्षा में जनपद ने हासिल किया तीसरा स्थान

शाहजहांपुर। जनपद ने शिक्षा के क्षेत्र में बड़ी उपलब्धि हासिल करते हुए निपुण परीक्षा-2026 में पूरे प्रदेश में तीसरा स्थान प्राप्त किया है। यह सफलता जिला बेसिक शिक्षाधिकारी दिव्या गुप्ता के नेतृत्व में मिली है। इस उपलब्धि में जनपद के विभिन्न विकासखंडों के खंड शिक्षा अधिकारियों का अहम योगदान रहा। इनमें ददरौल के सुरेंद्र मौर्य, नगर क्षेत्रध्तिलहर के नागेंद्र सिंह, भावलखेड़ा के विनय कुमार मिश्रा, कांठ के शिव बोधन, मदनापुर के नीरज कुमार मिश्र, जलालाबाद की शाहीन अंसारी, कलान के अजय कुमार, मीरजापुर के अरविंद कुमार, निगोही के रमेश पंकज, कटरा खुदागंज के हेमेंद्र कुमार, सिंधौली के कृष्ण देव यादव, पुवायां के के.के. शुक्ला, खुटार के मृत्यंजय कुमार और बांदा के नवीन पटेल शामिल हैं। इसके साथ ही जिला समन्वयक रोहित सिंह तथा सभी विद्यालयों के शिक्षकों और विद्यार्थियों की मेहनत भी इस सफलता का प्रमुख कारण रही। जनपद के शिक्षा विभाग ने इस उपलब्धि पर सभी शिक्षकों और छात्रों को बधाई दी है और उम्मीद जताई है कि आगे और बेहतर प्रदर्शन करते हुए शाहजहांपुर प्रदेश में प्रथम स्थान हासिल करेगा।

कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अजय राय का जोरदार स्वागत

- कार्यकताओं में दिखा उत्साह

जागरण मोर्चा कार्यालय



शाहजहांपुर। लखनऊ से बहेड़ी जाते समय उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय का जनपद में भव्य स्वागत किया गया। बरेली मोड़ के पास एक ढाबे पर आयोजित कार्यक्रम में सैकड़ों कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे। कार्यक्रम का नेतृत्व जिला कांग्रेस अध्यक्ष रजनीश गुप्ता ह्यमुन्नाह्न और महानगर अध्यक्ष तकवीम हसन खान ने किया। प्रदेश अध्यक्ष के पहुंचते ही कार्यकताओं ने फूल-मालाएं पहनाकर उनका स्वागत किया और जोरदार नारेबाजी की। इस दौरान बड़ी संख्या में स्थानीय लोग भी मौजूद रहे, जिन्होंने कांग्रेस के प्रति समर्थन जताया। अपने संबोधन में अजय राय ने प्रदेश की कानून-व्यवस्था पर चिंता जताई। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश में अपराध बढ़ रहे हैं और आम जनता खुद को सुरक्षित महसूस नहीं कर रही है। महंगाई और बेरोजगारी जैसे मुद्दों पर भी उन्होंने सरकार को घेरा। उन्होंने कार्यकताओं से अपील की कि वे गांव-गांव और घर-घर जाकर कांग्रेस की नीतियों को लोगों तक पहुंचाएं और संगठन को मजबूत करें। उन्होंने भरोसा जताया कि आने वाले समय में कांग्रेस प्रदेश में एक मजबूत विकल्प बनकर उभरेगी। कार्यक्रम में अल्पसंख्यक कांग्रेस के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अशफाक उल्ला खान समेत कई नेता मौजूद रहे। साथ ही हरदोई जिला अध्यक्ष विक्रम पांडेय, महिला कांग्रेस अध्यक्ष अर्चना वाल्मीकि, यूथ कांग्रेस अध्यक्ष रामजी अवस्थी, एनएसयूआई अध्यक्ष रफी उल हसन और सईद अंसारी सहित कई पदाधिकारी व कार्यकर्ता शामिल हुए। अंत में सभी नेताओं और कार्यकताओं ने संगठन को मजबूत करने और आगामी चुनाव में पूरी ताकत से काम करने का संकल्प लिया।

मीट मछली की बिक्री पर रोक की मांग, थाना प्रभारी को दिया ज्ञापन

जागरण मोर्चा कार्यालय

फतेहगंज पूर्वी। नवरात्र में शिवसेना द्वारा मीट मछली की बिक्री पर रोक की की गई मांग थाना प्रभारी को दिया ज्ञापन।

बुधवार को फतेहगंज पूर्वी थाने पहुंचे शिवसेना के तहसील प्रमुख विकास ठाकुर एवं समाजसेवी पवन राज मिश्रा ने अपने साथियों के साथ पहुंचकर थाना प्रभारी को अवगत कराया कि आगामी 19 तारीख से नवरात्रि का पावन पर्व शुरू होने वाला है अतः नगर में लगने वाली मीट मछली अंडे की दुकानों को बंद कराया जाए जिससे सनातन धर्म की आस्था को ठेस न पहुंचे उन्होंने बताया कि स्टेशन रोड कॉलोनी से तमाम महिलाएं हर दिन रामलीला ग्राउंड में स्थित माता वैष्णो के मंदिर में जल चढ़ाने के लिए जाती हैं व कस्बे से भी महिलाएं रोज जल चढ़ाने के लिए जाती हैं इसलिए रास्ते में पढ़ने वाली मीट मछली की दुकानों को तत्काल बंद कराया जाए इस मांग का एक ज्ञापन थाना प्रभारी संतोष कुमार सिंह को शिवसेना के तहसील प्रमुख एवं पवन राज मिश्रा द्वारा थाना प्रभारी को दिया गया थाना प्रभारी ने कारवाई का अवशासन दिया है वहीं विकास ठाकुर ने कहा कि हमारी मांग पर अति शीघ्र कार्रवाई होना चाहिए नहीं तो हम जिला अधिकारी महोदय से ज्ञापन देकर अवगत कराएंगे।

जनगणना 2027 की तैयारी तेज, चार्ज अधिकारियों को दिया गया प्रशिक्षण

जागरण मोर्चा कार्यालय

शाहजहांपुर। जनगणना 2027 को सफल बनाने के लिए जिला प्रशासन ने तैयारियां तेज कर दी हैं। इसी क्रम में होटल ग्रैंड आर्क में चार्ज अधिकारियों के लिए दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाधिकारी धर्मेंद्र प्रताप सिंह ने की। प्रशिक्षण में मास्टर ट्रेनर्स द्वारा जनगणना की पूरी प्रक्रिया समझाई गई। अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व अरविंद कुमार ने अधिकारियों को बताया कि लंबे समय बाद हो रही जनगणना को पूरी गंभीरता और सावधानी से करना जरूरी है। उन्होंने सभी अधिकारियों से प्रशिक्षण को ध्यान से समझने की अपील की। जिलाधिकारी ने जानकारी दी कि शहर में करीब 1000 कर्मचारियों की जरूरत होगी, जबकि 104 फील्ड ट्रेनर्स को तैयार किया जा रहा है। प्रशिक्षण के बाद परीक्षा भी होगी और पास होने वाले कर्मियों को ही ड्यूटी दी जाएगी। उन्होंने यह भी बताया कि जनगणना का पहला चरण ष्मकान सूचीकरण और मकानों की गणना होगा, जिसमें सभी घरों और भवनों का पूरा विवरण जुटाया जाएगा। साथ ही ऑनलाइन फॉर्म भरने की सुविधा (सेल्फ एन्यूमरेशन) को बढ़ावा देने के लिए अलग योजना बनाई जा रही है। अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि सभी विभाग आपसी समन्वय के साथ काम करें और जरूरी सूचनाएं समय पर उपलब्ध कराएं, ताकि जनगणना का कार्य बिना किसी गलती के पूरा हो सके। इस मौके पर अपर जिलाधिकारी प्रशासन रजनीश कुमार मिश्र, नगर आयुक्त डॉ. विपिन कुमार मिश्र समेत अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

सनातन धर्म पद यात्रा का नगर वासियों ने किया स्वागत

जागरण मोर्चा कार्यालय

फतेहगंज पूर्वी। मुरादाबाद के मुंडा पांडे ब्लॉक मिलक सहजना से अयोध्या धाम तक की पैदल यात्रा कर रहे यात्रियों का मंगलवार दोपहर नगर वासियों ने स्वागत किया। मुरादाबाद के कुंदरकी के रहने वाले विनोद सिंह लोधी ने बताया कि बह व उनके साथी सनातन धर्म पदयात्रा में शामिल होकर अपने गृह जनपद से अयोध्या धाम को जा रहे हैं।उनकी यात्रा 15 तारीख को शुरू हुई।उनकी यात्रा का मुख्य उद्देश्य सनातन धर्म का प्रचार प्रसार करना है।उनकी मांग है कि भारत हिंदू राष्ट्र घोषित हो।उनके साथ जितेंद्र सिंह लोधी,अरविंद लोधी,सतीश कश्यप,सुमित राजपूत,तरंग लोधी,गोलू ठाकुर निखिल राजपूत आदि मौजूद है।नगर में सनातन धर्म पदयात्रा का स्वागत करने वालों में पवन गुप्ता,शिवम दीक्षित,पवनराज मिश्रा,मयंक त्रिवेदी,पंकज अग्रवाल आदि मौजूद रहे।

नामित सभासदों के सम्मान में भी दिखाई दी भाजपाई गुटबाजी

- दो खेमों में बटी हैं भाजपा

जागरण मोर्चा कार्यालय

मंत्री और पालिकाध्यक्ष के सम्मान समारोह में गुटबाजी साफ

पीलीभीत। बीते सोमवार को देर रात नामित सभासदों की सूची शासन की ओर से जारी की गईं थी। शहर नगर पालिका से पांच सभासद शासन की ओर से नियुक्त किए गए थे। इन सभासदों के सम्मान के कार्यक्रम के दौरान भाजपाई गुटबाजी सभी को देखने को मिली।

नामित सभासदों के नाम की घोषणा होते ही पूरे शहर में तरह-तरह की चर्चा होने लगी हैं। कुछ लोगों का कहना है कई पुराने कार्यकताओं को इस सूची से दरकिनार किया गया हैं। कई लोग इस सूची जारी होने के बाद से जातीय समीकरण और जातीय वर्गों के व्यक्तियों के सूची में शामिल नहीं होने से खफा हैं। पर वहीं दूसरी ओर शहर की राजनीति दो वर्गों में लंबे समय से बंटी हुई हैं। एक खेमा वह है जो भाजपाई मंत्री का समर्थक और दूसरा वह जो भाजपाई पालिकाध्यक्ष के साथ हैं। इस बंटवारे के चलते नामित सभासदों के सम्मान के दौरान भी भाजपा का यह अंदरूनी कलह देखने को सामने आया हैं। चेयरमैन आस्था अग्रवाल और राज्यमंत्री संजय सिंह गंगवार ने सभासदों के सम्मान को कार्यक्रम रखा था। सम्मान की इस बेला में कुल पांच सभासदों का सम्मान होना निश्चित हुआ था। इस दौरान मंत्री के द्वारा आयोजित सम्मान के कार्यक्रम में सिर्फ दो नामित सभासद ही पहुंचे। वहीं पालिका अध्यक्ष के पास तीन सभासद पहुंचने। सूत्र बताते हैं कि मंत्री कार्यालय से सभी पांचों सभासदों को आमंत्रण भेजा गया था। कार्यक्रम के तय समय से पूर्व ही कुछ सभासदों ने अपना नंबर ही बंद कर लिया ताकि उन्हें मंत्री कार्यालय पर जाना ही न पड़े। वर्तमान में भाजपा का यह अंदरूनी कलह भी शहर के विकास के लिए दिक्कत बनता जा रहा हैं। भले ही खुले मंच से दोनों ही प्रतिनिधि इस कलह को न स्वीकारते हों, पर यह पब्लिक है जो सब जानती हैं।

दबंगों पर जान से मारने की धमकी देने का लगाया आरोप

फतेहगंज पूर्वी। महिला ने दबंगों पर मारपीट - जान से मारने की धमकी देने का लगाया आरोप पुलिस ने किया मुकदमा दर्ज। थाना क्षेत्र के गांव भगवानपुर बलरामपुर निवासी महिला ज्योति यादव पत्नी राजेश यादव ने पुलिस को दी शरीर में आरोप लगाया है कि दबंग रविंद्र यादव सुरेंद्र यादव पुत्र गाना अमर सिंह ने दिनांक 17 तारीख को उसके घर के आगे टेंपो लगाकर जब मैं घर में अकेली थी उसके साथ गाली गलौज और मारपीट की शोर सुनकर उसका पति भाग कर आया तो दबंग उसके पति और उसे जान से मारने की धमकी देखकर फरार हो गए महिला ने बताया कि दबंग रविंद्र वास सुरेंद्र काफी दिनों से उसे परेशान कर रहे हैं वह बहुत ही मानसिक तनाव में है दबंग से उसे जान माल का खतरा है पुलिस में महिला की शिकायत पर दबंग रविंद्र यादव और सुरेंद्र यादव पुत्रगण अमर सिंह के खिलाफ महिला को मारपीट कर परेशान करने के बाद जान से मारने की धमकी में मुकदमा दर्ज किया है थाना प्रभारी ने बताया कि महिला की शिकायत पर दो लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है पुलिस मामले की जांच कर रही है अति शीघ्र आरोपियों की गिरफ्तारी की जाएगी।

नए कार्यकर्ताओं के जुड़ने से सपा को मिलेगी मजबूती: जग्गा

बैठक में मौजूद सपाई

जागरण मोर्चा कार्यालय

पीलीभीत। बुधवार को समाजवादी पार्टी के कैम्प कार्यालय पर एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में विभिन्न विषयों पर चर्चा के साथ संगठन को मजबूत करने पर जोर दिया गया। इस दौरान बीजेपी के कई अहम संगठनों में सक्रिय भूमिका निभा चुके विमलेश कुमार शर्मा एवं सत्यदेव शर्मा ने समाजवादी पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। उन्हें सपा जिलाध्यक्ष जगदेव सिंह जग्गा के नेतृत्व में पार्टी में शामिल कराया गया। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष ने कहा कि पार्टी में नए साथियों के जुड़ने से संगठन को और मजबूती मिलेगी तथा आने वाले समय में जनहित के मुद्दों को और प्रभावी ढंग से उठाया जाएगा। इस दौरान सपा जिला महासचिव नफीस अहमद अंसारी, सपा जिला उपाध्यक्ष नरेंद्र मिश्रा कट्टर, 127 सदर विधानसभा अध्यक्ष इम्तियाज अल्वी, रमेश राजा, नि.शहर अध्यक्ष संदीप सक्सेना, गुरविंदर सिंह गिल, महेश पटेल, दिनेश कुमार वर्मा आदि पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहें।

महिला पर बांझ का आरोप लगाकर घर से निकला

जागरण मोर्चा कार्यालय

फतेहगंज पूर्वी। महिला पर बांझ का आरोप लगाकर घर से निकला महिला ने दहेज उत्पीड़न और मानसिक उत्पीड़न की तहरीर पुलिस को सौंपी। थाना क्षेत्र के गांव रामपुर कमन निवासी राखी पुत्री दुर्ग पाल ने पुलिस को दी तहरीर में आरोप लगाया है कि उसकी शादी भगवान दास पुत्र नेतराम निवासी दहला नगला थाना दातागंज के साथ में 2020 में हिंदू रीति रिवाज से हुई थी जिसमें उसके पिता ने लगभग छह लाख रुपए का दान दहेज दिया था लेकिन ससुराल ली जन दहेज को लेकर उसे हमेशा परेशान करते रहते थे शादी के कई साल बाद तक कोई बच्चा ना होने से ससुराल जाने उसे बांझ कहकर प्रताड़ित करते थे और उसके पति की दूसरी शादी करने के लिए विचार कर रहे थे। उसका पति भगवानदास जेठ सुनील जेठानी ललिता देवी चचेरा देवर नन्हे उससे मारपीट कर रहे थे और अपने पिता से ₹200000 लाने के लिए दवा बन रहे थे जब पीड़िता ने अपने घर से रुपए लाकर देने से मना कर दिया तो उसके ससुरालजन उसे दिन में सिर्फ एक समय एक रोटी देने लगे और उसका शोषण करने लगे काफी अत्याचार सहने के बाद भी प्राथनि ने जब अपनी ससुराल को छोड़कर नहीं आई और प्राथनि ने कहा कि वह अपनी ससुराल में ही रहेगी और तुम्हारे सारे घर का काम करेगी लेकिन फिर भी ससुराल जन नहीं माने और उसके ऊपर अधिक अत्याचार करने लगे काफी समय बीत जाने पर पीड़िता को एक दिन उसका पति भगवान दास मोटरसाइकिल पर बैठा कर उसके गांव के सामने सड़क पर छोड़ गया काफी दिन बीत जाने पर भी ससुराली जनों ने उसे ससुराल नहीं बुलाया तब पीड़िता ने परेशान होकर पुलिस को अपने ससुरालियों के खिलाफ प्रार्थना पत्र पुलिस को दिया है पुलिस ने पीड़िता की तहरीर पर ससुरारियों के खिलाफ मामले की जांच शुरू कर दी है थाना प्रभारी ने बताया कि महिला ने प्रार्थना पत्र दिया है मामले की जांच की जा रही है दोषी पाए जाने पर मुकदमा दर्ज किया जाएगा।

बिलसंडा की खन्नौत नदी पर सुचारू हुआ फगुनियाई घाट का पुल

कार सेवा से पुनः कराई गई विशेष मरम्मत, बाबा दिलबाग सिंह ने किया जनता के हवाले

- बिलसंडा की खन्नौत नदी पर सुचारू हुआ फगुनियाई घाट का पुल
- तीन दशक पूर्व कारसेवा से बाबा सुलक्खन सिंह ने बनवाया था पुल

बिलसंडा के फगुनियाई घाट पर स्थित खन्नौत नदी का 1 वर्ष से जर्जर था पुल

जागरण मोर्चा कार्यालय

बिलसंडा। शाहजहांपुर की सीमा पर स्थित फगुनियाई घाट पर 90 के दशक में कारसेवा से बनवाया गया पुल जर्जर होने की वजह से हवा गण सवा साल से बंद था। जिसे बाबा दिलबाग सिंह ने पुल की विशेष मरम्मत कराने के बाद मंगलवार को जनता के लिए सुचारु कर दिया गया। पुल की मरम्मत पिछले दो महीने से चल रही थी। पुनः सुचारु होने से लोगों ने राहत की सांस ली है।

बता दे कि जंगल से सटे गांव फगुनियाई के समीप खन्नौत नदी बह रही है। बताते हैं कि बंडा क्षेत्र के लोगों के लिए स्थानीय बाजार नजदीक पड़ती है, लेकिन नदी पर पुल न होने की वजह से लोगों को आवागमन में परेशानी उठानी पड़ रही थी। इस परेशानी को देखते हुए वर्ष 1992 में बाबा सुलक्खन सिंह ने कारसेवा से नदी पर पुल बनवाना शुरू कराया था, लेकिन उस दौर में इसी क्षेत्र में आतंकवाद चरम पर होने की वजह से शासन प्रशासन ने पुल के निर्माण पर रोक लगा दी थी। जिसकी वजह से उस वक्त पुल निर्माण अधर में लटक गया था। बताते हैं कि तत्कालीन सांसद मेनका गांधी के प्रयासों से शासन से मंजूरी मिलने के बाद पुल का दोबारा निर्माण शुरू हुआ, जो क्षेत्रीय लोगों के सहयोग से दो वर्षों में बनकर तैयार हो गया था। अब चूंकि पुल का निर्माण हुए तीन दशक से अधिक का समय भी बीत चुका है। मरम्मत एवं देख रेख न होने की वजह से पुल जर्जर हो चुका था। अगर इस पुल के ऊपर से भारी वाहन या अनाज एवं गन्ने से भरी ट्रैक्टर ट्राली गुजारी जाती, तो निश्चित रूप से हादसा हो जाता,क्योंकि पुल की एक दर धंस भी चुकी थी,और रेलिंग भी कई जगहों से उखड़ गई थी। यही वजह है कि जर्जर पुल की वजह से कोई बड़ा हादसा न हो जाए, इस आशंका के चलते क्षेत्र के ही जिम्मेदारों ने नदी के पास में सचेत करते हुए बोर्ड लगवा दिया था, जिसमें स्पष्ट रूप से लिखवाया गया कि अगर भारी वाहन गुजारने पर हादसा हो सकता है। बावजूद इसके प्रशासन ने इस जर्जर पुल की ओर ध्यान ही नहीं दिया । जबकि पिछले वर्ष अक्सर रास्ता दिखाने वाले गूगल मैप के चलते दातागंज में तीन जिंदगियां मौत में बदल गईं थीं, लेकिन स्थानीय प्रशासन को लोगों की जिंदगियों की चिंता ही नहीं थी ,उधर गांव मरौरी खास निवासी रिटायर्ड फौजी अनिल सिंह का कहना है कि जुलाई 2024 में जब नदी में बाढ़ आई थी तो पुल के ऊपर से कई फिट पानी गुजर गया था। दो जनपदों को जोड़ने वाले इस महत्वपूर्ण रास्ते पर उस वक्त काफी दिन तक आगमन बंद रहा। अगर जर्जर पुल पूरी तरह धराशाई हो गया होता, तो दोनों जिलों के हजारों लोगों का इस रास्ते से गुजरना न केवल बंद हो जाता, बल्कि नगर का बाजार भी प्रभावित होता,क्योंकि बंडा क्षेत्र के दर्जन भर से अधिक गांवों के किसान नगर की मंडी में ही अनाज लेकर आते हैं। जिसकी वजह से नगर का बाजार न केवल गुलजार रहता है, बल्कि पूरनपुर के लिए जाने वाले लोगों के लिए भी यह रास्ता मुफीद साबित होता है, क्योंकि इस रास्ते से गुजरने पर करीब 15 किलोमीटर का फालतू फेर भी बचता है।

आप सभी को ईद-उल-फितर की दिली मुबारकबाद एवं चैत्र नवरात्रि की हार्दिक शुभकामनाएं

BHIM JI FILLING STATION
Parvinder Singh (Sonu)
Eklavya Singh (Babu)

NH-24, Moradabad-Bareilly Bypass Rampur

DG CLINIC
SKIN, HAIR & LASER
Dr. Sharmishtha Singh
Trico & Cosmetologist (सौन्दर्य विशेषज्ञ)
7599231107

शौकत अली रोड, नियर एक्सिस बैंक, सिविल लाइन्स, रामपुर (244901)

भाजपा को बड़ा झटका नागेश्वर द्विवेदी ने दिया इस्तीफा, पत्रकारिता में वापसी का ऐलान

कार्यालय जागरण मोर्चा

लखनऊ। भारतीय जनता पार्टी को मोहनलालगंज क्षेत्र में बड़ा झटका लगा है। वरिष्ठ नेता और सामाजिक कार्यकर्ता नागेश्वर द्विवेदी ने पार्टी से इस्तीफा देकर एक बार फिर पत्रकारिता में वापसी का ऐलान कर दिया है बुधवार को समर्थकों के बीच भावुक संबोधन में उन्होंने कहा कि यह फैसला आसान नहीं था, लेकिन अब वह कलम के जरिए जनता की लड़ाईह्व लड़ेंगे मैं राजनीति छोड़ नहीं रहा हूं, बल्कि अपने मूल रास्ते पत्रकारिता पर लौट रहा हूं। अब मेरी कलम ही मेरा हथियार होगी और मैं दबे-कुचले लोगों की आवाज बनूंगा. नागेश्वर द्विवेदी ने अपने करियर की शुरूआत पत्रकारिता से की थी। गांव-गांव जाकर उन्होंने आम लोगों की समस्याओं को उठाया और प्रशासन तक पहुंचाया। अब उसी मिशन के साथ दोबारा मैदान में उतरने का ऐलान किया है नागेश्वर द्विवेदी ने साफ कर दिया है कि अब उनका फोकस किसान, मजदूर, युवा और गरीब वर्ग की आवाज उठाना होगा उनके इस फैसले से मोहनलालगंज की राजनीति में हलचल तेज हो गई है और इसे बड़े बदलाव के संकेत के रूप में देखा जा रहा है

पूर्व मुकदमे को लेकर पति ने रास्ता रोक पत्नी से मारपीट कर की गाली गलौच,

कार्यालय जागरण मोर्चा

आलमबाग। पूर्व में दर्ज मुकदमे में दबाव बनाने के लिए एक पति ने अपनी पत्नी को बीच सड़क पर रोक गाली गलौच कर धमकाने लगा और मारपीट की,पीड़िता की शिकायत पर कृष्णा नगर पुलिस ने मंगलवार को मुकदमा दर्ज कर लिया है। आशियाना क्षेत्र में किराए के मकान में अकेले रह रही प्रियंका रावत पुत्री मंशा रावत के अनुसार उसके पति अनिल गुप्ता है जिसके खिलाफ उसने मुकदमा दर्ज करा रखा है। आरोप है कि 16 मार्च को वह बारावीरवा स्थित अवध मेडिकल स्टोर से अपनी माइग्रेन की दवा लेकर बदनाम लड्डू के पास चाय पी रही थी तभी उसके पति अनिल गुप्ता ने पूर्व में दर्ज मुकदमे को वापस लेने के लिए उसपर दबाव बनाने लगे और इस दौरान उसके साथ मारपीट कर धमकी दी । पीड़िता ने घटना की शिकायत कृष्णा नगर पुलिस से की है।पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने मंगलवार को मारपीट धमकी आदि धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है।

व्हाट्सएप ग्रुप में जोड़ किया गया पैसों की मांग, मांग पूरी न होने पर ऑनलाइन सामान भेज तंग करने का आरोप,

कार्यालय जागरण मोर्चा

आलमबाग। आशियाना क्षेत्र में रहने वाले एक युवक को एक अंजान शख्स द्वारा व्हाट्सएप ग्रुप में जोड़ रुपयों की मांग कि जा रही यहां तक कि ग्रुप लिस्ट में जुड़े प्रत्येक व्यक्ति से गाली गलौच एवं अनैतिक बाते की जा रही है जिससे तंग आकर पीड़ित ने नंबर आधार पर थाने में शिकायत की है। आशियाना इलाके के सेक्टर आई में रहने वाले दीपेन्द्र तिवारी की माने तो उनके मोबाइल नंबर को कई बार एक अन्योन्य व्यक्ति द्वारा व्हाट्सएप ग्रुप से जोड़ पैसों की मांग की जा रही है । पैसों की मांग पूरी न करने पर उनके कांटेक्ट लिस्ट से जुड़े व्यक्तियों से गाली गलौच एवं अनैतिक बाते की जा रही है ।पैसा न मिलने पर अंजान शख्स द्वारा जनवरी फरवरी माह में कई ऑनलाइन कंपनियों द्वारा ऑर्डर बुक करा उनके घर भेज दिया जा रहा है यह सारे कृत्य उन्हें परेशान करने की नियत से किया जा रहा है। जिससे तंग आकर पीड़ित ने मोबाइल नंबर और ग्रुप में दिख रहे नाम मोहम्मद अली के नाम पर आशियाना पुलिस से शिकायत की है।

प्रदेश में मिशन शक्ति महाभियान 19 मार्च से, 26 तक स्कूलों में होंगे विविध कार्यक्रम; बालिकाओं पर फोकस

कार्यालय जागरण मोर्चा

लखनऊ। चैत्र नवरात्र के पावन पर्व पर नारी शक्ति के महाअभियान मिशन शक्ति के 6वें चरण की शुरूआत 19 मार्च से होने जा रही है। यह अभियान बेटियों की सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन को आगे बढ़ाएगा। इसकी सभी गतिविधियों की निगरानी सीएम डैशबोर्ड से की जाएगी। रियल टाइम रिपोर्टिंग भी होगी। इसमें जिला और ब्लॉक स्तर पर अधिकारियों को नियमित समीक्षा के निर्देश दिए गए हैं।

19 से 26 मार्च तक चलने वाले इस विशेष अभियान में विद्यालयों से लेकर समाज तक गतिविधियों से नारी सशक्तिकरण का संदेश दिया जाएगा। यह बालिकाओं में आत्मविश्वास, जागरूकता और नेतृत्व क्षमता विकसित करेगा। साथ ही समाज में नारी सम्मान और समानता की संस्कृति को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल साबित होगी।

बेसिक शिक्षा राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) संदीप सिंह ने बताया कि इस दौरान विद्यालयों में पोस्टर, चर्चा और सांस्कृतिक कार्यक्रमों से बेटियों में आत्मविश्वास और समाज में सम्मान का भाव विकसित किया जाएगा। प्रदेश के 1.32 लाख विद्यालयों में पोस्टर प्रतियोगिता, नुक्कड़ नाटक, रैली, भाषण, संवाद कार्यक्रम और फिल्म प्रदर्शन किए जाएंगे।

महानिदेशक स्कूल शिक्षा मोनिका रानी ने बताया कि इनमें केजीबीवी की सभी बालिकाएं भी शामिल रहेंगी। बालिकाओं को आत्मरक्षा प्रशिक्षण देने के साथ पुलिस विभाग के सहयोग से हेल्पलाइन नंबर, साइबर अपराध और बाल विवाह जैसे मुद्दों पर जागरूक किया जाएगा। इसके साथ ही बालिकाओं को बैंकिंग प्रक्रिया, स्वयं सहायता समूह, कौशल प्रशिक्षण (सिलाई-कढ़ाई) आदि से जोड़कर उन्हें आत्मनिर्भर बनाने का प्रयास किया जाएगा।

मिशन शक्ति के तहत हर दिन के कार्यक्रम

- 19 मार्च को नवदुर्गा के नौरूपों पर आधारित पोस्टर निर्माण व नवरात्रि आधारित चर्चा
- 20 मार्च को दुर्गा के नवरूपों पर आधारित नुक्कड़ नाटक, बाल अधिकार व सुरक्षा से जुड़े स्लोगन लिखे तख्तियों के साथ रैली
- 21 मार्च को विद्यालय, विकासखंड, तहसील और जिला स्तर पर बालिकाओं को प्रमुख पदों पर बैठाते हुए एक्सपोजर देना
- 22 मार्च को मीना दिवस का आयोजन, निडर फिल्म दिखाना, रैली, नुक्कड़ नाटक आदि में जनप्रतिनिधि-अभिभावको को बुलाना
- 23 मार्च को बैंक और हॉस्पिटल भ्रमण व सम्बन्धित कौशल प्रशिक्षण की जानकारी देना
- 24 मार्च को जिला, ब्लॉक, तहसील में महिला अधिकारियों और ख्यातिलब्ध महिलाओं का विद्यालय भ्रमण, बालिकाओं से संवाद, आत्मरक्षा प्रशिक्षण
- 25 मार्च को बालिकाओं को पास के थाना-कोतवाली भ्रमण, हेल्पलाइन, एफआईआर व कानून जानकारी देना
- 26 मार्च को सामाजिक मुद्दों पर जेंडर स्टेरियो टाइप, बाल विवाह, महिलाओं के लिए सरकारी योजनाओं पर नुक्कड़ नाटक

लखनऊ से चलेंगी दूसरे राज्यों के लिए बसें, हरियाणा-राजस्थान सहित इन सूबों के लिए होंगी सरकारी बस

कार्यालय जागरण मोर्चा

लखनऊ। उत्तर प्रदेश परिवहन निगम जल्द ही लखनऊ से छत्तीसगढ़, हरियाणा, राजस्थान, पंजाब आदि जगहों के लिए बसें चलाएगा। अंतरराज्यीय बस सेवाओं को विस्तार देने के लिए परिवहन मंत्री ने इन राज्यों की सरकारों को पत्र लिखकर बस संचालन के लिए आवश्यक अनुमति और समन्वय मांगा है। निगम अधिकारियों ने बताया कि इन राज्यों में बड़ी संख्या में उत्तर प्रदेश के लोग पढ़ाई, रोजगार, व्यवसाय आदि के लिए रहते हैं और पर्यटक भी सफर करते हैं। ऐसे में लखनऊ से सीधे इन राज्यों के लिए बस सेवा शुरू होने से यात्रियों को काफी राहत हो जाएगी तथा आवागमन अधिक आसान हो सकेगा। निगम की आय में भी वृद्धि होगी। अधिकारियों बताया कि संबंधित राज्यों से अनुमति मिलने के बाद बसों के रूट, समय सारिणी और किराए की घोषणा की जाएगी।

प्रदेश में शुरू होंगी 40 नई आईटीआई, अलग-अलग पाठ्यक्रम में बढ़ने जा रही हैं 16 हजार सीटें

लखनऊ। प्रदेश में युवाओं को बेहतर प्रशिक्षण देकर रोजगार के लिए तैयार करने की कवायद को गति दी जा रही है। इस क्रम में 28 से अधिक नई आईटीआई बनकर तैयार हैं। जबकि 15 से ज्यादा अधूरी आईटीआई का भी निर्माण कार्य पूरा कराया गया है। इस तरह नए सत्र में 40 से अधिक नई आईटीआई में नए सत्र 2026-27 में प्रवेश शुरू किया जाएगा।

प्रदेश के युवाओं को आईटीआई के माध्यम से बेहतर कौशल प्रशिक्षण देकर रोजगार के लिए तैयार करने का काम चल रहा है। इसके तहत दो चरणों में दो सौ से ज्यादा आईटीआई को टाटा के सहयोग से अपग्रेड किया गया है। यहां पर अत्याधुनिक मशीनों के माध्यम से युवाओं को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इसी क्रम में अप्रैल-मई में नए सत्र 2026-27 की प्रवेश प्रक्रिया भी शुरू हो रही है।

इसे देखते हुए व्यावसायिक शिक्षा विभाग की ओर से 28 नई बनकर तैयार आईटीआई में भी प्रवेश प्रक्रिया शुरू करने का निर्णय लिया है। वहीं अल्पसंख्यक कल्याण विभाग के सहयोग से 15 अधूरी आईटीआई का भी निर्माण पूरा कराकर यहां पढ़ाई शुरू कराने का निर्णय लिया गया है। व्यावसायिक शिक्षा एवं कौशल विकास विभाग के प्रमुख सचिव डॉ. हरिओम ने बताया कि प्रति आईटीआई में लगभग 400 कुल 16 हजार सीटें युवाओं के लिए बढ़ जाएंगी। ऐसे में नए सत्र में युवाओं को कम शुल्क में बेहतर प्रशिक्षण के लिए और अवसर बढ़ जाएंगे।

इन जिलों में शुरू होंगी आईटीआई

देवरिया में दो, अयोध्या, अमरोहा, कानपुर देहात, आगरा में एक-एक, संतकबीरनगर में दो, प्रतापगढ़, गोरखपुर, कासगंज में एक-एक, मुजफ्फरनगर व अमेठी में दो-दो, बिजनौर, हाथरस, बस्ती, एटा में एक-एक, सिद्धार्थनगर में चार, श्रावस्ती, इटावा, प्रतापगढ़, चंदौली, औरैया में एक-एक नई आईटीआई में प्रवेश शुरू होंगे।

प्रधानाध्यापक व अनुदेशक भी रखेंगे

नई आईटीआई में प्रधानाध्यापक व अनुदेशक आदि पदों पर भर्ती के लिए प्रक्रिया भी विभाग ने शुरू कर दी है। विभाग के अनुसार 28 प्रधानाध्यापक, 28 कार्यदेशक, 720 से ज्यादा अनुदेशक, वरिष्ठ सहायक, कनिष्ठ सहायक, भंडारी, चपरासी, परिचर, माली आदि के पदों को स्वीकृत कराने के साथ ही नियुक्ति प्रक्रिया पूरी कराई जाएगी।

मोबाइल फोन चोरी के बाद खाते से निकल गए 3.23 लाख रुपए,

कार्यालय जागरण मोर्चा

आलमबाग बारावीरवा चौराहे से बीते एक माह पूर्व एक यात्री का भीड़भाड़ में मोबाइल फोन चोरी हो गया था जिसके बाद कई बार खाते से लाखों रुपए निकल गए । जिसकी जानकारी होने पर पीड़ित ने साइबर सेल में शिकायत कर ऑनलाइन शिकायत के बाद मानक नगर थाने पर शिकायत की है। शहीद पथ स्थित अम्बेडकर विश्विद्यालय में रहने वाले अजय बहादुर के अनुसार बीते माह 13 फरवरी की सुबह करीब 9 बजे वह मैनपुरी अपनी गांव जाने के लिए बारावीरवा चौराहा पहुंचे थे अत्यधिक भीड़ होने के कारण किसी ने उनका मोबाइल फोन चोरी कर लिया था जिसपर उन्होंने तुरंत अपने बेटे को जानकारी दे अपना सिम कार्ड बंद करवा दिया था चार बाद 17 फरवरी को वह गांव से वापस लौटे। पीड़ित के अनुसार जब वह 23 फरवरी को सीडीएस कैंटीन से सामान लेने के बाद अपने मोबाइल से भुगतान करने लगे तो पेमेंट नहीं हुआ जब उन्होंने ने अपने पीएनबी खाते की जानकारी ली तो मालूम हुआ कि खाते 3.23 लाख रुपए का ट्रांसफर करा लिया गया है। पीड़ित ने साइबर सेल, ऑनलाइन शिकायत दर्ज कराने के बाद मानकआशियाना इंस्पेक्टर छत्रपाल सिंह के अनुसार पीड़ित की शिकायत पर मंगलवार को आईटी एक्ट की धारा में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

नगर निगम का अतिक्रमण हटाओ अभियान तेज, कई स्थानों पर बड़ी कार्रवाई

कार्यालय जागरण मोर्चा

लखनऊ। नगर निगम द्वारा बुधवार को व्यापक एवं सघन अतिक्रमण विरोधी अभियान चलाया गया। यह अभियान नगर आयुक्त गौरव कुमार के निर्देश पर संचालित किया गया।

इसी क्रम में जोन-4 की जोनल अधिकारी शिल्पा कुमारी (सहायक नगर आयुक्त) के नेतृत्व में समता मूलक चौराहे से लोहिया अस्पताल, हैनीमैन चौराहा, मैक्स अस्पताल के आसपास तथा चंदन अस्पताल से 1090 चौराहे तक विशेष अभियान चलाया गया। इस दौरान नगर निगम की प्रवर्तन टीम एवं पुलिस बल की संयुक्त कार्रवाई में अवैध अतिक्रमण को हटाया गया और बाधित यातायात को सुचारू किया गया। अभियान के दौरान लगभग 7 ठेले, 1 ठेलिया, 6 काउंटर, 2 गैस सिलेंडर, 12 बेंच, 1 मेज एवं 2 पानी के आइस बॉक्स जब्त किए गए। यह कार्रवाई प्रवर्तन दल-296 एवं कर अधीक्षक बनारसी दास की निगरानी में संपन्न हुई।

वहीं, जोन-7 में जोनल अधिकारी रामेश्वर प्रसाद के नेतृत्व में मटियारी चौराहे के आसपास नालियों, नालों और सड़कों की दोनों पट्टियों पर किए गए अतिक्रमण के विरुद्ध अभियान चलाया गया। इस दौरान 1 गैस सिलेंडर एवं 4 प्लास्टिक कुर्सियां जब्त की गईं। अभियान में कर अधीक्षक श्री विनय मौर्य, ईटीएफ टीम एवं प्रवर्तन दल-296 की सक्रिय सहभागिता रही।

महापौर से मिले नामित पार्षद, नगर विकास पर हुई सार्थक चर्चा

कार्यालय जागरण मोर्चा

लखनऊ। बालाकदर रोड स्थित महापौर कैंप कार्यालय पर बुधवार को नामित पार्षद रूपचंद्र अग्रवाल, पुरुषोत्तम पुरी, नेहा सिंह राठौर, किशन पाल एवं अखिलेश गिरी का आगमन हुआ। इस दौरान सभी नामित पार्षदों ने महापौर सुषमा खर्कवाल से शिष्टाचार भेंट की। महापौर सुषमा खर्कवाल ने सभी नवनियुक्त पार्षदों को उनके नामांकन पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि यह दायित्व जनसेवा का एक महत्वपूर्ण अवसर है और सभी पार्षद अपने-अपने क्षेत्रों में सक्रिय भूमिका निभाते हुए नागरिकों की समस्याओं के समाधान हेतु कार्य करें। भेंट के दौरान नगर के विकास, स्वच्छता, जलापूर्ति एवं आधारभूत सुविधाओं से जुड़े विषयों पर भी चर्चा हुई। महापौर ने पार्षदों से अपेक्षा जताई कि वे नगर निगम के साथ समन्वय बनाकर कार्य करें, जिससे शहर के समग्र विकास को गति मिल सके।

अवैध प्लास्टिक व गंदगी पर नगर निगम की सख्ती

कार्यालय जागरण मोर्चा

लखनऊ। नगर आयुक्त गौरव कुमार के निर्देश पर नगर निगम द्वारा बुधवार को शहर के विभिन्न जोनों में सिंगल यूज प्लास्टिक के उपयोग और गंदगी फैलाने वालों के खिलाफ सघन अभियान चलाया गया।

इसी क्रम में जोन-03 के अंतर्गत जोनल अधिकारी जोन 3 मनोज यादव के निर्देशन में सेन्ट मेरी अस्पताल से नहर रोड तक विशेष अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान गंदगी फैलाने वाले व्यक्तियों के खिलाफ कुल 7 चालान काटे गए, जिनके माध्यम से 9,000 की वसूली की गई। वहीं सिंगल यूज प्लास्टिक (पॉलीथीन) के उपयोग पर प्रतिबंध का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध 6 चालान किए गए,

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
जागरण मोर्चा
क्लासीफाइड
विज्ञापन दर
रू. 400/*- Size 40 Sqcm (Colour)
* नियम एवं शर्तें लागू
विज्ञापन बुकिंग हेतु सम्पर्क करें
7579849555, 9627739857, 9411916020, 9997745413

जागरण मोर्चा राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक स्वामी, किरन दीक्षित के लिए प्रकाशक, मुद्रक, मनोज कुमार दीक्षित द्वारा लक्ष्य प्रिन्टर्स 158/ 4 भानमती चौराहा मॉडल हाउस हुसैनगंज लखनऊ, (उ०प्र०) से मुद्रित एवं मीडिया हाउस 20ए शिवाजीमार्ग हुसैनगंज लखनऊ, (उ०प्र०) से प्रकाशित । सम्पादक योगेश कुमार वर्मा मो0- 7579849555,9627739857 E-mail: www.jagranmorchadaily@gmail.com RNI.No.-UPHIN/2022/82743 समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ मान्य होगा ।